रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹73000 10 ग्राम
₹97000 01 किलो
सेंसेक्स 81,510.05 +1.59
डॉलर 84.872 +0.037

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 11 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 306, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 हरभजन सिंह ने रोहित को नंबर छह...

## एक नजर

### कोर्ट ने प्रबंध निदेशक और पूर्व निदेशक को ठहराया दोषी

**रांची।** सीबीआई की एक विशेष अदालत ने सोमवार को झारखंड में बृंदा, सिसई और मेराल कोयला ब्लॉकों के आवंटन से संबंधित कोयला घोटाला मामले में अभिजीत इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार जायसवाल और इसके पूर्व निदेशक रमेश कुमार जायसवाल को दोषी ठहराया है। विशेष न्यायाधीश अरुण भारद्वाज ने नागपुर स्थित अभिजीत इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड (एआईपीएल), इसके प्रबंध निदेशक मनोज कुमार जायसवाल और पूर्व निदेशक रमेश कुमार जायसवाल को धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और जाली दस्तावेजों को असली के रूप में इस्तेमाल करने के लिए दोषी ठहराया। उनकी सजा बाद में सुनाई जाएगी।

### कोल स्कैम मामले में सीबीआई की जांच में बड़ा खुलासा

**रांची।** कोल स्कैम मामले में सीबीआई की जांच में महत्वपूर्ण खुलासा हुआ है। सीबीआई की जांच में पता चला है कि अभिजीत इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने कोयला ब्लॉक हासिल करने के लिए अधिकारियों के साथ मिलकर हजारीबाग में निजी जमीन की खरीद का फर्जी दस्तावेज पेश किया था। इसके अलावा, प्लांट के लिए मशीनरी की खरीद और बैंकों के साथ वित्तीय गठजोड़ से संबंधित जाली दस्तावेजों की फोटोकॉपी भी प्रस्तुत की गई थी। इन जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कोयला ब्लॉकों का आवंटन हासिल करने के लिए किया गया था।

### रास सभापति के खिलाफ इंडी गठबंधन का अविश्वास प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** इंडी गठबंधन (आईएनडीआईए) ने मंगलवार को उच्च सदन के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इसमें उन पर सदन में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, यह प्रस्ताव बहुमत न होने के कारण गिर जाएगा, लेकिन देश के इतिहास में यह पहला मौका है, जब किसी सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है। इस प्रस्ताव पर समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस समेत 71 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 67बी के तहत पेश किया गया है। इसके तहत 50 सांसदों का अविश्वास प्रस्ताव पर एक राय होना अनिवार्य है।

**जरूरी सूचना**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

# रबींद्र नाथ महतो ने रचा इतिहास दूसरी बार बने विधानसभा अध्यक्ष

**मुख्यमंत्री हेमंत और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल ने सम्मानपूर्वक आसान पर बैठाया**

**सुनील बादल**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन कार्यवाही के दौरान सबसे पहले विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव हुआ और रबींद्र नाथ महतो को सर्वसम्मति से दूसरी बार झारखंड विधानसभा का स्पीकर चुन लिया गया। मंगलवार को निर्धारित समय तक विधानसभा सचिव के समक्ष अध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर पक्ष-विपक्ष से कुल सात सेट में प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। सीएम हेमंत सोरेन ने प्रस्ताव रखा। मथुरा महतो ने प्रस्ताव का समर्थन किया। सभी सेट में रबींद्र नाथ महतो का नाम प्रस्तावित किया गया। प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने सदन को इन सभी प्रस्तावों की जानकारी देते हुए सर्वमत से उनके निर्वाचन की घोषणा की। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के वरिष्ठ विधायक बाबूलाल मरांडी ने उन्हें सम्मानपूर्वक स्पीकर की कुर्सी पर आसीन कराया। विधानसभा अध्यक्ष के रूप में दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर रबींद्र नाथ महतो ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों, सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रमुख शिबू सोरेन ने जिन सपनों को लेकर आंदोलन की लंबी लड़ाई लड़ी, उसे पूरा करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

विस अध्यक्ष ने कहा, मैं सदन के सदस्यों से आग्रह करना चाहूंगा कि लोक कल्याण के लिए ऐसी नीतियां बनाएं, ऐसे कानून बनाएं, ऐसे अधिनियम बनाएं, जिससे समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित वर्गों का उत्थान हो सके। उन्होंने कहा कि गांधी के जरिये देखे गए सपनों के अनुरूप अंतिम व्यक्ति के जीवन में सामाजिक, आर्थिक उत्थान हो सके। उन्होंने कहा, मेरी कोशिश होगी कि मैं सभी सदस्यों को पर्याप्त समय दूं, पर्याप्त अवसर दूं। यह सदन सभी पक्षों के विचारों वाली सदन हो। सभी पक्षों के विचार यहां आने चाहिए। सहमति और असहमति हमारे लोकतंत्र की ताकत है। हम अलग-अलग विचारधाराओं से चुनकर आते हैं। हालांकि, अलग-अलग विचारधाराओं के बाद भी राज्य का हित सर्वोपरि हैं।

महतो ने कहा कि सदन पक्ष और विपक्ष दोंनों से मिलकर चलता है। विपक्ष सरकार का आईना होता है। लोकतंत्र की यही ताकत है कि सबकी बातें सुनी जाए। सहमति से सदन चले और मेरी अपेक्षा है कि मैं सबकी सहमति से सदन चलाऊं। मैं प्रयास करूंगा कि उन्ही भावनाओं से आप सबका विचार सदन में आए और मैं निष्पक्ष रूप से सदन का संचालन कर सकूं, लेकिन आप सबों से मेरी यह अपेक्षा रहेगी कि सदन निर्बाध रूप से चले। उन्होंने कहा, हमलोग यहां पर चुनकर आते हैं और जनता की बहुत सारी अपेक्षाओं के साथ चुनकर आते हैं। साढ़े तीन करोड़ जनता की इस सदन से आशाएं बंधी हैं कि उनके हित में और उनके लिए इस महापंचायत से समुचित कार्य हो। इसके साथ विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार (11 दिसंबर) 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**लगातार तीसरी बार जीते :** 65 वर्षीय रबींद्र नाथ महतो संथाल परगना प्रमंडल की नाला विधानसभा सीट से लगातार तीसरी बार जीतकर सदन पहुंचे हैं। झारखंड में यह मिथ रहा है कि स्पीकर के पद पर रहते हुए कोई भी जनप्रतिनिधि विधानसभा का चुनाव नहीं जीत पाता है। महतो इस मिथक को तोड़ने वाले पहले जनप्रतिनिधि बन गए हैं। उन्होंने पहली बार 2005 में नाला विधानसभा सीट से जीत दर्ज की थी, लेकिन इसके बाद 2009 में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था। इसके बाद 2014, 2019 और 2024 के चुनावों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी के तौर पर उन्होंने लगातार जीत हासिल की।

**बोले विस अध्यक्ष-** सदन पक्ष और विपक्ष दोंनों से मिलकर चलता है, विपक्ष सरकार का आईना होता है, लोकतंत्र की यही ताकत है कि सबकी बातें सुनी जाए



### सीएम समेत पक्ष-विपक्ष के नेताओं ने दी शुभकामनाएं

सीएम हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, भाजपा के वरिष्ठ विधायक बाबूलाल मरांडी, राजद के सुरेश पासवान, सीपीआई एमएल के अरूप चटर्जी, जदयू के सरयू राय, लोजपा के जनार्दन पासवान, आजसू पार्टी के निर्मल महतो और जेएलकेएम के जयराम महतो ने अपने वक्तव्यों में नवनिर्वाचित स्पीकर को शुभकामनाएं दीं। सभी ने रबींद्र नाथ महतो के व्यक्तित्व की सराहना की। सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जाने पर सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी पार्टी और सत्ता पक्ष की ओर से शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आपने सदन की गरिमा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि मुझे आप सभी से अपेक्षा है कि सदन निर्बाध रूप से चले, सदन में गतिरोध ना हो। सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जाने पर रबींद्र नाथ महतो ने सभी दलों के प्रति आभार व्यक्त किया। निर्विरोध स्पीकर चुने जाने पर बाबूलाल मरांडी ने रबींद्र नाथ महतो को शुभकामनाएं दी। संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने रबींद्र नाथ महतो के निर्विरोध स्पीकर चुने जाने पर सभी सदस्यों की ओर से शुभकामनाएं दी। प्रतिपक्षी दलों के नेताओं ने उम्मीद जताई कि स्पीकर पक्ष-विपक्ष सभी दलों को समान दृष्टि से देखेंगे।

### राज्यपाल का अभिभाषण आज, द्वितीय अनुपूरक बजट भी आएगा

**रांची।** विधानसभा सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण के साथ शुरू होगी। इसके बाद राज्य सरकार के जरिये सदन के पटल पर चालू वित्तीय वर्ष के द्वितीय अनुपूरक बजट को लाया जाएगा। अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद इसे पारित करने की कार्यवाही होगी। इसके अलावा हेमंत सरकार सदन में बहुमत साबित करने का काम करेगी। चार दिनों का यह सत्र राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद 12 दिसंबर को समाप्त होगा।

### राज्य के सर्वांगीण विकास में विपक्ष की भी भूमिका अहम : मुख्यमंत्री

**रांची।** झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को रबींद्र नाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष की भी भूमिका है। चुनाव में जनता के निर्णय का सम्मान करना चाहिए। साथ ही, कहा कि महान विभूतियों के सपने को सकार करने में भूमिका निभानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यह देश के महान विभूतियों के समर्पण और त्याग का परिणाम है। कहीं न कहीं हमारे इस लोकतंत्र का लोहा पूरी दुनिया मानता है। अलग-अलग रंग, बोली, सभ्यता-संस्कृति एक साथ मिलकर एक समूह में रहकर अपनी हर समस्या का समाधान करते हैं। आज उन महान विभूतियों के विचारों को देश आजाद होने से अब तक सम्मान करते आए हैं। उनके विचारों को अपने कंधों पर लेकर निरंतर इस लोकतंत्र को और मजबूत करने में लगे हैं।



### विपक्षी सदस्यों को थोड़ा अधिक अवसर दें : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी ने रबींद्र नाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से अपील करते हुए कहा कि विपक्षी सदस्यों को थोड़ा अधिक अवसर दें। उन्होंने कहा, आग्रह है कि कोई भी विधायक जब सदन में मामला उठाए तो उसका समाधान हो। सदन के कस्टोडियन के नाते सभी को अवसर दें। नवनिर्वाचित सदस्यों को भी सदन में भरपूर अवसर दें। इससे राज्य की ज्वलंत समस्याओं की पहचान और समाधान में सरकार को भी मदद मिलेगी। मरांडी मंगलवार को सदन में बोल रहे थे।



# कोलकाता एयरपोर्ट पर फंसीं डॉ भारती कश्यप

- कहा, अन्य यात्री के साथ डॉरमेट्री में रुकने का दिया गया प्रस्ताव
- एयरलाइन कर्मचारियों ने उन्हें और अन्य यात्रियों को घंटों कराया इंतजार

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची/कोलकाता ।** 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित डॉ भारती कश्यप ने कोलकाता एयरपोर्ट पर एक एयरलाइन के कर्मचारियों पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। डॉ कश्यप ने कहा, खराब मौसम के कारण उनकी बागडोगरा जाने वाली फ्लाइट रद्द हो गई थी, जिसके बाद इंडिगो एयरलाइन के कर्मचारियों ने उन्हें और अन्य यात्रियों को घंटों इंतजार कराया। डॉ कश्यप रांची की प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं। वे झारखंड की राजधानी रांची से कोलकाता होते हुए बागडोगरा जा रही थीं। उन्होंने बताया, कोलकाता एयरपोर्ट पर दिन में 10:45 बजे पहुंचे, जहां हमारी फ्लाइट एक घंटे की देरी से आई। इसके बाद पता चला कि बागडोगरा की फ्लाइट रद्द कर दी गई है। रांची से डॉ कश्यप से जब मोबाइल फोन पर बात की गई, तो उन्होंने आरोप लगाया कि एयरलाइन ने उन्हें शाम की फ्लाइट में भी जगह नहीं दी और यात्रियों को कई घंटों तक बिना किसी सुविधा के इंतजार कराया। उन्होंने बताया, हमें दोपहर 12:45 बजे की फ्लाइट से बागडोगरा जाना था, जिसे रद्द कर दिया गया। लंबे इंतजार के बाद खाना और चाय की व्यवस्था की गई।

शेष पेज 11 पर...

### 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित हैं डॉ कश्यप



डॉ भारती कश्यप ने झारखंड के ग्रामीण इलाकों में 'आंखों के दान जागरूकता अभियान' और 'युवा ग्रामीण झारखंड के लिए दृष्टि अभियान' के जरिए हजारों लोगों की जिंदगी बदली है, उन्हें नई रोशनी दी है। वह नक्सल प्रभावित इलाकों में नेत्र जांच शिविर आयोजित कर वंचित बच्चों और युवाओं की मदद कर रही हैं। उनके कार्य के लिए उन्हें 'नारी शक्ति पुरस्कार' से राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया है।

#### डॉ भारती की उपलब्धियां

- पीएम नरेंद्र मोदी की प्रथम चाय पे चर्चा में शामिल हुईं।
- राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय नारी शक्ति पुरस्कार 2017 से सम्मानित।
- आईएमए के कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित।
- अमेरिका में वर्ष 2018 में सर्विस बियांड बॉर्डर्स यूएसए का सम्मान मिला।
- अमेरिका में वर्ष 2017 में अमेरिकन सोसाइटी ऑफ कैटरेक्ट एंड रेफ्रैक्टिव सर्जरी का विशेष ह्यूमैनीटेरियन आई केयर पुरस्कार।
- 2018 में ब्रिटिश एक्सीलेंस अवार्ड।
- राज्य के बीस लाख गरीब बच्चों का 'मोबाइल विजन सेंटर' मॉडल द्वारा मुफ्त इलाज।
- सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन के लिए बनाए गए झारखंड मॉडल के जरिए 4.5 लाख से अधिक महिलाओं की जांच और गर्भाशय के रीवा की सूजन से ग्रसित महिलाओं का मुफ्त इलाज।
- पूरे झारखंड की महिला चिकित्सकों को प्रशिक्षण।
- नेत्र के इलाज में झारखंड को देश में सबसे आगे लाना।
- बिहार-झारखंड का पहला नेत्रदान एवं नेत्र प्रत्यारोपण का श्रेय।
- 2024 में 11 महीने में 107 नेत्र प्रत्यारोपण, जबकि पूरे झारखंड राज्य को आई बैंक एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 150 नेत्र प्रत्यारोपण का सालाना लक्ष्य दिया गया है।

शेष पेज 11 पर...

# 12वीं बाद किसी भी विषय में सीयूईटी-यूजी के लिए उपस्थित होने की अनुमति


**आरपी सिंह**

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) यूजी परीक्षा में कई बदलाव किए हैं, जो कि सत्र 2025 से देखने को मिलेंगे। इस बारे में यूजीसी प्रमुख जगदीश कुमार ने बताया कि छात्रों को कक्षा 12वीं में पढ़े गए विषयों की परवाह किए बिना किसी भी विषय में सीयूईटी-यूजी के लिए उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही, यह परीक्षा अब केवल कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएगी।

यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि वर्ष 2025 से छात्र सीयूईटी-यूजी में अधिकतम पांच विषयों की परीक्षा दे सकेंगे। सभी सीयूईटी-यूजी परीक्षाओं की अवधि 60 मिनट होगी। इसके साथ ही परीक्षा में वैकल्पिक प्रश्नों की अवधारणा को भी समाप्त कर दिया गया है और अब सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे।

2025 सत्र से सीयूईटी-यूजी 37 के बजाय 63 विषयों में आयोजित की जाएगी। हटाए गए विषयों के लिए प्रवेश सामान्य योग्यता परीक्षा (जीएटी) के अंकों के आधार पर आयोजित किए जाएंगे। यूजीसी ने सीयूईटी यूजी (अंडर ग्रेजुएट) और पीजी (पोस्ट ग्रेजुएट) के संचालन की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। इस पैनल द्वारा की गई समीक्षा के बाद ये बदलाव किए गए हैं।

यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि आयोग जल्द ही सीयूईटी-यूजी और सीयूईटी-पीजी 2025 आयोजित करने के लिए संशोधित दिशा-निर्देशों का विवरण देते हुए एक मसौदा प्रस्ताव जारी करेगा, जिसमें छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और संस्थानों से फीडबैक और सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। सीयूईटी परीक्षा की शुरुआत वर्ष 2022 से हुई थी। इससे पहले इसका आयोजन सीयूसीईटी नाम से किया जाता था। वर्ष 2022 में सीयूईटी अपने पहले संस्करण के आयोजन के दौरान तकनीकी गड़बड़ियों से ग्रस्त थी। एक ही विषय के लिए कई शिफ्टों में परीक्षा आयोजित करने के कारण परिणाम की घोषणा से पहले अभ्यर्थियों के अंकों को सामान्य करना पड़ा था। वर्ष 2024 में पहली बार हाइब्रिड मोड में परीक्षा आयोजित की गई थी। इसे लॉजिस्टिक कारणों का हवाला देते हुए आयोजित होने से एक रात पहले दिल्ली भर में रद्द कर दिया गया था।



- वैकल्पिक प्रश्नों को भी हटाया गया
- छात्र अधिकतम 5 विषयों की परीक्षा दे सकेंगे

# इंडिया: आ गया धुंधलके का जानलेवा मौसम, सावधानी ही बचाव है



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

जाड़े का मौसम आ गया और इस समय कोहरे की वजह से गाड़ी ड्राइव करने वाले लोगों को धुंधलके की समस्या से जूझना पड़ता है। झारखंड में आम तौर पर दिन में धूप निकलने से बहुत परेशानी नहीं होती पर प्रदूषण या बारिश के कारण सड़कों पर धुंधलके की समस्या रहती है जिस कारण हमें घर से निकलते समय ही कोहरे के बारे में सचेत रहना चाहिए।रोड एक्सीडेंट्स इन इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर घंटे करीब 53 सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं। 2022 में देश में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए थे जिनमें 1,68,491 लोगों ने अपनी जानें गंवाई थी जबकि लगभग 4.43 लाख लोग घायल हुए थे।रिपोर्ट के अनुसार, जहां देश में 2022 के दौरान कोहरा और धुंध भरे वातावरण में 34,262 हादसे हुए हैं, वहीं साफ दिन में इनकी संख्या 3,42,516 दर्ज की गई थी, वहीं बारिश के मौसम में करीब 38,329 हादसे हुए थे। इसी तरह 1,19,585 लोगों की मौत साफ दिनों के दौरान हुई थी। कोहरे में अगर आप बाइक या कार लेकर घर से निकल रहे हैं, तो हमें अपनी गाड़ी की हेडलाइट को अपर मोड पर रखना चाहिए । कोहरे में गाड़ी चलाते समय स्पीड 40 किमी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए क्योंकि तेज स्पीड में गाड़ी को संभालना मुश्किल होता है, जिससे एक्सीडेंट होता है।घर से निकलते वक्त यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कार और बाइक की सभी लाइटें काम कर रही हैं या नहीं। बाइक,कार या कोई भी गाड़ी चलाते समय ब्रेक लाइट,टेल लाइट और इंडीकेटर का इस्तेमाल करना चाहिए और देखना चाहिए कि वे काम कर रही हों ।कई बार टेल लाइट (पीछे की लाइट) का बल्ब फ्यूज हो जाता है जिसे बदलने में 10 रुपए का खर्च आता है पर लोग नहीं बदलवाते जिससे उनके पीछे की गाड़ी उन्हें ठीक से देख नहीं पाती और दुर्घटना होती हैं । कोहरे में कार या बाइक ड्राइव करते समय पार्किंग लाइट भी चालू रखें। इससे आगे और पीछे से आ रही गाड़ी के ड्राइवर को आपकी गाड़ी की साइज समझने में आसानी होती है।गाड़ियों में रिफ्लेक्टर बेल्ट का लगा होना जरूरी है। खासकर ट्रक और ट्रेक्टर के ट्रेलर पर लगा होना चाहिए। क्योंकि ये लोडिंग वाहनों में शामिल होते हैं और कहीं पर पार्क कर दिए जाते हैं। अगर इन पर रिफ्लेक्टर बेल्ट लगा होगा तो बाइक और कार ड्राइवर को यह आसानी से नजर आ जाते हैं।अगर आप ऑफिस, दुकान खोलने या दूसरे काम के लिए सुबह-सुबह जा रहे हैं, तो इसके लिए टाइम मैनेजमेंट जरूरी है। अगर समय से पहले घर से निकलेंगे तो तेज ड्राइविंग नहीं करेंगे। इससे दुर्घटना का खतरा कम हो जाता है।कोहरे के समय बायपास, सुपर-कॉरिडोर या नेशनल हाइवे पर गाड़ी चलाते वक्त हमें लेन सिस्टम के बारे में जानकारी होनी चाहिए । लेन 1 ट्रक या बड़ी गाड़ियों के लिए होते हैं। इसमें ड्राइवर यह मानकर चलते है कि उनके लेन पर कोई दूसरा वाहन नहीं आएगा। इस समय इन गाड़ियों की स्पीड 80 किमी होती है। वहीं लेन-2 (सेंट्रल लेन) पर कार को चलाना चाहिए, इसकी स्पीड 40-60 किमी के बीच रखना चाहिए और लेन-3 जो सड़क के लेफ्ट साइड में होता है, उस पर बाइक या टू व्हीलर वाहन चलाना चाहिए। इसकी स्पीड 40 से ऊपर नहीं होना चाहिए।कोहरे के समय आप अगर कार से सफर कर रहे हैं। तो सावधानी बरतना जरूरी होती है। इस दौरान हमें तेज ड्राइविंग से बचना चाहिए। हैडलाइट को हमेशा अपर साइड पर चालू रखना चाहिए। अगर ओवरटेक कर रहे हैं तो अपर मोड का इस्तेमाल करें।अगर सामने से किसी गाड़ी को क्रॉस कर रहे हैं तो हैडलाइट को डिपर करें। अक्सर हाईवे पर बड़े वाहन अपर-डिपर से इंस्ट्रक्शन समझते हैं। उन्हें कई बार हॉर्न नहीं सुनाई देता है। इसके अलावा अगर हम हाईवे पर सफर कर रहे हैं तो हमें लेन सिस्टम का पालन करना चाहिए। कार में बैठते वक्त सीट बेल्ट जरूर लगाएं, जिससे पावर ब्रेक लगाने में आसानी होती है। एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आप बाइक से जा रहे हैं तो सबसे पहले बेल्ट लगाकर हेलमेट, ग्लव्स पहनें और समय से निकले, जिससे तेज ड्राइविंग न करनी पड़े। गाड़ी की स्पीड स्लो रखें और रोड के लेफ्ट साइड में गाड़ी चलाएं। वहीं बड़े वाहनों को ओवरटेक करने से बचें। इसके अलावा टर्न लेते वक्त इंडीकेटर का इस्तेमाल करते रहें।केंद्र सरकार की एनएचआई को राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य सरकारों को अपने राज्य राजमार्गों सहित सभी रास्तों के रिफ्लेक्टर और सफ़ेद पीली पट्टियों की रंगाई पुताई पर इस मौसम में विशेष ध्यान रखना चाहिए जो धूल या प्रदूषण से धुंधली पड़ जाती हैं । रांची हजारीबाग फोर लेन सड़क सहित अनेक मार्गों में डिवाइडर पर गाड़ी चढ़ने के बाद घातक दुर्घटनाओं का यही कारण है । अनेक सड़कों में खतरनाक टूट फूट भी है जिसे तुरंत ठीक किया जाना चाहिए ।



जयराम ने सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों का मुद्दा उठाया, कहा

# मैं छात्र आंदोलन से पहचान बनाकर आया हूं



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को जेएलकेएम के विधायक जयराम महतो ने अपने पहले भाषण में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों का मुद्दा उठाया।

जयराम महतो ने सदन में कहा कि उन्होंने छात्र आंदोलन के माध्यम से पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि झारखंड के लाखों अभ्यर्थी सड़कों पर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि वह सदन से बाहर आकर उन अभ्यर्थियों से मिले। वो आपके ही बच्चे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत उन्हें संतुष्ट करें और उनकी बातों को सुनें।

जयराम ने इस दौरान अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे मजदूरों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य के 45 मजदूर कैमरून में फंसे हैं। उनकी सकुशल वापसी की मांग की है। जयराम नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो को धन्यवाद देने के लिए खड़े हुए थे और इस दौरान इन मुद्दों को उठाया।

इसके अलावा राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, कम्युनिस्ट पार्टी और निरसा के विधायक अरुप चटर्जी, जदयू के वरिष्ठ विधायक सरयू राय सहित अन्य ने भी स्पीकर को बधाई दी और सदन को पिछली बार की तरह उनके अनुभव का लाभ मिलने की बात कही।

चमरा लिंडा ने मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स कार्यालय का किया भ्रमण

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाना प्राथमिकता : मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स कार्यालय का भ्रमण किया। मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा सहित अन्य अधिकारियों ने उनका अभिवादन किया। लिंडा ने कल्याण परिसर के सभी कार्यालयों के सभी कर्मियों से परिचय लिया तथा विभाग के जरिये संचालित सभी योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की जानकारी ली।



इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के जरिये संचालित सभी योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ ससमय पूरी पारदर्शिता के साथ लाभुकों तक पहुंचे। इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्यों का संपादन करें। सभी प्रकार की छात्रवृत्ति राशि का वितरण, साइकिल वितरण, मुख्यमंत्री रोजगर सृजन सहित विभाग के जरिये चलाए जा रहे अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्र गरीब जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य के भीतर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के बच्चों को भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का समान अवसर प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर राज्य के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, प्रबन्ध निदेशक नेलसम बागे, प्रबंध निदेशक सुधीर बारा, टी आर आई से उपनिदेशक मोनिका टूटी सहित अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सीएम व कल्पना से मिले सांसद नलिन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सांसद नलिन सोरेन तथा उनके परिजनों ने मुलाकात की। साथ ही उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मुख्यमंत्री हेमंत से मिली वृंदा करात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### चेक बाउंस मामले में महिला की सजा बरकरार, अपील खारिज




**रांची।** प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता हटिया निवासी मनोज कुमार श्रीवास्तव की पत्नी रजनी श्रीवास्तव की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने अपीलकर्ता के विरूद्ध दोषसिद्धि के निर्णय और सजा के आदेश की पुष्टि कर दी है। इससे सजायाफ्ता को झटका लगा है। रजनी श्रीवास्तव को न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडे की अदालत ने शिकायतवाद संख्या 4332/22 मामले में दोषी पाकर 12 सितंबर को एक साल की सजा और 9 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। जेएम कोर्ट से सुनाई गई सजा को चुनौती देते हुए सजायाफ्ता ने न्यायायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई के पश्चात अदालत ने सजा को बरकरार रखा और अपील को खारिज कर दी। श्रीराम इंटरप्राइजेज के मालिक देवाशीष पाल ने 5 लाख रुपए का चेक बाउंस मामले में 29 जनवरी 2022 को केस किया था।

### रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित नौ आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ी



**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री करने से जुड़े मामले में जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की हिरासत अवधि धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) कोर्ट ने बढ़ा दी है। इससे पूर्व मामले में जेल में बंद नौ आरोपितों को कोर्ट में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अगली पेशी की तारीख दो जनवरी निर्धारित की गई है। अदालत ने छवि रंजन, कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन दलाल बरियातू के मिल्लत कालोनी निवासी रिम्स का कर्मी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, डोरंडा के मनी टोला का निवासी इम्तियाज अहमद, बड़ागाईं निवासी मो. सद्दाम हुसैन, तल्हा खान एवं फैयाज अहमद की हिरासत अवधि बढ़ा दी है। एक अन्य आरोपित दिलीप घोष जमानत पर है।

# रबींद्रनाथ महतो को संसदीय कार्य मंत्री ने दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने रबींद्रनाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने मंगलवार को सदन में कहा कि आपकी अध्यक्षता में मिलकर काम करेंगे। संसदीय व्यवस्था की शुचिता दिखेगी। उन्होंने कहा कि आपके जैसे व्यक्तित्व को आसन पर बैठता देख सदन के सभी सदस्य गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पिछले कार्यकाल में मैं सदन का सदस्य नहीं था लेकि मैं आपकी भूमिका से प्रभावित था। विकास की जिन ऊंचाईयों को छूने की परिकल्पना हेमंत सोरेन ने की है, उसे आपकी अध्यक्षता में मिलकर हम सब पूरा करेंगे।

### नवनिर्वाचित सदस्यों को भी सदन में दें भरपूर अवसर : बाबूलाल मरांडी



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी ने रबींद्रनाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से अपील करते हुए कहा कि विपक्षी सदस्यों को थोड़ा अधिक अवसर दें। नवनिर्वाचित सदस्यों को भी सदन में भरपूर अवसर दें। इससे राज्य की ज्वलंत समस्याओं की पहचान और समाधान में सरकार को भी मदद मिलेगी। मरांडी मंगलवार को सदन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी विधायक सदन में मामला उठाये तो उसका समाधान हो। सदन के कस्टोडियन के नाते सभी को अवसर दें।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने विस अध्यक्ष को दी बधाई

झारखंड विधानसभा में सर्वसम्मति से मंगलवार को रबींद्रनाथ महतो को विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किए। साथ ही बधाई और शुभकामनाएं दी।

# सीएम ने कर्नाटक के पूर्व सीएम के निधन पर जताया शोक



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एसएम कृष्णा का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने मंगलवार सुबह बेंगलुरु स्थित घर पर अंतिम सांस ली। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को पोस्ट में लिखा है कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एसएम कृष्णा के निधन की दुःखद सूचना मिली। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति दें।


हाईकोर्ट का आदेश

# राज्य के जेलों में हेल्थ कैंप लगाकर बंदियों का कराएं समुचित इलाज

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए झालसा (झारखंड लीगल सर्विस अथारिटी) एवं डालसा (डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथारिटी) को राज्य के सभी जेलों में हेल्थ कैंप लगाकर बंदियों का समुचित इलाज कराने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद एवं जस्टिस नवनीत कुमार के कोर्ट ने यह आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि मेडिकल जांच में मोतियाबिंद, डाइबीटीज, ब्लड प्रेशर तथा अन्य बीमारियों की चिकित्सीय जांच कराकर समुचित इलाज की व्यवस्था की जाये।

**झालसा ने सभी कारागृह से रिपोर्ट मंगायी है :** बेंच ने यह भी आदेश दिया है कि जेल अदालत के दिन झालसा यह सुनिश्चित करेगा कि मेडिकल जांच



कैंप लगे तथा कोई भी जागरूकता कार्यक्रम जो कारागृह में झालसा एवं डालसा के द्वारा आयोजित किया जायेगा, तो उसमें सभी वृद्ध एवं बीमारियों से ग्रसित बंदियों के लिए निश्चित रूप से मेडिकल जांच कैंप भी आयोजित किया जायेगा। झालसा ने सभी कारागृह से रिपोर्ट मंगायी है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के बंदियों की संख्या 164 है, तथा गंभीर बीमारी से ग्रसित बंदियों की संख्या 11 है। झालसा ने सभी डालसा को दिशा निर्देश दिया है कि उनकी मेडिकल जांच सुनिश्चित करें तथा उन्हें तत्काल आवश्यकतानुसार चिकित्सीय सहायता प्रदान करें।

# आम लोगों के हितों के साथ किसी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं : मंत्री इरफान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के प्राइवेट नर्सिंग होम, हॉस्पिटल और डायग्नोस्टिक सेंटरों की मनमानी पर रोक लगाने की कवायद शुरू कर दी गई है। इस संस्थाओं को कंट्रोल करने के लिए स्टेट लेवल पर नियामक संस्था का गठन किया जाएगा। इसका ऐलान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में की है। उन्होंने कहा कि नियामक संस्था आम नागरिकों के हितों की सुरक्षा के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी भी करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा है कि आम लोगों के हितों के साथ किसी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब गरीब मरीजों को ईलाज के अभाव में जान नहीं गंवानी पड़ेगी।

### नगर विकास मंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से मिले चैंबर के पदधारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड चैंबर आफ कामर्स के पदधारियों ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह व स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात कर उन्हें विभागीय प्रभार ग्रहण करने पर व्यापारियों की ओर से बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल ने विभागों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करते हुए अपने सुझाव से भी अवगत कराया। जिसपर मंत्रीगण ने सकारात्मक विचार के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रायः यह देखा जाता है कि योजना कार्यान्वयन में विलंब के कारण विभाग द्वारा आवंटित बजटीय राशि का समुचित खर्च नहीं किया जाता और अंततः वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात राशि सरेंडर कर दी जाती है। इससे जनहित से जुड़े कार्य प्रभावित होते हैं, विभाग को इसपर गंभीरता से चिंतन करने की जरुरत है।



#### युवाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के मुद्दों पर हुई चर्चा

ग्रामीण स्तर पर रोजगार के सृजन और युवाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। यह आश्वस्त किया गया कि विभाग द्वारा तय किये जानेवाले मॉडल वर्किंग में व्यापारी वर्ग विभाग के साथ सहयोगात्मक भूमिका में रहेंगे। राज्य के विकास में व्यापार और उद्योग जगत की भूमिका को अहम बताते हुए मंत्रिगण ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से विकासात्मक मुद्दों पर कार्रवाई की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार और श्रम उप समिति के चेयरमेन प्रमोद सारस्वत शामिल थे।

कांके प्रखंड सह अंचल कार्यालय का डीसी ने किया औचक निरीक्षण

# सीओ पाए गए अनुपस्थित, शो-कॉज और वेतन रोकने का निर्देश

*प्रखंड के प्रमुख स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था करें : उपायुक्त*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को कांके प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। शाम करीब 04:30 प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचते ही उपायुक्त ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस मंगवाकर पदाधिकारियों / कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। प्रखंड कार्यालय में बारी-बारी से सभी कर्मियों की उपस्थिति जांचते हुए उन्होंने बीडीओ को अनाधिकृत रुप से उपस्थित रहनेवाले कर्मियों पर नियमसंगत कार्रवाई करने के निर्देश दिये। अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी जय कुमार अनुपस्थित पाये गये। उपायुक्त ने अंचल अधिकारी को शो-कॉज करने और वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। कांके अंचल के अमीन रामलाल महतो के 9 एवं 10 दिसंबर 2024 को हेहल अंचल में कार्य किये जाने को सत्यापित करवाने का भी निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी/कर्मी ससमय कार्यालय आयें और पूरी कार्यावधि के दौरान तन्मयता से कार्य करते हुए आमजनों की समस्याओं का निष्पादन करें।



### आम लोगों को न काटना पड़े कार्यालय का चक्कर, समस्याओं का करें त्वरित समाधान

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रखंड तथा अंचल के लॉग बुक, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन तथा अन्य की जांच की गई। मौजूदा एवं पिछले वित्तीय वर्ष में अबुआ आवास का लक्ष्य और कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने त्वरित गति से आवास पूर्ण करवाने के निर्देश दिये। उपायुक्त द्वारा किस्त के भुगतान में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया। अंचल अन्तर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में म्यूटेशन के लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने यथाशीघ्र मामलों का निष्पादन करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी यह सुनिनिश्चत करें कि आमजनों को बेवजह कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े।

### साफ-सफाई का निर्देश

डीसी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने बीडीओ से पानी, बिजली आदि व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर अवस्थित सीडीपीओ, बीएसओ, बीपीओ, सीएससी सहित अन्य पदाधिकारियों/कर्मियों के कार्यस्थल का निरीक्षण करते हुए समुचित साफ-सफाई के निर्देश दिये।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी किया निरीक्षण

डीसी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कांके का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी पालियों में चिकित्सकों/कर्मियों की उपस्थिति की जांच करते हुए सभी को ससमय उपस्थित रहने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य केन्द्र के एंबुलेंस में पर्याप्त ऑक्सीजन की उपलब्धता एवं साफ-सफाई का निर्देश डीसी द्वारा दिया गया। उन्होंने सभी वार्डों में पानी, साफ-सफाई, जेनरेटर, सोलर सिस्टम एवं अन्य व्यवस्था दुरुस्त करने को भी कहा।

### संघ ने रामदास सोरेन को शिक्षा मंत्री बनाये जाने पर दी बधाई

**रांची।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ, पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी की बैठक रा उर्दू बालिका मध्य विद्यालय, हल्दीपोखर में मंगलवार को हुई। संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि रामदास सोरेन को स्कूली शिक्षा एव साक्षरता विभाग का मंत्री बनाया जाना सरकार का बेहतर कदम साबित होगा। कहा कि सोरेन एक मृदुभाषी व्यक्ति होने के साथ झारखंड आंदोलन के अनुभवी व्यक्ति हैं। जिनके अनुभव का सकारात्मक परिणाम शिक्षा विभाग में देखने को मिलेगा। मंत्री रामदास सोरेन के हालिया दिये गये साक्षात्कार में विभिन्न मुद्दों पर त्वरित रूप से संज्ञान में लेते हुए ठोस पहल किये जाने का स्वागत किया गया। पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के कार्यकाल में बंद किये गए विद्यालयों को मंत्री रामदास सोरेन द्वारा पुनः खोले जाने के निर्णय का स्वागत किया गया, क्योंकि छात्र हित में इसका बेहतर परिणाम सामने आयेगा, साथ ही बच्चों को उनके आवास के निकट ही पठन पाठन की सुविधा मिलने के साथ साथ शत प्रतिशत बच्चे विधालय से जुड़ सकेंगे। क्षेत्रीय भाषा अथवा अपनी मातृभाषा में पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने की पहल से आरटीई 2009 का अनुपालन करने की दिशा में ठोस कदम साबित होगा क्योंकि इससे प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाई सुनिश्चित हो सकेगा, इसके साथ ही झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से अपेक्षा रखती है कि जल्द ही वे शिक्षा एवं शिक्षक हित में ठोस कदम उठायेंगे और तमाम लंबित मामलों पर उचित निर्णय लेंगे।

# राज्य सरकार के जनविरोधी कार्यों का विरोध करेगी पार्टी : बाबूलाल



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में भाजपा विधायकदल की बैठक हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित विधायकगण शामिल हुए। बैठक के उपरांत मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी के विधायक राज्य की जनभावनाओं के अनुरूप सदन में अपनी बात रखेंगे। सदन में अनुपूरक बजट की बात हो या फिर राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा पार्टी सरकार की जनविरोधी नीतियों कार्यक्रमों का विरोध करेगी।

उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के अतिरिक्त पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन महापर्व पर भी बैठक में विधायकगण से विस्तृत चर्चा हुई तथा सभी की भागीदारी इसमें बढ़ाने की का निर्णय हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा को विधानसभा चुनाव में 59लाख वोट प्राप्त हुए है। पार्टी के कार्यकर्ता इससे अधिक सदस्यता का रिकॉर्ड प्रदेश में बनायेंगे। उन्होंने कहा कि मजबूत भाजपा और संघर्षशील भाजपा प्रदेश की मांग है।

### जेएसएससी व सीजीएल परीक्षा की हो सीबीआई जांच : मरांडी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कहा कि हाल में जेएसएससी के जारी परिणाम में कई विसंगतियां पाई गई है। लगातार सीरियल क्रम से अभ्यर्थियों के उत्तीर्ण होने के बाद परीक्षार्थियों के मन में सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी की शंका और गहरी हो चुकी है। कहा कि लाखों छात्र सीजीएल परीक्षा में सीट बेचने का आरोप लगा रहे हैं। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि छात्रों की संतुष्टि के लिए जीएसएससी,सीजीएल परीक्षा के पूरी प्रक्रिया की सीबीआई जांच कराएं। भारतीय जनता पार्टी छात्रहित में सड़क से लेकर सदन तक सीजीएल परीक्षा में हुई साजिश के खिलाफ मुखर आवाज उठाएगी।

# 14 जिलों में कोहरा और तापमान 10 डिग्री न्यूनतम होने का अनुमान



**5° तक गिरेगा राज्य में तापमान**

मौसम विभाग का कहना है कि बुधवार से मौसम पूरी तरह साफ हो जाएगा। हवा में ठंढापन बढ़ेगा। पूर्वानुमान के मुताबिक बुधवार से बाद राज्य के अधिकांश जिलों के शहरी इलाके का तापमान 10 डिग्री के आसपास रह सकता है। जबकि ग्रामीण इलाकों का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री के करीब रहने वाला है। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो सबसे अधिक बारिश 14.2 मिलीमीटर गिरीडीह में हुई। वहीं सबसे अधिक तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस सरायकेला का रहा। सबसे कम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस बोकारो में दर्ज किया गया। रांची में अभी कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं। सोमवार को न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री और अधिकतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन का प्रवेश उत्तर पश्चिमी दिशा से होता है। यही कारण है कि पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में मौसम में काफी बदलाव नजर आया। पश्चिमी दिशा से आ रही नमी युक्त हवा के कारण कोहरे और धुंध का असर बढ़ेगा और तापमान में भी कमी होगी।

## चौक-चौराहों पर प्रशासन ने की अलाव की व्यवस्था

रांची। ठंड में बढ़ोतरी के बाद रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख चौक- चौराहों पर जिला प्रशासन की ओर से अलाव की व्यवस्था सोमवार से कर दी गयी। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने इसका निर्देश दिया था। अलाव को लेकर उपायुक्त ने कई निर्देश दिए और लोगों से ठंड से बचने की अपील भी की।

## कई दिनों से रिम्स की सीढ़ियों की नीचे पड़ी है एक वृद्धा
# कंबल के आस में गिन रही है दिन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


कभी-कभी नाती आता है मिलने

बारिश के बाद से अचानक ठंड में बदलाव हुआ है। सोमवार को जिला में न्यूनतम तापमान 13.35 और आद्रता 68 प्रतिशत थी। इस कड़ाके की ठंड में जहां एक ओर लोग अपने घरों में जल्दी दुबक जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एक निराश्रय महिला रिम्स की सीढ़ियों के नीचे पड़ी है। एक पतला कंबल पर सोई और पतला कंबल ओढ़े हुए है।

राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता से बातचीत में उसने बताया कि उसका नाम बिरसी तिर्की है, वह बोड़या निवासी है। पिछले तीन-चार महीनों से यहीं रिम्स की सीढ़ियों के नीचे पड़ी है। उसका परिवार में कोई नहीं है कभी-कभी एकमात्र नाती आता है। पूछने पर बताई कि अचानक से ठंड बढ़ी है जिससे रात में ठिठुरन होती है। कंबल भी नहीं है कमर में दर्द हो रहा है। मांगने से जो कुछ मिलता है वही खा के दिन-रात पड़े रहते है। बताया कि सरकार हर साल गरीबों को कंबल बांटती है, इस जाड़े में भी गरीबों को कंबल देगी।

# प्रशिक्षण का उद्देश्य बौद्धिक अक्षमता वाले लोगों की सहायता करना: आनंद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झालसा के निर्देश पर नालसा के द्वारा नवसंचालित-मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना के तहत डालसा, रांची में नवगठित कानूनी सेवा युनिट का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। इसमें डालसा सचिव सहित सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं पैनल के अधिवक्ता, एलएडीसीएस के सदस्य एवं पारा लिगल वॉलिन्टियर शामिल हुए। दो दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन भी ट्रेनिंग हॉल व्यवहार न्यायालय, रांची में नवगठित कानूनी सेवा युनिट के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया।

पांचवें सत्र में झालसा के उपसचिव, मनिष मिश्रा ने कानूनी सेवा युनिट के सभी सदस्यों को इस बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने महिला संरक्षण गृह, कारागृह, बाल देखभाल संस्थानों और अन्य संस्थानों में दी जाने वाली कानूनी सेवाओं के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होंने जेल में मिलने वाली कानूनी सेवाएं, तालुकाओं में मिलने वाली कानूनी सेवाएं की जानकारी दी। उन्होंने गृह भ्रमण के माध्यम से दी जानेवाली कानूनी सेवाओं की जानकारी दी। उपस्थित सदस्यों को उन्होंने सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ उठाने में कानूनी सहायता के बारे में बताया। छठे सत्र में एलएडीसीएस चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने नालसा के कार्यान्वयन के लिए कानूनी सेवा प्रदाताओं की भूमिकाएं और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया।

**सहयोग पहुंचाने पर दिया जोर:** मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को विकासात्मक, बौद्धिक, बहु अक्षमता और ऑटिज्म से पीड़ित लोगों के लिए विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए जाने के बारे में विस्तार से बताया गया। पैनल अधिवक्ता मध्यस्थ संजय कुमार शर्मा ने अन्य संस्थाओं, एनजीओ व एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर आउटरीच जागरूकता कार्यक्रम कर मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमतावाले लोगों को सहयोग पहुंचाने पर जोर दिया। मौके पर झालसा के उपसचिव मनिष मिश्रा, एलएडीसीएस चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तवा, डालसा सचिव, कमलेश बेहरा, दिपशिखा इंस्टीच्यूट ऑफ चाईल्ड डेवलपमेंट एंड मेंटल हेल्थ के प्रधानाध्यापिका, गोपिका आनंद, सदस्य, दशरथ कच्छप समेत अन्य मौजूद थे।




### मानसिक बीमारियों के बारे में जागरूक किया

सातवें सत्र में दिपशिखा इंस्टीच्यूट ऑफ चाईल्ड डेवलपमेंट एंड मेंटल हेल्थ से आये प्रतिनिधियों ने मानसिक बीमारी एवं बौधिक अक्षमता के प्रकारों के बारे में विस्तार से बताया। उनकी टीम ने बौद्धिक असक्षम व्यक्तियों के रोजगार, विशेष रूप से उनके व्यावसायिक प्रशिक्षण और स्वरोजगार को सुविधाजनक बनाने और समर्थन देने के लिए, उनके लिए रियायती दरों पर ऋण के प्रावधान सहित योजनाएं और कार्यक्रम बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बताया कि ऐसे व्यक्तियों को सभी मुख्यधारा की औपचारिक और अनौपचारिक व्यावसायिक और कौशल प्रशिक्षण योजनाओं और कार्यक्रमों में शामिल करना है, जिसमें समर्थन और सुविधाओं का पर्याप्त प्रावधान हो। कहा कि इस संबंध में सरकार को उचित कदम उठाना चाहिए।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से झारखंड में उबाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




राजधानी रांची में सर्व सनातन समाज के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों के हजारों लोगों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार और उनके मानवाधिकार हनन के खिलाफ मोरहाबादी मैदान से फिरायालाल होते हुए राज्यपाल भवन तक आक्रोश मार्च निकाला। इसके बाद मार्च राजभवन में समक्ष धरना में तब्दील हो गया। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार ने किया। आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सोमा उरांव ने कहा कि आज हम सब बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं को समर्थन देने के लिए एकजुट हुए हैं। साथ ही आज मांग करते हैं कि जेहादियों पर कड़ी करवाई हो। विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त मंत्री मिथलेश्वर मिश्र ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को देखकर वेदना होती है। इससे हम सभी आक्रोशित हैं। हिन्दू समाज बसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करने वाला संप्रदाय है। हम सभी अहिंसा के पुजारी हैं लेकिन जब हमे उकसाया जाता है तो हम इसका विरोध करते हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता बिनोद गाडयान ने कहा कि दुनियाभर के देशों ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध किया है। उन्होंने पूरी दुनिया से मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हो रहे मानवाधिकार हनन के खिलाफ पूरी दुनिया आवाज उठाये। राजेन्द्र कृष्ण ने कहा कि बांग्लादेश के अस्तित्व भारत के कारण है लेकिन वहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। यह बेहद अफसोसजनक है। विश्व मानवाधिकार आयोग से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए।इस्कॉन के सदस्य प्रकाश ने हिंदुओं को जागने का आह्वान किया और बांग्लादेश में हो रहे क्रूरता के खिलाफ एकजुट होने पर बल दिया। विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री याज्ञवल्कय शुक्ल ने कहा कि बांग्लादेश के उदय में लाखों भारतीयों ने अपनी शहादत दी थी। आज उनके साथ अत्याचार हो रहा है। आज बांग्लादेश में एक विचार पनप गया है कि जिसकी आबादी ज्यादा होगी वह कम आबादी वाले समाज के लोगों को जिंदा रहने नहीं देंगे। भारत एक संवेदनशील देश है। दुनिया में जहां कहीं भी लोगों के साथ अत्याचार होता है भारत अत्याचार के खिलाफ उनके साथ खड़ा होता है।दूसरी ओर, सर्व सनातन समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में भूतेशानन्द, सरदार बिक्रम सिंह, पवन लामा, बिनोद जैन, स्वामी परिपूणार्नंद, बिनोद जालान, राकेश लाल, पवन मंत्री, शेखर चौधरी, रवि मुंडा,बिनोद गाडयान, प्रशुन रायपत, सुनीता गुप्ता सहित अन्य शामिल थे।

> आज सुबह मोराबादी प्रातः भ्रमण के समय देखा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध एक रैली निकाली जा रही है। मैं भी दुखी था कि बांग्लादेश सरकार इस पर कुछ नहीं कर रही है और न ही भारत सरकार की तरफ से कोई कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इस बात का भी दुख है कि यहां के अल्पसंख्यक मुस्लिम क्यों नहीं इसका विरोध कर रहे हैं। रैली में भी कोई मुस्लिम नहीं था । जब उस रैली में पहुंचा तो देखा कि ऑटो से उतरकर एक संभ्रांत महिला चली आ रही है, मैंने उनसे जानना चाहा कि वह वहां पर क्यों आई है ,किसके साथ आई है, आश्चर्य तब हुआ जब पता चला वह 8 किलोमीटर से अकेली आई है, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से बहुत दुखी थी और वह अपना विरोध दर्ज करने के लिए रैली में भाग लेने के आई है। इतनी वृद्ध महिला भी इतनी सजग है, उसे देख ऐसा लगा कि अगर देश के सारे हिन्दू इतने सजग और संगठित हो जाए तो क्या बात है।
>
> **संतोष अग्रवाल वरिष्ठ नागरिक**

## कॉफी ऐट चैंबर आज शाम पांच बजे होगा

**रांची।** झारखंड चैंबर की ओर से कॉफी ऐट चैंबर के दूसरे चरण का बुधवार शाम 5 बजे चैंबर भवन में आयोजन होगा। पर्यटन निदेशक अंजली यादव मुख्य रूप से शामिल होंगी। मंगलवार को चैंबर भवन में कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों ने समीक्षा बैठक की।

## मारवाड़ी कॉलेज के छात्रों ने गांवों में मौजूद संभावनाओं को जाना

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज के एमबीए सेमेस्टर-3 के विद्यार्थी नेतरहाट का दो दिनी शैक्षणिक भ्रमण करके मंगलवार को लौटे। सिलेबस से जुड़े इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने क्षेत्र की समस्याओं और वहां मौजूद संभावनाओं को जाना। इस बीच लोगों से बातचीत भी की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार बोले, ऐसी यात्राओं से छात्रों को ग्रामीण जीवन को समझने, सर्वे रिपोर्ट बनाने, ग्रामीण विकास पर बहुमूल्य इनपुट प्रदान करने आदि पर अच्छे से काम करने का मौका मिलेगा। यह शैक्षणिक यात्रा एमबीए विभाग के समन्वयक डॉ आरआर शर्मा व विभागीय शिक्षकों डॉ प्राची प्रसाद, प्लेसमेंट इंचार्ज अनुभव चक्रवर्ती की देखरेख में संपन्न हुई।

# न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल से मिला सर्व सनातन समाज का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को राजभवन में सर्व सनातन समाज, रांची के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बांग्लादेश में हिन्दू, सिख, जैन और बौद्ध धर्म के लोगों पर हो रहे अत्याचार का उल्लेख किया गया है। ज्ञापन के माध्यम से इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास से मुक्त करने की बात भी कही गई है।

### डीएमओ ने अवैध बालू लदे वाहनों को किया जब्त



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने अवैध बालू उठाव की लगातार मिल रही शिकायतों पर काफी गंभीर हैं। इसे लेकर उनके द्वारा त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार की रात्रि जिला खनन पदाधिकारी रांची एवं माइनिंग इंस्पेक्टर को जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिसपर जिला खनन पदाधिकारी रांची एवं माइनिंग इंस्पेक्टर द्वारा नामकुम थाना क्षेत्र एवं अनगड़ा थाना क्षेत्र में औचक निरीक्षण के क्रम में अवैध बालू के ट्रकों को पकड़ा। खनन निरीक्षक के आवेदन पर अनगड़ा थाना में मामला दर्ज हुआ. 7 गाड़ियों को जब्त किया गया है. मामले की जांच में खनन विभाग की टीम जुटी हुई है।

### ट्रेनें रद्द रहेंगी

**रांची।** रांची रेल मंडल के अंतर्गत चार लेन वाले सिरमटोली, सड़क सह रेल ऊपरी पुल निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा । ऐसे में कई ट्रेनें रद्द रहेंगीं। जो ट्रेन रद्द रहेगी, उसमें ट्रेन संख्या 08196 हटिया - टाटानगर मेमू, यात्रा प्रारंभ 15 एवं 18 दिसंबर को रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन संख्या 18175 हटिया - झारसुगुड़ा मेमू एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ 15 दिसंबर को रद्द रहेगी।

### विधिक जागरूकता रैली का आयोजन




**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के लीगल लिटरेसी क्लब के द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पुराना हुलहुंडु गांव में जागरूकता रैली निकाली गई।ग्रामीणों को स्लोगन युक्त तख्तियों के द्वारा मानव अधिकार के प्रति विधिक जानकारियां दी गई। आदमी को आदमी से भय ना हो, मानव अधिकार तुम्हारी जय हो। जब होगी मानव अधिकार की रक्षा सबका विकास होगा अच्छा, कभी मत छीनो इंसान के अधिकार,नफरत हारेगी जब बढ़ेगा प्यार आदि नारों के साथ मानवाधिकार के महत्व से परिचय कराया गया। आंगनबाड़ी केंद्र की महिलाओं एवं बच्चों ने भी जागरूकता रैली में भाग लिया।

### मानवाधिकार समाज की उन्नति और शांति का आधार है : प्राचार्य



**रांची।** हेहल डीएवी में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मानवाधिकारों के महत्व और उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। मानवाधिकार वह आधारभूत अधिकार हैं जो प्रत्येक व्यक्ति को उसकी मानवीय गरिमा की रक्षा के लिए प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक गीत और लघु नाटिका से हुई, जिसमें मानवाधिकारों और मानवता की रक्षा का संदेश दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने बच्चों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि मानवाधिकार हमारे समाज की उन्नति और शांति का आधार हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए। अच्छी शिक्षा और संतुलित आहार हर बच्चे का जन्मसिद्ध अधिकार है। प्राचार्य ने यह भी कहा कि मानवाधिकारों के बिना एक उन्नत और समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम में एनडीजी ब्लॉक की प्रभारी शिक्षिका श्रीमती अजंता कुमारी सहित अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उपस्थित थीं। इस आयोजन ने बच्चों को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करने और उनमें मानवीय मूल्यों को विकसित करने की प्रेरणा दी।

## आज / कल




## एसएस मेमोरियल कॉलेज में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया
# द्वितीय विश्व युद्ध के बाद हुआ था मानवाधिकार का गठन : डॉ समर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



विश्व मानवाधिकार दिवस पर मंगलवार को एसएस मेमोरियल कॉलेज में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। मौके पर नागपुरी भाषा के असिस्टेंट प्रोफेसर व राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद (एनएचआरपी) के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक डॉ. सुबास साहु ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा यूडीएचआर घोषणा 10 दिसंबर 1948 को की गई है और 10 दिसंबर 1950 को पहली बार विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि आज 74 वां विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष 2024 का थीम 'हमारे अधिकार ,हमारा भविष्य ,बिलकुल अभी' है।

शिक्षक संघ के अध्यक्ष व हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ समर सिंह ने मानवाधिकार के इतिहास व गठन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि द्वितीय युद्ध के बाद ऐसा लग रहा था कि मानो सम्पूर्ण विश्व में पूरे मानव समाज पर ही खतरे की घण्टी मंडराने लगी थी। तब मानवाधिकार के जनक कहे जाने वाले एक सैनिक युवा वकील रैने कैसीन ने अपने विचार को प्रबलता के साथ रखा और तब संयुक्त राष्ट्र संघ के पहल पर मानवाधिकार की घोषणा पारित कर मानवता के रक्षा के लिए एक सुरक्षा कवच बनाई गई।

डॉ नंदकिशोर सिन्हा ने कहा कि भारत का स्वतंत्रता आंदोलन और इसका इतिहास मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्त्रोत रहा है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में मानवाधिकार के विषय पर कुछ लोगों द्वारा मानवाधिकार विषय में समान स्थितियों पर अलग अलग प्रतिक्रिया देने लगे हैं। मानवाधिकार की चयनात्मक विवेचना है जिससे मानवाधिकारों के दुरुपयोग होता है। हमारे प्रधाममंत्री ने भी मानवाधिकार विषय पर देश में हो रहे चयनात्मक विवेचना के प्रति आगाह भी करते रहे है। हमें सजग रहते हुए मानवाधिकारों को सुनिश्चित करना अपना कर्तव्य व धर्म होना चाहिए। मानवाधिकार के हनन को रोकने के लिए और अधिक जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता है ।

मौके पर डॉ समर सिंह, डॉ रानी प्रगति प्रसाद, डॉ अनीता गुप्ता, डॉ अनुपमा सिंह, डॉ सावित्री बड़ाईक, डॉ राजश्री महतो, डॉ आरएन सिंह, डॉ अनिल बीरेन्द्र कुल्लू, डॉ मंजु सिंकु, डॉ प्रेमा कुमारी, डॉ रणजीत चौधरी, डॉ जुरन सिंह मानकी, डॉ मुकेश उरांव, डॉ राजश्री इंदवार, डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ उषा कीड़ो, डॉ त्रिभुवन साही, डॉ सुबास साहु , डॉ रीना कुमारी, डॉ अभिषेक कुमार गुप्ता , डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ संजय सरंगी , डॉ जेबा, नेहा टोप्पो, रुकैया जी सहित सभी विषयों के सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आरयू पीएचडी प्रवेश परीक्षा नियमावली में सुधार की मांग

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में 2022 में हुई पीएचडी परीक्षा में 300 से अधिक आपत्ति जताने वाले छात्रों का रिजल्ट प्रकाशित करने व 2024 की परीक्षा नियमावली में सुधार की मांग करते हुए एनएसयूआई ने मंगलवार को परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद बोले, नई नियमावली के अनुसार 70 अंक की प्रवेश परीक्षा है और 30 अंक का वाइवा है। निगेटिव मार्किंग भी होती है। परीक्षा फॉर्म शुल्क 2000 रुपये है, जो बहुत अधिक है। एनएसयूआई ने मांग की कि 2022 की तरह सौ अंकों की लिखित परीक्षा हो और नेगेटिव मार्किंग को हटाया जाए। शुल्क भी 1000 किया जाए। वाइवा का भी विरोध जताया। वहीं, परीक्षा नियंत्रक डॉ विकास कुमार बोले, 2022 में हुई परीक्षा का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। हालांकि इस वर्ष की परीक्षा में पूरी पारदर्शिता की बात कही। मामले पर बात करने के लिए कार्यकर्ता कुलपति डॉ अजीत सिन्हा से मिलने पहुंचे तो वे अवकाश पर थे। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने कुलपति कक्ष के बाहर और विश्वविद्यालय परिसर में 'लापता कुलपति' लिखी पर्ची चिपका दी।

## गीता जयंती की पूर्व संध्या पर आध्यात्मिक कार्यक्रम
# 'गीता' वास्तव में चरित्र निर्माण का शास्त्र है : डॉ प्रियंका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड के चौधरी बगान में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में गीता जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका श्रीवास्तव ने कहा कि गीता शास्त्र वास्तव में चरित्र निर्माण का शास्त्र है। भगवान ने कहा चरित्र तो कमल पुष्प समान संसार में रहते हुए अनासक्त होकर किये गये श्रेष्ठ कर्मों से बनेगा न कि घर-बार छोड़ने, कर्म सन्यास क्रियायें करने से। कार्यक्रम में सीएम अंजिला गोयनका ने कहा कि गीता में चरित्र निर्माण की शिक्षाओं का उल्लेख है। जैसे कि काम से ही क्रोध की उत्पति होती है जिससे बुद्धि का नाश होता है। वास्तव में परमात्मा ने विकारों से ही युद्ध कराई थी न कि हिंसक युद्ध। स्वधर्म सुख देने वाला है परधर्म दुःख देने वाला है। अतः स्वधर्म में टिकना चरित्र-निर्माण की प्रथम आधारशिला है। मनोबल प्राप्त करने के लिए परमात्मा ने योग सिखाया क्योंकि योग से ही पिछले विकर्म विनाश होते हैं। कार्यक्रम में अभियता चन्द्रदेव सिंह ने कहा कि भगवतगीता पठन से शुद्ध संस्कार बनते हैं। मों में कुशलता आती है। उन्होंनें कहा कि गीता का मूल संदेश यही है कि हम आत्मवादी बनें आत्मस्मृति में स्थित होकर परमात्मा के बनें। गीता के भगवान को जानना परमात्मा को जानना है। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा अब वही समय है जब पुनः गीता के भगवान अवतरित होकर प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा राजयोग सिखा रहे हैं, जिससे नर से नारायण तथा मानवता सम्पूर्ण चरित्रवान बन जाती है। गीता सब शास्त्रों की माता है। गीता श्रीकृष्ण की भी माता है। ज्योति स्वरूप परमात्मा सर्व आत्माओं के परमपिता हैं। उन्हीं परमपिता ने हम सब आत्माओं रूपी वत्सों के कल्याण के लिए गीता ज्ञान दिया और वर्तमान धर्म ग्लानि के समय अब वे फिर से गीताज्ञान देकर हम सबको कृतार्थ कर रहे हैं।

> सर्वधर्म सुख देने वाला है परधर्म दुख देने वाला है

# जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में लापुंग प्रखंड के छात्र-छात्राओं को मिले प्रथम पुरस्कार




**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा जेसीईआरटी के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता में लापुंग प्रखंड के पीएमश्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा एवं राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग की टीम ने चैम्पियनशीप हासिल कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर पूरे लापुंग प्रखंड का नाम रौशन किया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रातु डायट में आयोजित प्रतियोगिता में पीएमश्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा के 10 वीं कक्षा के छात्र क्रमशः रवि उरांव एवं शशिकांत सिंह तथा राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग की नौंवी कक्षा की छात्रा सृष्टि शाह एवं 11 वीं कक्षा की छात्रा रुबी कुमारी ने सभी सवालों का जवाब देकर पूरे जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। झारखंड के इतिहास, झारखंड के भूगोल, झारखंड की कला एवं संस्कृति, झारखंड के राज्य व्यवस्था, भारत में खेल तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सवालों का जवाब देकर लापुंग के चारों छात्र-छात्राओं ने लाजवाब प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन से जजों ने लापुंग के चारों छात्र-छात्राओं को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उनके प्रदर्शन पर लापुंग की प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, लापुंग की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की, बीपीओ लीलावती तिर्की, बीआरपी रेशम शाहदेव, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, चंद्रमोहन ठाकुर, अजीत कुमार सिंह, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय, पीएमश्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा के प्रभारी प्रधानाध्यापक बहादुर उरांव, सहायक शिक्षक बलदेव साहु, सहायक शिक्षक अजय मुंडा सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी और कहा कि यह लापुंग प्रखंड के लिए गर्व का विषय है।

## एक नजर

### नर्सिंग छात्राओं ने प्री-क्रिसमस सेलिब्रेशन को लेकर निकाली शोभायात्रा

**रांची।** बहुबाजार स्थित संत बरनाबस अस्पताल की नर्सिंग छात्रों ने प्री-क्रिसमस सेलिब्रेशन मनाया। इस दौरान अस्पताल परिसर से संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च तक शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में छात्राएं सांता क्लॉज, मदर मेरी की वेशभूषा में थी और नागपुरी, हिंदी, अंग्रेजी क्रिसमस कैरोल गाते हुए शामिल हुई। अंत में कैथेड्रल परिसर में बाईबल पाठ किया गया और पेरिश प्रिस्ट रेव्ह एस डेविड ने सभी को क्रिसमस की शुभकामना दी। मौके पर रेव्ह जोहन भेंगरा, रेव्ह जस्टिन भुईंया, रेव्ह लिली कच्छप, नर्सिंग की प्राचार्या ममता सोरेंग, रंजना तोपनो, अस्पताल प्रशासक सैमसन आरोहण, अनुग्रह मिंज, नितीशा कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

### सोनाहातू में लिंग हिंसा के खिलाफ जागरुकता अभियान चला

**सोनाहातू ।** प्रखंड कार्यालय में महिला समूह ने लिंग हिंसा के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान कार्यक्रम का नेतृत्व जेएसएलपीएस से ललित कुमार, हीरालाल महतो, समया लकड़ा, करुणा देवी, दीपक कुम्हार, जेंडर सीआरपी हरेश्वरी देवी, बिंदू देवी और जयंती देवी ने किया। ललित कुमार ने कहा कि लिंग हिंसा के खिलाफ सभी महिलाएं एक स्वर में आवाज उठाएं बेटा या बेटी के जन्म में फर्क नहीं करें। बेटियों के साथ घरेलू हिंसा नहीं करें और दहेज प्रताड़ना तथा बाल विवाह बंद करें। इस दौरान महिलाओं को समान अधिकार दें बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ, सहेंगे नहीं कहेंगे, न हिंसा करेंगे, न होने देंगे जैसे नारे लगाए गए। मौके पर रासमनि देवी, इंद्रा देवी, बसंती देवी, बीनापनी देवी, लीला देवी, अष्टमी देवी, कल्याणी देवी और जयंती देवी आदि मौजूद थीं।

### कोल लिंकेज प्राप्त एमएसएमई इकाइयों के भौतिक निरीक्षण का निर्देश

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में नई कोयला विवरण नीति को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इसमें कोल लिंकेज प्राप्त एमएसएमई इकाइयों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान आयुक्त ने विभिन्न कंपनियों के भौतिक निरीक्षण के निर्देश दिए। कहा कि जांच के दौरान संबंधित कागजातों में जेएसएमडीसी से कोल लिंकेज से प्राप्त कंपनियों की ओर से वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में आपूर्ति किए गए कोयले का विवरण प्राप्त करें। साथ ही जेएमएमडीसी की ओर से कोयला आपूर्ति के लिए अपनाये जाने वाले प्रावधान/विधि का विवरण भी प्राप्त करें।

### क्रिसमस और शरद अवकाश एक दिन दिए जाने पर नाराजगी

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ कार्यालय में मंगलवार को डॉ अशोक नाग की अध्यक्षता में बैठक हुई। चर्चा की गई कि विश्विद्यालयों और कॉलेजों में क्रिसमस अवकाश और शरद अवकाश मात्र एक दिन का दिया जाना बहुसंख्यक छात्रों व शिक्षकों के साथ अन्याय है। इससे सभी नाराज थे। शिक्षकों का कहना था कि यह थोपी जा रही व्यवस्था है। साथ ही अनेक झारखंडी पर्व पर भी अवकाश काट लिया गया है। शिक्षकों ने कहा कि 2000 से 2023 तक चल रही अवकाश तालिका पुनः लागू किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को 50000 शिक्षक व छात्रों के हस्ताक्षरयुक्त मांगपत्र सौंपा जाएगा। निर्णय लिया गया कि बुधवार से राज्यवयापी हस्ताक्षर अभियान शिक्षक और छात्रों के बीच चलाया जाएगा। बैठक में डॉ विनोद सिंह, डॉ गणेश बासके, डॉ विधयन, डॉ अर्पना सिन्हा, डॉ रूसमि मिश्रा, डॉ राकेश मिंज, डॉ मलाय, रूची प्रसाद, जया मुंडा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सब जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप को लेकर खिलाड़ियों का हुआ चयन



**सिल्ली।** सब जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप का आयोजन जयपुर में किया जाएगा जिसके लिए 14 दिसंबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में झारखंड टीम सब जूनियर तीरंदाजी टीम  का चयन प्रतियोगिता होना है। वहीं रांची जिला टीम का चयन सिल्ली स्टेडियम सिल्ली में आयोजित की गई थी जिसमें रांची के तमाम स्कूलों और क्लब के 70 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रांची जिला तीरंदाजी संघ की अध्यक्ष नेहा महतो और सचिव चंचल भट्टाचार्य के दिशा निर्देश पर चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस मौके पर कोच शिशिर महतो, रोहित भारद्वाज ,रोहित कोइरी  का अहम योगदान रहा।

### नए छात्र-छात्रओं का हुआ स्वागत



**मांडर।** प्रखंड स्थित भारती कॉलेज ऑफ फार्मेसी एवं सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ फार्मेसी, चटवल में द सोमवार को डी॰ फार्मा सत्र 2024-26 के छात्र/छात्राओं का फ्रेशर डे एवं सत्र 2022-24 के छात्र/छात्राओं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव नितिन परासर, शैक्षणिक सचिव दीपाली परासर उपस्थित थी। सचिव नितिन परासर ने सत्र 2022-24 एवं 2024-26 के प्रशिक्षणार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर खुद का मुल्यांकन करते रहने की सलाह दी। गयी। महाविद्यालय के प्राचार्य संकेत कुमार ने सभी को उज्जवल भविष्य की कामना की एवं अच्छे से पढ़ाई करने की सलाह दी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांस खेल, आदि के माध्यम से भरपुर मनोरंजन किया गया। इस समारोह में व्याख्यातागण और शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने एक बच्चा चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**चलकुशा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ानो जंगल की ओर मंगलवार शाम 5:00 बजे एक बच्चा चोर, तीन बच्चों को चोरी कर भाग रहा था। वहीं आसपास के ग्रामीणों को शक होने पर रुकवाया और पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों बच्चे तीलोकरी के रहने वाले हैं। जिसे चाऊमीन खिलाने के बहाने बड़ानो के जंगल की तरफ यह व्यक्ति फुसला कर ले आया। यह व्यक्ति अपना नाम मंजूर आलम बता रहा है। बच्चा चोर को ग्रामीणों ने चलकुशा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### सीएससी की टेली लॉ सेवा से ग्रामीणों को  मिल रही है निशुल्क कानूनी जानकारी

**बरही।** सीएससी में टेली लॉ सेवा के तहत निःशुल्क कानूनी जानकारियां उपलब्ध करवाई जा रही है. इसके लिए सीएससी ने टोल फ्री नंबर भी जारी किया है. उक्त जानकारी कोनरा पंचायत मुख्यालय संचालक जयदीप कुमार सिन्हा ने दी. उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के कानूनी परामर्श या जानकारी के लिए ग्रामीण प्रज्ञा केंद्र पर निःशुल्क अपना पंजीकरण करवा सकते है. पंजीकरण बिल्कुल मुफ्त है. पंजीकरण के पश्चात पीड़ित व्यक्ति को उनके मोबाईल पर अनुभवी कानूनी जानकार फोन के माध्यम से उनकी समस्याओं को जानेंगे. साथ ही उसके समाधान के लिए उचित कानूनी सलाह देंगे. इसके अलावा पीड़ित व्यक्ति 14454 पर कॉल करके भी निःशुल्क परामर्श ले सकता है. यह सेवा बिलकुल ही मुफ्त है. इसके लिए किसी भी प्रकार के शुल्क नहीं लिए जाते हैं. विशेष जानकारी के लिए कोनरा पंचायत भवन स्थित प्रज्ञा केंद्र या किसी भी प्रज्ञा केंद्र से संपर्क किया जा सकता है.

# जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** थाना क्षेत्र के बीजूपाड़ा चौक के निकट रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग को चलिओ सिटी के ग्रामीणों ने मंगलवार को दिन के ढाई बजे से शाम के 6:30 बजे तक जाम रखा। 7 दिसंबर को चलियों के बसंत टाना भगत के साथ जमीन विवाद में हुई मारपीट में घायल बसंत भगत की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार 4 दिसंबर को चलिओ सिटी मोड़ के निकट स्थित एक जमीन को लेकर बसंत और पप्पू शाही के कुछ लोगों के बीच विवाद हुआ था। इस विवाद में बसंत ने जमीन पर कार्य कर रहे एक व्यक्ति को पिटा भी था। बताया जाता है कि इस बात से नाराज होकर पप्पू शाही ने अपने अन्य दो लोगों के साथ मिलकर 7 दिसंबर की देर शाम बसंत की जमकर पिटाई की थी। जिससे वह पूरी तरह से घायल हो गया था। घायल बसंत को 8 दिसंबर की सुबह इलाज के लिए रांची स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार को दिन के लगभग 11:00 बजे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही गुस्साए आसपास के कई गांव के लोगों ने रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ को न केवल बिजुपाड़ा चौक पर जाम किया बल्कि मुख्य पथ तक पहुंचने वाली आसपास के कई मुख्य पथो को भी जाम कर दिया था। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व मंत्री देव कुमार धान, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो भी जाम स्थल पर पहुंचे। नेताओं ने लोगों की मांग से प्रशासन को अवगत कराया और उचित कार्रवाई की मांग की। ग्रामीण अविलंब मृतक के परिजनों को एक करोड़ की मुआवजा राशि, एक सदस्य को नौकरी, हत्याकांड में शामिल सभी लोगों को फांसी की सजा देने एवं इसी मामले में आदिवासियों के विरुद्ध पप्पू शाही द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिक की को निरस्त करने की मांग कर रहे थे ।

# विशाल ने जल संसाधन मंत्री से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद/रांची** विशाल फोर्स संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मिकी ने जल संसाधन मंत्री हफीजुल अंसारी से मुलाकात की। उन्होंने बाबा साहब की एक तस्वीर उन्हें उपहार स्वरूप प्रदान की एवं बधाई दी। विशाल बाल्मिकी ने तत्पश्चात राज्य के दलित समाज की समस्याओं से मंत्री हफीजुल अंसारी को अवगत कराया। साथ ही झारखंड की ज्वलंत मुद्दों को लेकर सकारात्मक बातचीत की। श्री विशाल ने कहा कि समाज का विकास तभी होगा जब लोग योजनाओं का सभी रूप से लाभ लेंगे। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को जगरूक होने की जरूरत है। तभी लोग आगे बढ़ेंगे और समाज का उत्थान होगा। मौके पर संगठन से अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# सहजानंद चौक के पास बने गड्ढे दे रहे दुर्घटना को निमंत्रण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राजधानी के बीचों बीच स्थित सहजानंद चौक के पास बड़े गड्ढे बने हुए है। सबसे हैरानी की बात है कि सड़क उस गड्डों को छोड़कर बनाई गई है। यहां तक कि सड़क की लाइनिंग भी गड्ढा को छोड़कर किया गया है। वीआईपी रूट के चौक की यह दुर्गति है तो दूसरे अन्य स्थानों का क्या होगा आकलन किया जा सकता है। सत्र चल रहा है वीआईपी मूवमेंट इस रूट में बढ़ गई है लेकिन किसी का भी ध्यान इस गड्ढे पर नहीं जाता है। चूंकि ट्रैफिक लाइट होने के कारण लोग रूकते हैं इसलिए दुघर्टना पर तो नियंत्रण हो जा रहा है।

# प्रवासी मजदूर का शव पहुंचा घर, परिजनों में मातम



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जिले के तिसरी प्रखंड के प्रवासी मजदूर मनोज तुरी का शव आंध्र प्रदेश से मंगलवार की सुबह उसके घर चंदौरी पहुंचा. शव को देखते ही उसका परिवार दहाड़े मारकर रोने लगा, परिजनों के चित्कार से पूरे गांव में मातम पसर गया.मौके पर जुटे लोगों ने परिजनों को संभाला, जिसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया. बता दें कि प्रखंड के चंदौरी के रहने वाले मनोज तुरी पिता अर्जुन तुरी आंध्र प्रदेश के तिरुपति के एक होटल में काम करता था। बीते शनिवार की सुबह काम करने के दौरान ही करंट लगने से उनकी मौत हो गई थी। इससे जुडा एक उउळश फुटेज भी सामने आया था. वहीं इस बाबत चंदौरी के मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दयाल ने बताया कि घटना की सूचना के बाद उन्होंने मंटू शर्मा को इसकी जानकारी दी. उनके सहयोग से झारखण्ड युवा एकता संघ के लोगों को वहां भेजा गया जिन्होंने प्रशासन से बातचीत की.वहीं उन्होंने बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी को भी फोन पर इसकी जानकारी दी गई थी.बाबूलाल मरांडी ने आंध्र प्रदेश के टछअ से बात की साथ ही छुट्टी के दिन पोस्टमार्टम करवाया गया.जिसके बाद शव को उसके घर लाया गया.

### प्रखंड मुख्यालय में समय से आना और जाना सुनिश्चित करें कर्मी : डीईओ

# जनता की शिकायतों का निवारण करना सरकार की प्राथमिकता : डीटीओ



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** रांची के जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने लापुंग प्रखंड के एफसीआई गोदाम का जांच किया। उन्होंने प्रखंड के गोदाम में मौजूद अनाज के भंडार का निरीक्षण किया। स्टॉक पंजी के साथ मिलाकर भौतिक सत्यापन किया। उल्लेखनीय है कि सभी प्रखंडों के सभी एफसीआई गोदाम का निरीक्षण कर जिला के उपायुक्त द्वारा रिपोर्ट मांगी गई है। इसी संदर्भ में एफसीआई गोदाम लापुंग का जांच किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज एवं एजीएम रामतीर्थ भगत सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने लापुंग प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ उषा मिंज की उपस्थिति में प्रखंड के पदाधिकारीयों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित कर सरकार के निदेर्शानुसार समय पर कार्यालय पहुंचने और समय के उपरांत कार्यालय छोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी प्रखंड मुख्यालय समय से आना और समय से जाना सुनिश्चित करें। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि जनता की शिकायतों का निवारण एवं समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करें। जरूरतमंदों की जरूरतों को पूरा करना हम सब की प्राथमिकता है। इस संबंध में पदाधिकारियों ने उपायुक्त के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, पीएम आवास के समन्वयक विनोद ऋषि नंदन, 15 वीं वित्त की समन्वयक अनिमा बरला, रोजगार सेवक मेघराज उरांव सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे। बाद में दोनों पदाधिकारीयों ने कस्तुरबा गांधी बालिकाएं आवासीय विद्यालय भी पहुंचे और आवश्यक जानकारी ली।

# हज उमरा के लिए सऊदी अरब रवाना हुए जायरीन



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी** मुरी रेलवे स्टेशन से उमरा के लिए 4 सदस्यों का दल रांची गोड्डा एक्सप्रेस से देवघर के लिए रवाना हुए। देवघर एयरपोर्ट से सभी हाजी मुंबई के लिए रवाना होगे। मुंबई से 11 दिसंबर को सुबह 11 बजे सभी जायरिन सऊदी अरब के लिए रवाना होंगे। हज में जाने वालों में गुलाम सरवर, फातिमा बीबी, मकसूद आलम, वहीदा बेगम शामिल हैं। सभी जायरीन के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। मुरी स्टेशन पर मिलने के लिए काफी  संख्या में लोग आए हुए थे। सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर दिलकश, कलीम राही, शहजादा अहमद, सरफराज आलम, मुख्तार आलम, अमजद खान, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद कलाम अंसारी, अल्ताफ अंसारी, आसिफ अंसारी, महबूब, सलीम अंसारी और भी बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

# लाइट हाउस में बुनियादी सुविधा नहीं मिलने से धरने पर लाभुक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में धुर्वा पंचमुखी मंदिर के पास लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत बेघरों के लिए 1008 आवासों का निर्माण किया गया है। इस लाइट हाउस का 10 मार्च 2024 को पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल उद्घाटन किया था। अब तक लगभग 150 परिवार लाइट हाउस में शिफ्ट कर चुके है। यहां के लाभुक बुनियादी सुविधाओं और कंस्ट्रक्शन क्वालिटी को लेकर लगातार शिकायत करते है। इसी कड़ी में मंगलवार को ए 611 निवासी संजय रत्ना धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि जो उन्हें जो सपने दिखाए गए थे उसे पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा यहां लगी लिफ्ट सुचारू तौर से नहीं चलती है। वे बुजुर्ग व्यक्ति हैं, उनका फ्लैट पांचवे फ्लोर पर है, उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने निर्माण पर भी सवाल उठाते हुए खराब गुणवत्ता की बात कही।

**रांची नगर निगम की टीम पहुंची लाइट हाउस :** शिकायतों के निवारण को लेकर रांची नगर निगम की टीम मंगलवार की शाम लाइट हाउस पहुंची। उन्होंने संजय रत्ना को समझने का प्रयास किया। इस दौरान वहां के अन्य लाभुकों ने अपनी परेशानी बताई। जिसपर नगम की टीम ने बुधवार को दोबारा बात करने की बात कही। निगम के टीम में नगर प्रबंधक मृणाल कुमार ने कहा कि मामला रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्लूए) से जुड़ा है, जिसमें लिफ्ट, कॉमन बिजली के इस्तेमाल की है। लाभुकों का कहना है कि ये सभी काम निगम करेगी, लेकिन ये सभी काम आरडब्लूए बनाकर इन कॉमन खर्चों पर काम होगी। नगर प्रबंधक ने बताया कि ये खर्चे लाभुकों को खुद वहन करने होंगे। उन्होंने बताया कि लिफ्ट नहीं चलने का कारण असमाजिक तत्व हैं, जो लिफ्ट को नुकसान पहुंचा देते है। वहीं उन्होंने कहा कि निगम जल्द आरडब्लूए का चुनाव करवाकर यहां सभी काम सुचारु ढंग से शुरू करवाएगी।

## एक नजर

### दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बनेंगी एनसीसी कैडेट कोडरमा की रितु

**कोडरमा।** जिले के जेजे कॉलेज की छात्रा सह एनसीसी कैडेट रितु सिंह का चयन इस वर्ष दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड में किया गया है। इस संबंध में रितु बताती है कि यह अवसर मेरे लिए मेरे माता-पिता का सपना पूरा करने की तरह है। रितु का लक्ष्य सेना में अधिकारी बनकर देश सेवा करने की है। उन्होंने कहा कि मेरा सपना पिता का सपना है। जिले का नाम रोशन और देश की रक्षा में योगदान देना चाहती हूं। झारखंड से कोडरमा की अकेली कैडेट रितु सिंह अपनी मेहनत और लगन से मिसाल बनी है। अब 26 जनवरी का इंतजार है, जब रितु पूरे देश के सामने अपनी प्रतिभा और संस्कृति की छवि प्रस्तुत करेंगी। मालूम हो कि पटना में आयोजित आरडी-3 कैंप में 44 कैडेट्स में से केवल 32 का चयन हुआ, जिनमें रितु सिंह भी शामिल हैं।

### कैलाश सत्यार्थी ने बाल श्रम उन्मूलन के विरुद्ध चलाया था अभियानः अमित

**कोडरमा।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन द्वारा संचालित सभी बाल मित्र ग्रामों में नोबेल पुरस्कार के 10 वर्ष पूरे होने की खुशी में स्वस्थ, शिक्षित और सुरक्षित बचपन के मुद्दे पर विशेष परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। बता दें कि बच्चों के आबा पुरुष माने जाने वाले कैलाश सत्यार्थी को आज से 10 वर्ष पूर्व दिसंबर 2014 में ही शांति के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार दिया गया। इस दौरान कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन के सहायक परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि इस नोबेल के पीछे कैलाश सत्यार्थी के संघर्षों और महत्वपूर्ण अभियान के विषय में हम सभी को जरूर जाननी चाहिए। कैलाश सत्यार्थी ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा,बाल श्रम उन्मूलन के लिए कई महत्वपूर्ण अभियान चलाए।

### वार्ड नंबर सात की टीम ने 122 रन से जीता मैच

**डोमचांच।** सीएम हाई स्कूल के मैदान में पप्पू मेहता नगर पंचायत नॉक आउट क्रिकेट टूनामेंट में मंगलवार को वार्ड सात और वार्ड आठ की टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर वार्ड नं सात की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में दो विकेट खोकर 199 रन बनाए। जवाबी पारी में खेलने उतरी वार्ड नंबर आठ की टीम 13 ओवर में 77 रन पर ही ऑल आउट हो गई। इस तरह वार्ड नंबर सात की टीम ने 122 रनों से मैच को जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अंशु कुमार को दिया गया। अंपायर की भूमिका भीम सिंह, निशान कुमार ने निभाई। बुधवार को वार्ड नंबर छह और वार्ड नंबर 12 की टीम के बीच मुकाबला होगा। बता दें कि टूनामेंट में नगर पंचायत के कुल आठ टीमों ने भाग लिया है। प्रत्येक मैच नॉक आउट है। फाइनल में विजेता टीम को 11 हजार और उप विजेता टीम को पांच हजार के साथ मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।


#### चुट्टूपालू घाटी में भीषण सड़क दुर्घटना

## ट्रेलर के चालक और खलासी की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रांची-पटना फोरलेन मार्ग अंतर्गत चुट्टूपालू घाटी में मंगलवार को भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर रामगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे मृतकों के शव को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि सरिया लदा ट्रेलर रांची की ओर से आ रहा था। ट्रेलर चुट्टूपालू घाटी पहुंचते ही असंतुलित हो गया और सड़क के किनारे खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में ट्रेलर के चालक और खलासी की मौके पर मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और ट्रेलर के केबिन में फंसे चालक और खलासी के शव को काफी प्रयास के बाद निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि घाटी में एक ट्रेलर असंतुलित होकर खाई में गिर गया। जिसमें ट्रेलर के चालक और उप चालक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ट्रेलर के केबिन मे फंसे चालक और खलासी के शवों को काफी प्रयास के बाद हाइड्रा और क्रेन की मदद से बाहर निकाला जा सका।

### झारखंड आंदोलनकारी ने मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू से की मुलाकात, दी बधाई



**बरकट्ठा।** झारखंड आंदोलनकारी नेता बेलकपी निवासी धीरेंद्र पाण्डेय ने झारखंड सरकार में नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू से पुष्पगुच्छ देकर मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान क्षेत्र की समस्याओं, खासकर बरकट्ठा जीटी रोड़ की समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि राजकेशरी प्राईवेट लिमिटेड निर्माण कंपनी बीते पांच वर्ष से अधिक समय से जीटी रोड सिक्सलेन चौड़ीकरण निर्माण कार्य कर रही है। निर्माण के दौरान विभिन्न जगहों पर आधे अधूरे सड़क को निर्माण कर छोड़ दिया गया हैं। जिसके कारण आए दिन लोगों की जानें जा रही है। साथ ही उन्होंने मकर संक्रांति के अवसर पर सूर्यकुंड में लगने वाला 15 दिवसीय मेले में आने के लिए आमंत्रित किया। वही मंत्री ने जल्द ही समस्या समाधान का आश्वासन दिया।

### मौसम ने ली करवट ,बारिश ने बढ़ाई ठंड, जन-जीवन प्रभावित



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार रात अचानक मौसम ने करवट बदली और देर रात हुई हल्की बारिश से बढ़ी ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। बारिश से जहां एक ओर किसानों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी तो वहीं दूसरी ओर खेत खलिहानों में रखे धान की फसल की क्षति से मायुस नजर आये। किसान श्यामलाल सिंह ने बताया कि बारिश से रबी फसल में जहां किसानों को फायदा मिलेगा वहीं खेत खलिहानों में रखे धान की फसल को क्षति होगी। बारिश के बाद बढ़ी ठंड और शीतलहर को देखते हुए अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा ने राहगीरों और आमजनों के लिए कई जगहों पर अलाव की व्यवस्था कराई ताकि लोगों को ठंड से राहत मिले। इस कार्य के लिए लोगों ने सीओ श्रवण कुमार झा के प्रति आभार प्रकट किया।

### बांस हस्त शिल्पकारों का 25 दिनी प्रशिक्षण शुरू

**कोडरमा ।** उद्योग विभाग, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास कोडरमा द्वारा सोसाइटी फॉर रूरल एंड एजुकेशन एडवांसमेंट के संयुक्त तत्वावधान में डुमरी गांव में 25 दिनी हस्त शिल्पकार प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत मंगलवार को की गई। प्रशिक्षण के बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के अघनु उरांव, हजारीबाग से आए प्रशिक्षण एजेंसी सोसायटी फॉर रूरल एंड एजुकेशन एडवांसमेंट के रामनाथ महली, प्रखंड समन्वयक उद्यमी समन्वयक अविनाश मिश्रा, झुमरी पंचायत के मुखिया श्याम सुंदर दास मौजूद थे। संचालन और धन्यवाद ज्ञापन समन्वयक प्रखंड उद्यमी समन्वयक अभिनाश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान ममता देवी, यशोदा देवी, शांति देवी आदि मौजूद थीं।

#### रामगढ़ में 10 दिवसीय सीएटीसी कैंप का आयोजन

## एनसीसी कैडेट्स को एकता अनुशासन व युद्ध कौशल का दिया जा रहा है प्रशिक्षण



*यह कैंप 8 दिसंबर से 17 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। एनसीसी कैंप कमांडेड कर्नल एंटोनी हेनरी की देख-रेख में किया जाएगा*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में चल रहे 10 दिवसीय सीएटीसी कैंप का शुभारंभ 8 दिसंबर 2024 को 22 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल एंटोनी हेनरी सेलवम द्वारा किया गया। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के परिसर में कैंप आयोजित कराने की अनुमति विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा दी गई इसके लिए उन्होंने प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। यह कैंप 8 दिसंबर से 17 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। एनसीसी कैंप कमांडेड कर्नल एंटोनी हेनरी की देख-रेख में किया जाएगा। सूबेदार मेजर जगदीश चंद ,ट्रेनिंग जेसीओ नायब सूबेदार सुरेंद्र चंदेल, एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ अमन वर्मा सहित सभी पीआई स्टाफ , सीटीओ पूनम प्रभा एवं दीपक सारण की मुख्य भूमिका होगी। 22 झारखंड बटालियन एनसीसी हजारीबाग की ओर से चलाए जा रहे हैं 10 दिवसीय सीएटीसी कैंप में एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न प्रकार के अनुभव से अवगत कराया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से ड्रील ड्रेस का पहनना, फायरिंग हथियारों की जानकारी, मैप का पढ़ना,शारीरिक विकास ,व्यक्तिगत विकास एवं आध्यात्मिक विकास के ऊपर जोर दिया जाएगा।साथ ही एनसीसी कैडेट्स को एकता अनुशासन एवं युद्ध कौशल का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। एनसीसी कैंप कमांडेड कर्नल एंटोनी सेलवम एवं उनकी पूरी टीम कैंप को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं एवं एनसीसी कमांडेड ने मुख्य रूप से विश्वविद्यालय प्रबंधन को दिल से धन्यवाद व्यक्त किया।

#### सीजीएल परीक्षा में धांधली को लेकर विद्यार्थियों में आक्रोश

## किसी भी विद्यार्थी के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : प्रदीप



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जेएसएससी द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं और झारखंड की विभिन्न भर्तियों में हो रही धांधली के खिलाफ विद्यार्थियों ने मंगलवार को हजारीबाग बंद का आह्वान किया। इस बंद के दौरान विद्यार्थियों ने भारत माता चौक पर धरना प्रदर्शन कर कई घंटों तक यातायात बाधित रखा। उनकी मांगें साफ थीं परीक्षा में हो रही धांधलियों पर रोक लगाई जाए और जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को रद्द कर एक पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों का आक्रोश झलक रहा था, लेकिन उनके साथ समर्थन में हजारीबाग के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद भी सीधे भारत माता चौक पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ धरना स्थल पर बैठकर संवाद किया और उनकी मांगों को गंभीरता से सुना। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा झारखंड के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैं सदन में भी इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाने के लिए तैयार हूं। आज मुझे सदन में बोलने का मौका नहीं दिया गया, लेकिन मैं वहां एम-सील लेकर गया था, ताकि यह बता सकूं कि परीक्षा लीक की समस्या को रोकने के लिए हमें और मजबूत और प्रभावी कदम उठाने होंगे। उन्होंने आगे कहा हेमंत सरकार और संबंधित विभागों को इस बात को समझना होगा कि इन धांधलियों के चलते लाखों युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है।

#### यूएमएस तुईयो में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

## अध्यक्ष बने अर्जुन प्रसाद व माजदा खातुन बनी उपाध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। बरकठा**
प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुइयो में विधालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन को लेकर मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया शंकर रविदास एवं संचालन उप प्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो ने किया। वहीं पर्यवेक्षक रामकृष्ण पांडेय एवं मुकेश कुमार की देख रेख में एसएमसी का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन के लिए छात्रों के माता/पिता, अभिभावकों में से कुल 12 सदस्यों का चयन किया गया ,जिसमे वोट के माध्यम से अर्जुन प्रसाद को अध्यक्ष, माजदा खातून को उपाध्यक्ष और उर्मिला देवी को संयोजिका के पद पर चयन किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरालाल राणा, उप प्रमुख सुरजी देवी, मिथुन पासवान, बसंत कुमार राजेश प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, फुलवा देवी, रेखा देवी प्यासी देवी समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### दुर्घटना जोन गड़लाही मोड़ पर लगा संकेतक व ब्रेकर, झाड़ियों की हुई सफाई



**बरही ।** पिछले कई महीनो से दुर्घटना जोन में तब्दील हुए जीटी रोड स्थित गड़लाही मोड़ के पास एनएचएआई की टीम ने मंगलवार को ब्रेकर और संकेतक लगाने का काम किया. उक्त जानकारी युवा समाजसेवी नागेश्वर रजक ने दी. उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के आधे अधूरे कार्य के कारण पिछले कई महीनों से यह क्षेत्र दुर्घटना जोन में तब्दील हो चुका था. आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती थी. जिसमें कई लोगों को जाने तक गई है. बीते संध्या सोमवार को मांगुर मछली से लदा पिकअप का टैंकर गाड़ी से टकराने के कारण पिकअप चालक की मृत्यु हो गई थी. इस दुर्घटना के बाद मंगलवार को एनएचएआई की टीम दुर्घटना स्थल का दौरा कर सड़क पर बोर्ड, संकेतक और ब्रेकर लगाने का काम किया. जिसका पूर्व मुखिया हरेंद्र यादव सहित स्थानीय लोग कई दिनों से मांग कर रहे थे. इस दौरान सड़क किनारे की झाड़ियों को भी काटकर साफ किया गया ताकि दोनों ओर से आने वाले गाडियां दूर से दिखाई पड़े और दुर्घटना को रोका जा सके.

### उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार फरियादियों सुनाई समस्याएं



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैन्सी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं के बाबत कहा कि इनकी परेशानियों को हल करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार में शहरी सहित विभिन्न प्रखंडों से लगभग 1 दर्जन आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित कर समाधान की मांग की। जिनमें मकान मुआवजा, रोजगार, गंभीर बीमारी में मदद, ऑनलाईन रसीद, लंबित म्यूटेशन, प्रमाण पत्र, आवास, सेवानिवृति पावना, राशनकार्ड, बकाया मानदेय, इत्यादि मामले शामिल रहे। मौके पर आये सभी आवेदनों को उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत उचित एवं त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### प्रखंड के पांच पैक्स को बनाया गया धान अधिप्राप्ति केंद्र, 15 दिसंबर से होगी खरीदारी



**बरही।** आगामी 15 दिसंबर से प्रखंड में धान की अधिप्राप्ति प्रारंभ हो जायेगी. उक्त जानकारी बीसीओ संजय कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि बरही में कुल पांच धान अधिप्राप्ति केंद्र निर्धारित किए गए है. इस वर्ष अधिप्राप्ति की दर 2400 रुपए प्रति क्विंटल तय की गई है. जिसमे 2300 रुपए केंद्र सरकार और 100 रूपए राज्य सरकार के द्वारा देय होगा. प्रखंड के सभी निर्धारित अधिप्राप्ति केंद्रो में धनवार, केदारुत, रसोईया धमना, मलकोको और कोल्हुआ कला पैक्स शामिल है. धान अधिप्राप्ति की जिम्मेवारी पैक्स अध्यक्ष और जनसेवक की होगी. धान विक्रय के समय किसानो को सिंचाई क्षेत्र, रकवा, आधार, बैंक खाता इत्यादि का विवरण देना होगा. विदित हो कि मौसम हुए अचानक बदलाव और खेत खलिहान में पड़े धान पर विपरीत असर होने की संभावना से किसान चिंतित है.

## प्रमुख व उप प्रमुख अंचलाधिकारी व राजस्व कर्मियों की कार्यशैली से परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर प्रखंड की प्रमुख वीना देवी, उप प्रमुख रविकांत सिंह, पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी और मुकेश कुमार सहित प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता ने अंचलाधिकारी और राजस्व कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई है। प्रमुख और उप प्रमुख ने अंचल कार्यालय की अनियमितताओं और जनहित के मामलों में लापरवाही का आरोप लगाया है। प्रमुख ने बताया कि 30 जुलाई 2024 और 27 सितंबर 2024 को पत्र लिखकर अंचलाधिकारी से राजस्व कर्मचारियों और अंचल निरीक्षकों के साथ बैठक करने की मांग की गई थी ताकि जनहित में लंबित कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन, अंचलाधिकारी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इससे यह प्रतीत होता है कि अधिकारी और कर्मचारी रैयतों को परेशान करने और अपनी निजी स्वार्थ साधने में लगे हैं। सदर अंचल क्षेत्र में 20% रैयतों का अब तक ऑनलाइन कार्य नहीं हो सका है। 80% लोगों को अपने कार्यों के लिए अंचल कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। शिकायतें हैं कि कर्मचारी मोटी रकम की मांग करते हैं। उदाहरण के लिए, थाना नंबर 145, खाता नंबर 69 और प्लॉट नंबर 24 के आम गैरमजरुआ रास्ते पर दबंगों द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी सूचना अंचलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी को दी गई, लेकिन दो वर्षों से कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक अन्य मामले में वाद संख्या 11/2022 के तहत अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था। सुनवाई के बाद भी, आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रभावित लोग न्याय के लिए अंचल कार्यालय और प्रमुख कार्यालय का लगातार चक्कर लगा रहे हैं।

### सिजुआ में सहिया दीदी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिजुआ( चेचकपी पंचायत) में सहिया दीदी अनिता देवी, पति प्रदीप सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया रीता देवी और समाजसेवी डेगलाल साव मृतका के घर पहुंचे और परिजनों को ढाढस बंधाया।उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा दिया। साथ ही मुखिया ने जलसहिया पदाधिकारी को फोन कर मुआवजा की मांग की। मृतका अपने 10दिन की पुत्री समेत 3 अन्य छोटे बच्चे को छोड़कर चली बसी, जिससे परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। मौके पर सुखदेव सिंह, सुनील सिंह, बालेश्वर सिंह, मोहन साव, करण सिंह ,विद्या देवी ,वार्ड सदस्य परमेश्वर सिंह ,जलसहिया टीम से प्रकाश पंडित तथा पंचायत के सभी जलसहिया उपस्थित होकर परिजनों को ढाढस बंधाया।

#### नवागंतुक प्रशिक्षकों की फ्रेशर पार्टी आयोजित

## शिक्षक का उद्देश्य समाज का उत्थान हो ना की डिग्री प्राप्त करना : रज्जाक



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
पद्म प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में फ्रेशर पार्टी दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें कुलसचिव विभावि, डॉ. सादिक रजाक तथा प्राचार्य, बरकट्ठा कॉलेज, डॉ. बलदेव राम ने अतिथि के तौर पर शिरकत किया। डॉ प्रियंका कुमारी के समन्वय में बीएड के नवागंतुक प्रशिक्षण के लिए फ्रेशर पार्टी का दीप प्रज्ज्वलित व स्वागत गान के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के अतिरिक्त महाविद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष डॉ अनूप कुमार मेहता, प्राचार्य डॉ चेतलाल प्रसाद, प्राध्यापक तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के 150 से ज्यादा प्रशिक्षु उपस्थित रहे। डॉ. रज्जाक ने कहा कि शिक्षक का उद्देश्य समाज का उत्थान हो ना की डिग्री प्राप्त करना। डॉ बलदेव राम ने महाविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम के महत्व को बताया। डॉ अनूप कुमार मेहता ने बीएड कोर्स के महत्व पर चर्चा किया प्रसाद डॉ.चेतलाल प्रसाद ने ओरिएंटेशन प्रोग्राम के लिए टीमवर्क की सराहना किया। इस अवसर पर रंगारंग प्रस्तुत करने वाले प्रशिक्षण में प्रेरणा, सारिका, रंजना, श्वेता, प्रिया, अनीता, गुणवंती, शालू, शिवानी, माला, प्रतिभा आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष बीएड. डॉ. तनुज गुप्ता, प्रो. जितेंद्र झा, डॉ. वर्मा, डॉ. प्रियंका कुमारी, प्रो. शनिदेव कुमार, डॉ. नीतू उपाध्याय प्रो. राजीव रंजन कुमार तथा मून कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम मैं मंच संचालन श्वेता राजलक्ष्मी तथा सुप्रिया राज ने किया डॉ वीरेंद्र चौरसिया के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## स्कूली बच्चों ने ओरमांझी मछलीघर बटरफ़्लाई पार्क का किया भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के कक्षा नर्सरी से कक्षा 1 तक के विद्यार्थी मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण पर ओरमांझी मछलीघर बटरफ़्लाई पार्क गये। इस दल में 15 शिक्षक भी शामिल थे। प्रिंसिपल हरजाप सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को जल में रहने वाली मछलियों के विभिन्न प्रकार से अवगत कराना और उनके प्रति संवेदनशील रहना था। जलीय जीवन के बारे में जानने का यह उत्तम साधन है। बटरफ़्लाई पार्क सुंदर और मनोरम और मन को शांत करनेवाला था। पार्क में रंग-बिरंगी तितलियां को देखकर बच्चे काफी आनंदित हुए। ये तितलियां काफी बड़े आकार की और विभिन्न प्रकार की थी। छात्रों ने इसका पूरा आनंद लिया। भ्रमण के साथ विद्यार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। स्कूल में इस तरह के भ्रमण आयोजित किए जा रहे हैं ताकि बच्चे खेल खेल में पढ़ाई का आनंद लें । यह प्रयोगात्मक शिक्षा का उदाहरण है जो विद्यालय लागू कर रहा है। इस तरह के भ्रमण के आयोजन से विद्यार्थी अनुशासन में रहना क्रमबद्ध होकर चलना आदि सीखते हैं।

# 15 से शुरू होने वाले धान अधिप्राप्ति की डीसी ने अधिकारियों से की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को गोपनीय कक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो एवं सहायक निबंधक कर्मवीर मेहता उपस्थित रहे।बैठक में मुख्य रूप से 15 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होने वाले धान अधिप्राप्ति के लिए लैंपस में किये गये तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त महोदय ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि इस वित्तीय वर्ष 2024 -25 में सरकार द्वारा प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप धान अधिप्राप्ति करें। इसके लिए उन्होंने जिले के किसानों के बीच व्यापार प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति को लेकर किसानों को नजदीकी लैम्पों से टैग करने एवं किसानों की सहूलियत को देखते हुए सभी राइस मिलर को लैंपस के साथ भी टैग कर लेने का निर्देश दिया, जिससे किसानों को धान विक्रय करने में समस्याओं का सामना न करना पड़े। तथा उन्होंने इस वित्तीय वर्ष में ज्यादा से ज्यादा नये किसानों को जोड़ने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने धान की खरीद, उसके रख-रखाव, गोदामों की पंजी संधारण आदि से संबंधित सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया।

## बारिश से किसानों के खेतों खलिहान में रखे फसलों को होगा नुकसान

नवीन मेल संवाददाता

▸ आलु, पालक, धनिया, मिर्चा, फुलगोभी, पत्तागोभी, की फसल को फायदा हुआ है।

**सिमडेगा।** जिले में सोमवार को बारिश हुई। लगभग आधे घंटे तक हुई बारिश से ठंड में इजाफा हो गया। सोमवार को न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आई गिरावट के बाद लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। इधर बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह में हुई बारिश के बाद कई किसान खलिहान में रखे गए धान और मड़ुआ की फसल को बचाने के लिए जद्दोजहद करते दिखे। हालांकि इस बारिश से कितना नुकसान होगा, इसका आकलन अब तक नहीं हो पाया है। इधर बारिश से आलु, पालक, धनिया, मिर्चा, फुलगोभी, पत्तागोभी, फरसबीन आदि सब्जी की फसल को फायदा हुआ है।बारिश के कारण खलिहान में रखा गया धान भींग गया है। वहीं मड़ुआ को भी नुकसान हुआ है। अगर जल्द मौसम साफ नहीं होता है और धुप नहीं निकलती है तो धान और मड़ुआ अंकुरित होगी। इससे काफी नुकसान पहुंचेगा। बारिश से नुकसान का अब तक आकलन नहीं हो पाया है।कृषि वैज्ञानिक डॉ पंकज कुमार ने कहा कि बारिश होने से धान और मड़ुआ को नुकसान होगा।जिन किसानों की फसल हाथ से काटने के बाद खेतों में पड़ी है उन्हें काफी क्षति होगी।किसान खेतों से निकाल कर खलिहान में रख कर तिरपाल वगैरह से ढ़क कर रखें।साथ ही धुप निकलते ही धान को धुप में सुखाने के लिए छोड़ दें।वहीं बारिश रबी फसल के लिए अमृत समान होगा।

# डीएमएफटी की राशि से जिले में चल रहे कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में डीएमएफटी मद की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी ली। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि धरातल पर उतारे गए जितने भी विकास योजना का निमार्ण कार्य गुणवत्तायुक्त हो इस सुनिश्चित करें। योजना की क्रियान्वयन की स्थलीय निरीक्षण करने की बात कहीं। उपायुक्त महोदय ने वित्तीय वर्ष 2024 -25 में अति सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आवागमन को लेकर पीसीसी पथ, पुल-पुलिया, पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने, विद्यालय में शौचालय निर्माण कराने सहित आदि महत्वपूर्ण योजना समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को गांव में संचालित करने का निर्देश दिया।इस हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से क्षेत्र एवं गांव का भ्रमण कर योजनाओं का चयन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने विधायक मद एवं सांसद मद के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

# अनुसूचित स्थान सहयोग विलेज में 24 घंटे बच्चों पर रखें पैनी नजर : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को अधिसूचित सुरक्षा का स्थान, सहयोग विलेज बालक, बालिका गृह एवं -सह- के प्रभारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अधिसूचित सुरक्षा का स्थान, सहयोग विलेज बालक, बालिका गृह एवं -सह- के प्रभारियों द्वारा संचालन से संबंधित जानकारी लिया। उन्होंने सभी जगहों सीसीआई की विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी जगहों पर सुरक्षा गार्ड बहाल सुनिश्चित किया गया है। जो 24×7 कार्यरत है। उपायुक्त ने कहा कि इन स्थानों पर कोई भी बाहरी व्यक्ति अनावश्यक प्रवेश न हो इसे सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी जगह पर कार्यरत कर्मियों की भी जानकारी लिया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय वहां के बच्चों का शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा किया। उन्होंने पदाधिकारियों को बच्चों पर विशेष निगरानी रखने की बात कहीं।प्लेस ऑफ सेफ्टी के बच्चों का प्रशिक्षण संबंधी कार्यों का जानकारी लिया जिस पर पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मशरूम, ड्रैगन फ्रूट एवं स्ट्रॉबेरी खेती करने का प्रशिक्षण के बाद अब सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, बाल संरक्षण पदाधिकारी सुमित्रा बड़ाईक सहित अन्य पदाधिकारी गण एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

## सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग पर पुलिस ने लगाई रोक



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा कचहरी के पास सड़क किनारे टैक्सी वाहन खड़ी होती है जिसको देखते हुए सिमडेगा डीसी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार को थाना प्रभारी दिनेश कुमार प्रजापति एवं अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद तथा नगर परिषद के प्रशासक समीर बोदरा के द्वारा टैक्सी चालकों के साथ मुलाकात करते हुए उन्होंने वहां से वाहनों को हटाकर टैक्सी स्टैंड में लगाने के निर्देश दिए। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि यह क्षेत्र भीड़ भाड़ के साथ-साथ नो पार्किंग जोन है, जहां पर टैक्सी चालकों के द्वारा वाहनों को खड़ा किया जाता है ,जिससे कि आए दिन सड़क जाम एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने बताया डीसी के निर्देश पर यहां अब वाहनों का पार्किंग पूरी तरह से वर्जित है, वहीं उन्होंने कहा कि सिमडेगा बस स्टैंड के पीछे टैक्सी स्टैंड बना हुआ है जहां पर सभी कार चालक अपने वाहनों को वहीं पर पार्किंग करें ,जिससे कि लोगों को परेशानी उत्पन्न न हो ।इस मौके पर अंचल अधिकारी ने भी कहा कि सड़क किनारे खड़ा करना पूरी तरह से नियम के विरुद्ध है ,इसलिए बुधवार से वाहनों का पार्किंग टैक्सी स्टैंड में हो जिससे कि यातायात में किसी प्रकार से परेशानी ना हो।

# कांग्रेस पार्टी की ओर से लम्बोई में संविधान बचाओ अभियान के तहत हुई नुक्कड़ सभा

नवीन मेल संवाददाता

> भाजपा संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ करने की मंशा से बाज आये : डेविड तिर्की

**जलडेगा।** प्रखंड अंतर्गत लम्बोई पंचायत में कांग्रेस पार्टी प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर मंगलवार को संविधान बचाओ अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान बिरसा मुंडा का माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात संबिधान की प्रस्तावना को सामुहिक रूप से पाठ किया गया इसमें कई लोगों ने भाग लिया तथा सभी लोगों ने संविधान की रक्षा के लिए संकल्प लिया।मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ने सभा को संबोधित करते हुए संविधान की मूल भावना को समझाते हुए कहा कि हमारे देश के संविधान को बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की अध्यक्षता में बनाया गया।संविधान बनाने में देश में निवास करने वाले सभी लोगों के हक और अधिकार की रक्षा कैसे हो, इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया।उसमे भी देश के दबे कुचले गरीब,अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी समाज के हितों की रक्षा के लिए कई नियम को प्रमुखता से जगह दी गई।परंतु आज बाबा साहब के बनाये गए संविधान को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने अपने सम्बोधन में कहा कि बीजेपी की सरकार आदिवासी ,हरिजन और पिछड़ा लोगों का आरक्षण को संविधान बदल कर खत्म करने का साजिश कर रही है और सरकारी संस्थाओं को निजीकरण कर हमारी सरकारी नौकरी को खत्म करने की साजिश रच रही है ।हमारी सरकारी सुविधाएं और हक और अधिकार को खत्म करना चाहती है और बीजेपी की ग़लत नितियों के कारण देश के चन्द पूंजीपतियों के पास देश का 70 प्रतिशत रुपया है ,जो आने वाले समय में अगर शत् प्रतिशत रुपया होने से देश को गुलाम बना सकते हैं। बीजेपी संविधान बदल कर हमारी जमीन की रक्षा कवच कानून सीएनटी और एसपीटी एक्ट को खत्म कर आदिवासी और दलित लोगों का कीमती जमीन को अपने मित्रों को बिजनेस,व्यपार और खदान, करखाने के लिए देने की साजिश रच रही है तथा इसके अलावे हमारे कई संवैधानिक अधिकार से साजिश रच कर वंचित करना चाहती है ,मगर कांग्रेस पार्टी ने संविधान की रक्षा के लिए कमर कस ली है कि कभी भी बीजेपी की ग़लत साजिश को सफल होने नहीं देगी संविधान की रक्षा करने के लिए सभी लोगों को हमारे इस अभियान में साथ देने को कहा ।मौके पर इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा नाग,जिला अल्पसंख्यक सचिव जमीर हसन,जलडेगा मंडल अध्यक्ष अनिल डांग, घुटबहार पंचायत अध्यक्ष सुनील जोजो,समरोम डांग, बेन्यामिन डांग, बिनीता टोपनो, सेवंती टोपनो, ऐमन टोपनो, गुलसन कंडुलना, इलियास लुगुन सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मनरेगा संचालित योजना संबंधित प्रशिक्षण

**ठेठईटांगर।** प्रखंड सभागार में मनरेगा संबंधित योजना को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य ट्रेनर शिशिर टोप्पो और दिव्या रशिम बरला ने उपस्थित थे। उन्होंने प्रशिक्षण में पंचायत ऑपरेटर अपने पंचायत में मनरेगा संबंधित इंट्री करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में जॉब कार्ड बनाना, योजना का इंट्री, मास्टर रोल निकालना, पेमेंट करना संबंधित 21 बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

# आकांक्षी जिला कार्यक्रम में नीति आयोग की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**जलडेगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत संकेतकों को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने की। बैठक में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई अहम प्रस्ताव रखे गए। शिक्षा के क्षेत्र में जीरो ड्रॉप आउट पंचायत,कुपोषण मुक्त पंचायत और शतप्रतिशत बच्चियों को सावित्री बाई फुले छात्रवृत्ति योजना से जोड़ने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही समुदायिक स्तर पर मोहल्ला क्लास चलाकर पंचायत के बच्चों के अधिगम स्तर को सुधारने की बात कही गई। वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुपोषित मुक्त पंचायत, एनीमिया मुक्त पंचायत, फाइलेरिया मुक्त पंचायत और टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिए कार्य करने की योजना बनाई गई। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा पंचायतवार स्वयंसेवकों को पांच महीने के इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित करने की भी चर्चा की गई। बैठक में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग की बीपीएम, पंचायती राज के बीपीआरओ, सभी पंचायतों के मुखिया, सचिव, प्रखंड समन्वयक, लेडी सुपरवाइजर,फैसिलिटेटर के रूप में पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि सोमेंन साऊ और अमित कुमार भगत ने भाग लिया। इस बैठक का उद्देश्य नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत विकास के मानकों को पूरा करना एवं समाज के अंतिम पायदान तक अभिसरण करके समग्र विकास को सुनिश्चित करना है।

## ऑटो पलटी, कई सवारी हुए घायल

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के गांगुटोली पियोसोकरा के समीप मंगलवार की शाम एक ऑटो पलट गया। जिससे ऑटो में सवार कई सवारी घायल हो गए। बताया गया कि लोम्बई साप्ताहिक हाट से एक ऑटो में सवार होकर सवारी अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में देवदरहा के समीप ऑटो नलट गई। दुर्घटना में एक यात्री 50 वर्षीय तिरलुस जोन आंशिक रुप से घायल हो गए। घटना के बाद घायल सवारी ने चालक से इलाज कराने का आग्रह किया।

## हक और अधिकार प्राप्ति को लेकर सामुदायिक संगठनों को दिया गया प्रशिक्षण

# मजदूरों को श्रम विभाग में निबंधन कराने पर दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता




**जलडेगा।** प्रखंड में रियर परियोजना के तहत 25 लक्षित गांव में हक और अधिकार प्राप्ति को लेकर काम रही लीड्स संस्था द्वारा टीनगिना पंचायत में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर सामाजिक संगठन के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला समूह के सदस्य, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रशिक्षा दौरान संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने ग्राम प्रधानों को गांव के विकास के साथ ही नेतृत्व विकास के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों को पंचायत राज व्यवस्था, ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत की बैठक, ग्राम सभा व ग्राम पंचायत की आठ स्थायी समितियां, ग्राम प्रधान की भूमिका एवं कर्तव्य, विभागीय योजनाएं, ग्राम पंचायत विकास योजना आदि के बारे विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए 18 से 59 वर्ष के हरेक लोगों को श्रम विभाग में आवश्यक रूप से निबंधन करने के लिए कहा। मौके पर उपस्थित प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा ने पशुधन विकास की जानकारी देते हुए इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पशुओं में होने वाले रोग, उनका निवारण और दवा आदि की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने लीड्स के साथ जुड़कर किसानों को खेती के साथ साथ पशुपालन पर भी जोर देने को कहा। संस्था की कार्यकर्ता फ्रिस्का केरकेट्टा और सुनीता देवी ने महिला समूह के सदस्यों को आजीविका वृद्धि करने और स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया उन्होंने समूह के दस सूत्रों को पालन करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए गांव के स्कूल और आंगनबाड़ी पर भी विदेश ध्यान देने की बात कही। कलिंद्र प्रधान ने किसानों को कृषि विभाग और आत्मा से मिलने वाली योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर ब्लॉक चेन में सभी किसानों को रजिस्ट्रेशन करने की अपील की। इस दौरान मुखिया कल्याण गुड़िया, उप मुखिया प्रभा बा, रोजगार सेवक राजेश महतो, वार्ड सदस्य एंजेला डुंगडुंग, रोशनी देवी, बिलासी देवी, लिली सुरीन, गिरधारी बिनझिया, जल सहिया बेली बेनेदिकता केरकेट्टा, एस्थर सोरेंग, कुंवारी गुड़िया, स्वास्थ्य सहिया उर्मिला बागे, सुमिरा टेटे, ग्राम सभा अध्यक्ष ऑस्कर डुंगडुंग, कोषाध्यक्ष बलदेव सिंह, सचिव और सामाजिक संगठन से जुड़े लोग उपस्थित थे।

# ऑटो पलटाने पर चालक ने यात्री को चाकू मारकर किया घायल

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के लमबोई देवदरहा नाला के पास बाजार से पैसेंजर बैठा कर जलडेगा की ओर आ रही एक सवारी ऑटो पलटने से अंदर बैठे यात्री बाल बाल - बच गए। लेकिन इस बीच दुर्घटना के कुछ मिनट बाद ऑटो चालक ने अपने ही एक यात्री को चाकू से दो जगह मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक की पहचान सिरनूस जोजो, पियोसोकरा, टिनगिना निवासी के रूप में हुई है।

## कैसे हुई घटना



घायल व्यक्ति ने बताया कि वह लम्बोई बाजार से वापस अपने घर आ रहा था। इस बीच ऑटो चालक ने देवदरहा नाला के पास नियंत्रण खो कर ऑटो को पलटा दिया, जिसके बाद उसने ऑटो चालक को पूछा कैसे गाड़ी चला रहे है बस ये बात ऑटो चालक को बर्दाश्त नहीं हुई उसने ऑटो से चाकू निकलाकर सिरनुस के गर्दन और छाती के पास हमला कर दिया। ऑटो में बैठे और एक यात्री को भी चालक ने मारने के लिए दौड़ाया। जिसके बाद चालक खुद गाड़ी को लेकर जलडेगा के रास्ते कोलेबिरा की ओर भाग निकला। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पियोसोकरा चौक के पास घायल का प्राथमिक उपचार कराया। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मीडिया को मिलते ही मीडिया द्वारा कोलेबिरा थाना को घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद कोलेबिरा पुलिस के एसआई सकलदेव महतो ने बरवाडीह मोड़ के पास चेकिंग चलाकर आरोपी ऑटो चालक को पकड़ लिया। ऑटो चालक की पहचान तुरतन बागे, पिता अमुस बागे, गांव रैसियां, हुंदीटोली, थाना कोलेबिरा के रूप में हुई है।

# न्यूज बॉक्स

## बांग्लादेश में हो रहे हैं हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ कुरडेग बंद आज



**कुरडेग।** उमा महेश्वर महावीर मंदिर परिसर में विश्व हिन्दू परिषद की बैठक श्रवण बड़ाईक की अध्यक्षता में की गई बैठक में आज बांग्लादेश में हो रहे सनातनियों पर अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा सामूहिक आंदोलन का आयोजन एवं बंद का आह्वान किया गया है। जिसको सफल बनाने के लिए चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि बंद को सफल बनाना है जिसमें सभी गाँव के लोगों का सहयोग मिल रहा है। साथ ही आग्रह किया गया है सभी सनातनी बंधु अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। और व्यापारी बंधुओं से भी अपने प्रतिष्ठान को बंद करने का निवेदन किया गया,इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी सुशील श्रीवास्तव, कृष्णकांत सिंह, द्वारिका जायसवाल, रविन्द्र शर्मा, घनश्याम राम ,बलबीर कुमार, सुमीत कुमार, जसवंत प्रधान ,भीम सिंह,रवि जयसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार में विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर



**सिमडेगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मंगलवार को ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम,चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव,असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल आदि ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में प्राधिकार की सचिव हेमरोम ने विधान से समाधान कानून,क्यूआर कोड एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे जानकारी दी। उन्होंने डायन प्रथा,घरेलू हिंसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा से मिलने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में बताया। सचिव ने कहा कि लोग समझौते योग्य मामलों के निष्पादन के लिए लोक अदालत या स्थाई लोक अदालत का सहारा ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्थाई लोक अदालत में किसी तरह का कोई फीस नहीं लिया जाता है। उन्होंने 14 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे लोगों को जानकारी देते हुए लोगों से इसका लाभ लेने की अपील की। असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल के द्वारा पोक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी दी गई एवं चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव के द्वारा जेल में रहने वाले कैदियों को मिलने वाली निःशुल्क सरकारी सहायता के बारे में बताया गया। उन्होंने महिला उत्पीड़न उन्मूलन के बारे बनें कानूनों के बारे में बताया। उपभोक्ता फोरम की सदस्य लता तिर्की ने उपभोक्ता फोरम से मिलने वाली सुविधा और अधिवक्ता लुदाम बाहा सांगा ने बाहर काम करने जाने वाले श्रमिकों के रजिस्ट्रेश के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब कोई काम करने बाहर जाए तो श्रम विभाग से जरूर रजिस्ट्रेशन करा लें।उक्त कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विश्व मानव अधिकार दिवस पर जिला विधिक में एसएस प्लस टू विद्यालय में किया गया कार्यक्रम



**सिमडेगा।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मंगलवार को एस एस प्लस टू विद्यालय सिमडेगा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर न्यायिक पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं द्वारा आम व्यक्ति को कानून में मिले विभिन्न अधिकारों के बारे जानकारी दी। सचिव मरियम हेमरोम ने कहा कि मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा मनाया जाता है। यह उस दिन की याद दिलाता है जब 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार दिवस की औपचारिक शुरुआत 1950 में हुई,जब महासभा ने प्रस्ताव पारित कर सभी राज्यों और इच्छुक संगठनों को प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस के रूप में अपनाने के लिए आमंत्रित किया। जब महासभा ने घोषणा को अपनाया, तो इसे सभी लोगों और सभी राष्ट्रों के लिए उपलब्धि का एक सामान्य मानक घोषित किया गया, जिसके लिए व्यक्तियों और समाजों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रगतिशील उपायों के माध्यम से प्रयास करना चाहिए, ताकि उनकी सार्वभौमिक और प्रभावी मान्यता और पालन सुनिश्चित हो सके। चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि घोषणा में मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता की एक विस्तृत श्रृंखला निर्धारित की गई है,जिसके हम सभी हकदार हैं। यह राष्ट्रीयता,निवास स्थान,लिंग,राष्ट्रीय या जातीय मूल,धर्म,भाषा या किसी अन्य स्थिति के आधार पर भेदभाव किए बिना हर व्यक्ति के अधिकारों की गारंटी देता है ।मानवाधिकार हमारे रोज़मर्रा के जीवन में मानवाधिकारों की प्रासंगिकता पर ज़ोर देती है। डिप्टी एलएडीसीएस बृखभान अग्रवाल ने कहा कि किसी मानव के अधिकारों का अगर उल्लंघन होता है तो इसके लिए गठित मानव अधिकार आयोग के शरण में जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयोग मामले में दोषी पाए जाने पर दंडित कर सकता है। उन्होंने मानव अधिकार आयोग के ढांचा,उनके दायित्व और कार्यों के बारे विस्तृत जानकारी दी। असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल ने भी मानवाधिकार के हितों को लेकर बनें कानूनों के बारे बताया। मौके पर काफी संख्या में विद्यालय के बच्चे और शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

## विश्व मानविधकार दिवस पर छात्रों को मिली कानून की जानकारी

**सिमडेगा।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मंगलवार को एसएस प्लस टू उवि में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर न्यायिक पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं द्वारा आम व्यक्ति को कानून में मिले विभिन्न अधिकारों के बारे जानकारी दी। सचिव मरियम हेमरोम ने कहा कि मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा मनाया जाता है। यह उस दिन की याद दिलाता है जब 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार दिवस की औपचारिक शुरुआत 1950 में हुई। जब महासभा ने प्रस्ताव पारित कर सभी राज्यों और इच्छुक संगठनों को प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस के रूप में अपनाने के लिए आमंत्रित किया। जब महासभा ने घोषणा को अपनाया, तो इसे सभी लोगों और सभी राष्ट्रों के लिए उपलब्धि का एक सामान्य मानक घोषित किया गया, जिसके लिए व्यक्तियों और समाजों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रगतिशील उपायों के माध्यम से प्रयास करना चाहिए, ताकि उनकी सार्वभौमिक और प्रभावी मान्यता और पालन सुनिश्चित हो सके।

## एक नजर

### साईं धुर्वा 'ए' ने 8 विकेट से जीता मैच

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर मैदान में जूनियर मंथन क्लब बनाम साईं धुर्वा ए के बीच खेला गया। जूनियर मंथन क्लब ने 19 ओवर में 10 विकेट पर 71 रन बनाया। बाबू आलम ने 21, आदित्य ने 10 रन बनाया। अनुकृष्ण ने पांच विकेट लेकर 20 रन दिया। वहीं ओम और अमर को 2-2 विकेट मिले। वहीं 71 रनों का पीछा करने उतरी साईं धुर्वा ए की टीम ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 75 रन बनाया लिया। अक्षांश ने 31, राजकुमार ने 10 रन बनाये। वहीं विकास ने एक विकेट लेकर 18 रन दिया। साईं धुर्वा 'ए' की टीम ने 8 विकेट से जीत दर्ज की।

### अधूरे कार्यों को पूर्ण करें : प्रमुख राजकुमार पाठक

**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड परिसर के सभाकक्ष में मंगलवार को प्रमुख राजकुमार पाठक की अध्यक्षता में पंचायत समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अंचल, प्रखंड, आपूर्ति, समाज कल्याण, शिक्षा, बिजली विभाग अबुआ आवास स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पेयजल विभाग सहित अन्य विभागों के विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की गई । संबंधित विभाग के पदाधिकारियों ने विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी उपस्थित सदस्यों को दिया । बैठक में पिछले 1 अक्टूबर को आयोजित बैठक में लिए गए प्रस्तावों की भी चर्चा की गई । आयोजित पंचायत समिति की बैठक में अंबुआ आवास , जल - नल योजना में अनियमितता का मुद्दा छाया रहा। पंसस मोहन हाजरा ने कहा कि अहिल्यापुर पंचायत के दुल्हडीह गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय दुल्हडीह में आज तक एमडीएम की शुरूआत नहीं हो पाई जिसके कारण उक्त विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे एमडीएम से वंचित रह जाते हैं ।

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने की धनबाद जिले की समीक्षा

# लंबित मामलों का जल्द निष्पादन करें : आयुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में धनबाद जिले की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार कक्ष धनबाद में आयोजित की गई। बैठक के लिए समाहरणालय पहुंचने पर प्रमंडलीय आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बैठक के दौरान आयुक्त द्वारा ऑनलाइन कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम मामलों, भू-अर्जन, भूमि हस्तांतरण एवं लीज बंदोबस्ती मामले समेत विभिन्न मामलों के निष्पादन वं लंबित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा समेत धनबाद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयुक्त के द्वारा ऑनलाइन कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के द्वारा न्यायालय वादों के निष्पादन एवं लंबित मामलों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अंचल अधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अवर निबंधक से न्यायालय वादों के निष्पादन के प्रक्रिया और लंबित मामलों की जानकारी ली गई। जानकारी के उपरांत लंबे समय से लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ हीं सभी अंचल के म्यूटेशन के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने संबंधित अंचलाधिकारियों को तय समय सीमा के अंतर्गत निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राजस्व संग्रहण से संबंधित विभागों के प्रतिनिधि तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला के सभी भू-अर्जन,भूमि हस्तांतरण एवं लीज बंदोबस्ती संबंधित लंबित मामलों की प्रमंडलीय आयुक्त ने समीक्षा की। इस दौरान धनबाद में संचालित कोल खनन परियोजना, रेलवे के प्रोजेक्ट, गोमो फ्लाईओवर समेत अन्य परियोजना के भू-अर्जन एवं अधिग्रहित की गई भूमि की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निदेश दिए।

## छात्राओं ने डीडीसी से की स्कूल से निकाल देने की शिकायत




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतों को सुना। उदलबनी कांकोमठ से आई छात्राओं ने उप विकास आयुक्त को बताया कि वे बाघमारा प्रखंड के कतरास अंचल स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जमुआटांड में पढ़ाई करती है। 2 दिसंबर को वहां के प्रभारी प्रधानाध्यापक और सहायक शिक्षक ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए स्कूल से निकाल दिया। इसके बाद दोनों ने छात्राओं का स्कूल आना भी बंद कर दिया। इस कारण उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। जबकि परीक्षाएं भी नजदीक है। छात्राओं की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उप विकास आयुक्त ने तत्काल जिला शिक्षा पदाधिकारी को फोन कर मामले की जांच करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में अवैध निर्माण कार्य रुकवाने, न्यायालय में मुकदमा लंबित होने के बावजूद जमीन पर जबरन जेसीबी चलाकर उसका नेचर बदलने, गुरुजी क्रेडिट कार्ड निर्गत कराने, जबरन चाहर दिवारी तोड़कर जमीन पर अवैध कब्जा करने,बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 अंतर्गत सेन्द्रा बांसजोड़ा साइडिंग में नियोजक द्वारा हाई पावर कमेटी के अनुसार वेतन का भुगतान नहीं करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। उप विकास आयुक्त ने सभी शिकायतों का निवारण करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।जनता दरबार में निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### आरएसए (सीनियर) ने 9 विकेट से जीत दर्ज की



**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट टाटीसिल्वे मैदान में आर्यन कोकर 'ए' व आरएसए (सीनियर) के बीच खेला गया। आर्यन कोकर 'ए' की टीम ने 11.4 ओवर में 10 विकेट पर 42 रन बनाया। सत्यनारायण ने सर्वाधित 11 रन बनाया। वहीं आशीष ने 6 ओवर में 8 विकेट लिया। आरएसए (सीनियर) ने 3.2 ओवर में एक विकेट खोकर 43 रन बनाया। विजय ने 11 व शौर्य ने 22 रन बनाया। उदय ने सात ओवर में एक विकेट लिया। आरएसए (सीनियर) ने 9 विकेट से जीत दर्ज की।

### रॉकमेन्स रेड ने 144 रन से जीत दर्ज की



**रांची।** लिटिल विंग स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू स्टेडियम में रॉकमेन्स रेड बनाम अरगोड़ा येलो के बीच खेला गया। रॉकमेन्स रेड ने 33 ओवर में नौ विकेट पर 240 रन बनाया। विशाल कुमार ने 74, इशित तिवारी ने 31, कृष्णा जेना ने 26 रन बनाये। तनवीर अंसारी ने 3 विकेट लेकर 33 रन दिया। राकेश साहू ने दो विकेट लेकर 43 रन दिया। अरगोड़ा येलो ने 24.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 96 रन बनाया। ध्रुव शर्मा ने 45, सत्यम कुमार ने 12 रन बनाया। दीपांशु ने 6 विकेट लेकर 23 रन दिया। वहीं मनीष राणा ने दो विकेट लेकर 14 रन दिया। जबकि कृष्णा जेना ने दो विकेट लेकर नौ रन दिया। कॉकमेन्स रेड ने 144 रन से जीत दर्ज की।

### विवेकानन्द विद्या मंदिर ने 6 विकेट से जीता टूर्नामेंट



**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट सुकुरहुट्ट मैदान में बघवार अकादमी बनाम विवेकानन्द विद्या मंदिर के बीच खेला गया। बाघवार अकादमी ने 21.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 68 रन बनाया। राहुल महतो ने 12 व गौरव उरांव ने सर्वाधिक 10 रन बनाये। प्रियांशु कुमार ने चार विकेट लेकर 20 रन दिया। विवेकानन्द विद्या मंदिर ने 11.1 ओवर में पांच विकेट खोकर 69 रन बनाया। विकी ने 26 व अनुराग शर्मा ने 14 रन बनाया। गौरव उरांव ने चार विकेट लेकर 30 रन दिये। विवेकानन्द विद्या मंदिर ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। विद्यामंदिर ने बेहतर खेल खेलते हुए जीत दर्ज की। झारखंड में खेल प्रतिभाओं को कमी नहीं है सिर्फ इसे संवारने की जरूरत है।

### डीजल चोरी करने आये चोरों ने डंपर चालक को पीटा



**कतरास।** बीसीसीएल एरिया 4 के वेस्ट मोदीडीह हाजिरी घर के समीप पार्किंग स्थल के सामने डीजल चोरी करने आये डीजल चोरों का विरोध करने पर अपराधियों ने डंफर चालक रामप्यारे भुईयाँ एवं जनरल मजदुर मो. वारिस को बुरी तरह पीट कर जख्मी कर दिया। घटना के बाद जानकारी मिलने पर वहीं काम कर रहे सहयोगियों ने उसे उठाकर इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पताल तिलाटांड़ कतरास ले गया।जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल धनबाद रेफर कर दिया। इधर मारपीट की घटना के बाद कर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर थोड़ी देर के लिए कार्य का बहिष्कार कर दिया। लेकिन

जमीन मामले में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह धरना प्रदर्शन शुरू

# जमीन कारोबारी अशोक चौरसिया पर लगा अवैध कब्जा करने का आरोप




**नवीन मेल संवाददाता। बाघमारा** ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले अंचल कार्यालय बाघमारा में दर्जनों भू - स्वामी ने अपने जमीन के म्यूटेशन, ऑनलाइन प्रविष्टि, रसीद कटवाने,जमीन विवाद हेतु नापी कर सीमांकन आदि के लिए अनिश्चितकालीन सत्याग्रह धरना प्रदर्शन मंगलवार से शुरू किया। सभी रैयतों ने बाघमारा सीओ को आरटीआई आवेदन देकर अपने अपने शिकायत पर हुई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जोगीडीह निवासी रैयत कमल महतो ने बताया कि विगत एक - दो वर्षों से अपनी पुश्तैनी जमीन का ऑनलाइन प्रविष्टि करने और अद्यतन रसीद कटवाने के लिए सीओ कार्यालय का चक्कर काट रहें है। रैयत बाणेश्वर महतो ने बताया की 29 जून 2024 से अब तक अर्थात 5 महीना से उसका म्यूटेशन का आवेदन कर्मचारी के आईडी में लंबित है। अबुआ आवास में जमीन विवाद के कारण धमाबांध के विशाल कुमार महतो अपनी मां के साथ धरना में बैठे है और सीओ से जमीन मापी की फरियाद कर रहें है। धरना को ग्राम स्वराज अभियान के प्रमुख जगत महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि अंचल कार्यालय में भ्रष्ट्राचार व्याप्त है,जिसके कारण आम रैयत के जमीन संबंधी शिकायत का निवारण अधिकारी नहीं करता है। यह विडंबना है कि पत्रकार की जमीन को भी भू - माफिया अंचल के मिलीभगत से लुट रहा है और इंसाफ के लिए पत्रकार को भी धरना पर बैठना पड़ रहा है।

### राजस्व बढ़ाने के लिए प्रमंडलीय आयुक्त ने दिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश

**हजारीबाग।** आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिला आंतरिक संसाधन समिति तथा जिला टास्क फोर्स की समीक्षा की। उन्होंने खनन, कमर्शियल टैक्सेस, निबंधन, परिवहन, वन विभाग, मत्स्य विभाग तथा नगर निगम सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने सभी विभागों को शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करने तथा राजस्व बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिए।

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**
Email Id- dlaohazaribag@gmail.com

**जनसुनवाई (Public Hearing) हेतू आम सूचना**

SIA आम सूचना सं0 2116/भू0अ0 दिनांक 03/12/2024

एतद् द्वारा सभी हितबद्ध रैयतों को सूचित किया जाता है कि बादाम कोल परियोजना, एन0टी0पी0सी0 लिमिटेड हेतु अधिग्रहण की जाने भूमि के कारण प्रभावित विस्थापितों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन हेतु निर्माण के लिए ग्राम मोतरा, थाना नं0 139, एवं ग्राम अम्बाजीत, थाना नं0 136, अंचल बड़कागाँव में 110.01 एकड़ रैयती भूमि के अधिग्रहण हेतु झारखण्ड भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार नियमावली, 2015 के तहत प्रपत्र-1 में अधियाचना प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के परिपेक्ष्य में झारखण्ड राज्य SIA इकाई के रूप में अधिसूचित इकाई CRADLE को भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-4 के प्रावधानों के तहत् बादम कोल परियोजना, एन0टी0पी0सी0 लिमिटेड के प्रभावित विस्थापितों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन हेतु सामाजिक समाधान निर्धारण अध्ययन समपन्न कर अधिसूचित इकाई CRADLE द्वारा ड्राफ्ट SIA रिपोर्ट समर्पित की गई है।

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार नियमावली 2015 के नियम 11 के उपबंधों के अधीन प्रभावित क्षेत्रों में जनसुनवाई आयोजित कर ड्राफ्ट SIA रिपोर्ट जनसुनवाई के पटल पर रखने एवं नियमानुसार SIA के प्रमुख निष्कर्ष को बताने, निष्कर्षों पर मंतव्य मांग ने तथा अंतिम दस्तावेज में इसे सम्मिलित करने हेतु अतिरिक्त सूचना और मंतव्य मांगने के लिए जनसुनवाई अंचल अधिकारी, बडकागांव की अध्यक्षता में बैठक आहूत करने हेतु निम्नरूपेण तिथि एवं स्थान निर्धारित की जाती है:-

| क्रं0 सं0 | ग्राम | स्थान | ग्राम सभा की तिथि | समय | जनसुनवाई (Public Hearing) में भाग लेने हेतु प्राधिकृत पदा0/कर्मचारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अम्बाजीत एवं मोतरा | मध्य विद्यालय, अम्बाजीत | 23.12.2024 | 10:30 बजे पूर्वाह्न | अंचल अधिकारी, बड़कागाँव एवं सभी संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी। |

ह0/-
उपायुक्त, हजारीबाग
PR 341672 Land Reforms(24-25)#D

## बलियापुर थाना परिसर की मापी कराई गई



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** मंगलवार की सुबह बलियापुर अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के निर्देश पर अंचल अमीन के द्वारा बलियापुर थाना परिसर की मापी कराई गई। ताकि थाना परिसर में चारदिवारी का निर्माण कराया जा सके। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले थाना प्रभारी बलियापुर के द्वारा मौखिक रूप से यह सूचना दी गई थी कि बलियापुर थाना परिसर में किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य में कुछ व्यक्तियों के द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जाता है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अंचल अधिकारी थाना परिसर का निरीक्षण कर अंचल अमीन को मापी करने का निर्देश दिया था।मापी के दौरान थाना प्रभारी,थाना कर्मी, चौकीदार एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक में लगी आग

**गावां, गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के पसनौर पुल के पास मंगलवार की सुबह गिट्टी लोड ट्रक ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में फाइनेंस कंपनी के 2 कर्मी जख्मी हो गए। घटना के दौरान 50 मीटर से अधिक दूर तक ट्रक ने बाइक को घसीटता ले गया, जिससे बाइक में आग लग गई और काफी हद तक जल गया। बाद में दोनों घायलों को आनम-फानन में गावां अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि तिसरी प्रखंड के भंडारी निवासी रंजन पंडित पिता सुरेंद्र पंडित (24) वर्ष, बिहार के नवादा निवासी बिपिन कुमार पिता नरेश प्रसाद (26) वर्ष अपनी बाइक से सतगावां के चेतना इंडिया फाइनेंस कार्यालय से पैसा कलेक्शन के लिए क्षेत्र जा रहा था।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति की कार्यकारिणी का गठन



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस समिति भूली श्याम नगर जो कि रक्तदान शिविर लगाने के साथ - साथ हर महीने के प्रत्येक रविवार को जरूरतमंदों के लिए भोजन बांटने का काम करते आ रही है।संस्था के राकेश कांति विश्वास का कहना है कि संस्था बीते पाँच सालों से सामाजिक कार्य करते आ रही है। अब इस समिति को एक प्रारूप तैयार करके सामाजिक सुरक्षा के साथ कार्य करने की तैयारी में जुटी हुई है।संस्था प्रत्येक वर्ष दो बार रक्तदान शिविर एवं पूरे साल हर जरूरतमंदों की सहायता के लिए हर पल तत्पर रहती है। समिति के गठन होने से संस्था को एक नई ऊर्जा के साथ - साथ बल प्राप्त होगी।जिससे संस्था किसी भी सामाजिक कार्य मे बढ़ चढ़कर हिस्सा ले सकेगी। नई समिति में राजेन्द्र प्रसाद साव एवं गुरुदेव सिंह को संयोजक,राकेश कांति विश्वास को अध्यक्ष,रमेश यादव एवं मिंटू साव को कार्यकारी अध्यक्ष,रिंकू साव एवं गणेश रवानी को उपाध्यक्ष, दिलबाग सिंह को सचिव, सहायक सचिव में शोमेश साव,दीपक रवानी,सूरज प्रसाद, गोपाल डें, संदीप साव को संयुक्त सचिव, गोपाल बैनर्जी को कोषाध्यक्ष एवं मुन्ना साव को सहायक कोषाध्यक्ष चुना गया।साथ ही विश्वजीत मुखर्जी, सुजल साव, शुभम साव ,रिंकल सिंह,प्रदीप बाउरी, सोनू कुमार एवं शिवा कुमार को संस्था के सक्रिय सदस्य मनोनीत किए गए।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,लोहरदगा**
**(समाज कल्याण)**
दूरभाष संख्या :-06526-295011/फैक्स संख्या :-295011
email :- awc4.monitoring@gmail.com

**आम सूचना**

निदेशक, समाज कल्याण, झारखण्ड राँची के पत्र संख्या-3083/स0क0 दिनांक-03.12.2024 द्वारा लोहरदगा जिला अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं के आँगनवाड़ी केन्द्रों में रिक्त सेविका एवं सहायिका के पदों पर चयन हेतु माह-दिसम्बर, 2024 में निर्धारित आम सभा की तिथिवार विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र0 स0 | परियोजना का नाम | पंचायत का नाम | आँगनवाड़ी केन्द्र का नाम | पद का नाम | चयन की तिथि | आम सभा का स्थल | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भण्डरा | बड़ागाई | कुन्दो-1 | सेविका | 19.12.2024 | रा0उ0म0वि0, कुन्दो | 11:00 Am |
| 2 | भण्डरा | भीठा | नगड़ी | सेविका | 20.12.2024 | अखड़ा, नगड़ी | 11:00 Am |
| 3 | भण्डरा | भीठा | मकुन्दा | सेविका | 21.12.2024 | आँ0 केन्द्र मकुन्दा | 11:00 Am |
| 4 | भण्डरा | जमगाई | झीको हडरो टोली | सहायिका | 23.12.2024 | आँ0 केन्द्र झीको हडरो टोली | 11:00 Am |
| 5 | भण्डरा | भीठा | कचमची बाजार टोली | सहायिका | 24.12.2024 | आँ0 केन्द्र कचमची बाजार टोली | 11:00 Am |
| 6 | कुडू | हनहट | हनहट-3 | सहायिका | 16.12.2024 | आँ0 केन्द हनहट-3 | 11:00 Am |
| 7 | कुडू | ककरगढ़ | लापुर बरवाटोली | सहायिका | 16.12.2024 | आँ0 केन्द्र लापुर बरवाटोली | 02:00 Pm |
| 8 | कुडू | सढ़ाबे | खरता-1 | सहायिका | 19.12.2024 | आँ0 केन्द्र खरता-1 | 11:00 Am |
| 9 | कुडू | कैरो | कैरो जामुन टोली | सहायिका | 19.12.2024 | आँ0 केन्द्र कैरो जामुन टोली | 02:00 Pm |
| 10 | कुडू | बड़की चॉपी | कुन्दगड़ा | सहायिका | 21.12.2024 | आँ0 केन्द कुन्दगड़ा | 12:00 Pm |
| 11 | लोहरदगा सदर | भटखिजरी | ईरगॉव छोटका टोली | सहायिका | 12.12.2024 | आँ0 केन्द्र ईरगॉव छोटका टोली | 11:00 Am |
| 12 | लोहरदगा सदर | गुड़ी | बाघी ठेका टोली | सहायिका | 12.12.2024 | आँ0 केन्द्र बाघी ठेका टोली | 01:30 Pm |
| 13 | लोहरदगा सदर | हिरही | हिरही टोंगरी टोली | सहायिका | 13.12.2024 | आँ0 केन्द्र हिरही टोंगरी टोली | 11:00 Am |
| 14 | लोहरदगा सदर | हिरही | हरिहरपुर | सहायिका | 13.12.2024 | आँ0 केन्द्र हरिहरपुर | 01:30 Pm |
| 15 | लोहरदगा सदर | हेसल | कुर्से कुम्बा टोली | सहायिका | 16.12.2024 | आँ0 केन्द्र कुर्से कुम्बा टोली | 11:00 Am |
| 16 | लोहरदगा सदर | बाघा | बसरी पतरा टोली | सहायिका | 17.12.2024 | आँ0 केन्द्र बसरी पतरा टोली | 11:00 Am |
| 17 | लोहरदगा सदर | अरकोसा | भक्सो कोयला टोली | सहायिका | 17.12.2024 | आँ0 केन्द्र भक्सो कोयला टोली | 01:30 Pm |
| 18 | लोहरदगा सदर | निंगनी | गांगुपारा पुराना टोली | सहायिका | 23.12.2024 | आँ0 केन्द्र गांगुपारा पुराना टोली | 11:00 Am |
| 19 | किस्को | नवाडीह | नवाडीह नवाटोली | सहायिका | 19.12.2024 | अखड़ा के समीप | 11:00 Am |
| 20 | किस्को | परहेपाट | दरंगा टोली | सहायिका | 19.12.2024 | आँ0 केन्द्र दरंगा टोली | 01:00 Pm |
| 21 | किस्को | खरकी | खरकी अम्बा टोली | सहायिका | 21.12.2024 | आँ0 केन्द्र खरकी अम्बा टोली | 11:00 Am |
| 22 | किस्को | खरकी | ऊपर कोचा | सहायिका | 21.12.2024 | आँ0 केन्द्र ऊपर कोचा | 01:00 Pm |
| 23 | किस्को | परहेपाट | छत्तर टोली | सहायिका | 24.12.2024 | आँ0 केन्द्र छत्तर टोली | 11:00 Am |
| 24 | किस्को | परहेपाट | परहेपाट | सहायिका | 24.12.2024 | बखरी दुरा परहेपाट | 01:00 Pm |
| 25 | किस्को | हिसरी | रनगड़ा खम्हन | सहायिका | 27.12.2024 | आँ0 केन्द्र रनगड़ा खम्हन | 11:00 Am |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा
PR 341698 Lohardaga(24-25)#D

# विभाग राजस्व बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करें : आयुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग पवन कुमार ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिला आंतरिक संसाधन समिति तथा जिला टास्क फोर्स की समीक्षा की। उन्होंने खनन, कमर्शियल टैक्सेस, निबंधन, परिवहन, वन विभाग, मत्स्य विभाग तथा नगर निगम सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने सभी विभागों को शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करने तथा राजस्व बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिए। खनन विभाग की समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने खनिज संपदा के अवैध कारोबार पर त्वरित कार्रवाई करने तथा विभिन्न कोलियरी में कोयले के भंडारण का औचक वॉल्यूमैट्रिक जांच करने के निर्देश दिए। एक्साइज विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने अवैध शराब निमार्ता पर कड़ी कार्रवाई करने तथा लाइसेंसी बार में औचक जांच करने के निर्देश दिए। कमर्शियल टैक्सेस की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने डिफॉल्टरों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा मोबाइल चेकिंग कर राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार,जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा सहित सभी अंचल अधिकारी व अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। समीक्षा बैठक के बाद आयुक्त ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की बैठक कर विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने उप विकास आयुक्त से विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी परियोजनाओं का कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## समाजसेवी सोहराब खान ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया अपना जन्मदिन



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** समाजसेवी सह चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के संस्थापक सदस्य सोहराब खान हमेशा की तरह मंगलवार को अपना जन्मदिन पहला कदम के दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। सोहराब खान अपने चिरपरिचित अंदाज में बच्चों को गुलाब का फूल देकर व बच्चों के साथ केक काट कर अपने जन्मदिन की खुशियां दिव्यांग बच्चों के साथ साझा की।सोहराब खान के साथ समाजसेवी दिलीप सिंह भी जन्मदिन के कार्यक्रम में उपस्थित थे।सोहराब खान और दिलीप सिंह की जोड़ी सामाजिक कार्यों में पूरे कोयलांचल में अपना एक अलग मुकाम रखती है। सोहराब खान ने अपने जन्मदिन के अवसर पर धनबाद के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपनी खुशियों में ऐसे बच्चों को भी शामिल करें।तब सही मायने में खुशियां मुकम्मल होंगी। सोहराब और दिलीप ने बच्चों के साथ अल्पाहार किया।दिलीप सिंह ने दिव्यांग बच्चों के साथ सोहराब खान को अपने जन्मदिन की खुशी साझा करने की प्रशंसा की और कहा कि सच में खुशियां बांटने से ही बढ़ती हैं।

संपादकीय

# एक देश एक चुनाव विधेयक लाने की तैयारी

एक देश एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की रिपोर्ट को कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अब केंद्र सरकार इसे शीतकालीन सत्र में संसद में लाएगी। पारंपरिक चुनाव व्यवस्था के उलट ये संविधान संशोधन वाला बिल है और इसके लिए राज्यों की सहमति भी जरूरी है। सूत्रों ने बताया कि गहन विचार-विमर्श सुनिश्चित करने और व्यापक आधार पर आम सहमति बनाने के लिए, सरकार विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने की योजना बना रही है। जेपीसी इस परिवर्तनकारी प्रस्ताव पर सामूहिक सहमति की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा करेगी। सरकार का इरादा चर्चा में विभिन्न हितधारकों को शामिल करने का भी है। 2024 के आम चुनाव में बीजेपी ने वन नेशन वन इलेक्शन का वादा किया था। मार्च में, राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में पैनल ने अपनी 18,626 पेज वाली रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर जोर देकर कहा था कि लगातार चुनाव देश के विकास को धीमा कर रहे थे।बीजेपी सहयोगी, जेडीयू और एलजेपी ने भी औपचारिक रूप से इस कदम का समर्थन किया है, वहीं विपक्षी दलों ने विरोध किया है। ऐसा करने से देश को न केवल लगातार चुनावों से छुटकारा मिलेगा, बार-बार आचार संहिता लगाने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं और अनावश्यक खर्च का बोझ देश पर पड़ता है। लागू होने पर एक ही समय या एक ही वर्ष में केंद्र और राज्य के प्रतिनिधियों को चुनने के लिए सभी भारतीय लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान करेंगे। यही नहीं वन नेशन वन इलेक्शन के लागू होते ही नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों के चुनाव भी साथ होंगे। वर्तमान में, केंद्र सरकार का चयन करने के साथ-साथ एक नई राज्य सरकार के लिए भी लोगा मतदान करते हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव लागू होने में अभी बाधाएं भी कई हैं। कैबिनेट से पास होने के बाद सरकार इसपर बिल लाएगी। संविधान में संशोधन और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों के साथ-साथ संभवतः प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा उस संशोधन का अनुमोदन किए बिना नहीं इसे लागू नहीं किया जा सकेगा। भारत जैसे विशाल और भौगोलिक रूप से दुर्गम तथा उग्रवादियों या आतंकवादियों के कारण अशांत देश में निर्बाध रूप से निष्पक्ष चुनाव कराना एक चुनौती है।अभी गड़बड़ी वाले राज्यों में अर्द्धसैनिक बलों को बारी-बारी से सभी क्षेत्रों में भेजा जाता है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि अगर देश की जनसंख्या बढ़ी है तो तकनीक और अन्य संसाधनों का भी विकास हुआ है। इसलिए एक देश एक चुनाव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इससे काले धन और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। एक साथ चुनाव कराने से सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों को बार-बार चुनावी ड्यूटी पर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे उनका समय तो बचेगा ही और वे अपने कर्त्तव्यों का पालन भी सही तरीके से कर पायेंगे। लेकिन एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर हमारा संविधान मौन है। संविधान में कई ऐसे प्रावधान हैं जो इस विचार के बिल्कुल विपरीत दिखाई देते हैं। जैसे अनुच्छेद 2 के तहत संसद द्वारा किसी नये राज्य को भारतीय संघ में शामिल किया जा सकता है और अनुच्छेद 3 के तहत संसद कोई नया राज्य राज्य बना सकती है जहां अलग से चुनाव कराने पड़ सकते हैं। इसी प्रकार अनुच्छेद 85(2)(ख) के अनुसार राष्ट्रपति लोकसभा को और अनुच्छेद 174(2)(ख) के अनुसार राज्यपाल विधानसभा को पाँच वर्ष से पहले भी भंग कर सकते हैं।

## महिला श्रम बल भागीदारी दर

# आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण 2017-18 से 2022-23 का अवलोकनात्मक विश्लेषण



महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर (एलएफपीआर) महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और समग्र आर्थिक समावेशिता का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। यह शोध पत्र 2017-18 से भारतीय राज्यों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में उल्लेखनीय पुनरुत्थान को उजागर करते हुए कठोर अर्थमितीय विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

### अनुभवजन्य विश्लेषण के लिए तीन व्यापक विषय हैं

- महिला एलएफपीआर में हालिया रुझान
- एलएफपीआर पर वैवाहिक स्थिति और मातृत्व-पितृत्व का प्रभाव
- भारत के सभी क्षेत्रों और राज्यों में उम्र और लिंग के साथ एलएफपीआर में भिन्नता।

इस अध्ययन में इस्तेमाल किया गया डेटा सभी उपलब्ध (2017-18 से 2022-2023) में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से लिया गया है। पीएलएफएस 2.5 मिलियन से अधिक व्यक्तियों के लिए विस्तृत रोजगार और जनसांख्यिकीय डेटा प्रदान करता है, जिससे राष्ट्रीय, राज्य और ग्रामीण/शहरी स्तरों पर रुझानों और विविधताओं का विश्लेषण संभव हो पाता है। एलएफपीआर की गणना 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की कुल आबादी के सापेक्ष नियोजित और बेरोजगार व्यक्तियों (काम की तलाश करने वाले या काम के लिए उपलब्ध) के प्रतिशत के रूप में की जाती है।

परिणाम तीन खंडों में प्रस्तुत किए गए हैं। परिणामों का पहला सेट 2017-18 से 2022-23 तक महिला एलएफपीआर के रुझान को दर्शाता है।

राष्ट्रीय स्तर पर, ग्रामीण महिला एलएफपीआर 24.6% से बढ़कर 41.5% (~ 69% वृद्धि) हो गई, जबकि शहरी एलएफपीआर मामूली रूप से 20.4% से बढ़कर 25.4% (~ 25% वृद्धि) हो गई। महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय भिन्नताएं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, झारखंड (~ 233% वृद्धि) और बिहार (~ 6 x वृद्धि) जैसे राज्यों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। पूर्वोत्तर राज्यों ने भी उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई (उदाहरण के लिए, नगालैंड: 15.7% से 71.1%) की वृद्धि। राष्ट्रीय स्तर पर, शहरी क्षेत्रों में कुल मिलाकर मामूली वृद्धि देखी गई।

परिणामों का दूसरा सेट, आयु, वैवाहिक स्थिति और घरेलू संरचना, विशेष रूप से 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की उपस्थिति के आधार पर महिला एलएफपीआर प्रस्तुत करता है।

सामान्य रुझान दर्शाते हैं कि लगभग सभी राज्यों में महिला एलएफपीआर में वृद्धि हुई है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक वृद्धि देखी गई है। हमने यह भी पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं ने अविवाहित महिलाओं की तुलना में अधिक भागीदारी वृद्धि दिखाई है। राजस्थान और झारखंड जैसे राज्यों ने विशेष रूप से विवाहित महिलाओं के बीच महत्वपूर्ण वृद्धि दिखाई। हालांकि, महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराज्यीय भिन्नताएं हैं। उत्तरी राज्यों में, पंजाब और हरियाणा में महिला एलएफपीआर कम रही। पूर्वी राज्यों में, ग्रामीण बिहार में देश में सबसे कम एलएफपीआर था, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें महत्वपूर्ण सुधार हुआ है - विशेष रूप से ग्रामीण विवाहित महिलाओं के लिए।



डॉ. शमिका रवि
(ईएसी-पीएम)



डॉ. मुदित कपूर
(आईएसआई, दिल्ली)

पूर्वोत्तर राज्यों में, ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश सबसे आगे हैं। पूर्वोत्तर के शहरी क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं के बीच मध्यम वृद्धि देखी गई है, जबकि देश के अन्य हिस्सों में शहरी क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं के लिए मामूली वृद्धि देखी गई है। पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों में, एलएफपीआर में वृद्धि मुख्य रूप से ग्रामीण महिलाओं के बीच केंद्रित है, जबकि शहरी क्षेत्रों में केवल मामूली वृद्धि देखी गई है। आंध्र प्रदेश में बच्चों वाली शहरी महिलाओं की एलएफपीआर में बड़ी गिरावट आई है।

परिणामों का तीसरा सेट लिंग और आयु के आधार पर एलएफपीआर में अंतर प्रस्तुत करता है। इसमें पाया गया कि वैवाहिक स्थिति और बच्चों की उपस्थिति प्रत्येक श्रेणी के लिए कैसे अंतर लाती है। कुल मिलाकर परिणाम दर्शाते हैं कि महिला एलएफपीआर एक घंटी के आकार का वक्र बनाती है, जो 30-40 वर्ष की आयु में चरम पर होती है और उसके बाद तेजी से घट जाती है। दूसरी ओर, पुरुष एलएफपीआर 30-50 वर्ष की आयु से उच्च (~100%) रहता है, उसके बाद धीरे-धीरे घटता है। महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए वैवाहिक स्थिति एलएफपीआर का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है। विवाहित पुरुष लगातार राज्यों और आयु समूहों में उच्च एलएफपीआर प्रदर्शित करते हैं, जबकि विवाह महिला एलएफपीआर महत्वपूर्ण रूप से कम होता जाता है, खासकर शहरी क्षेत्रों में। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की उपस्थिति महिला एलएफपीआर को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है, विशेष रूप से युवा महिलाओं (20-35 वर्ष) के लिए और शहरी क्षेत्रों में यह अधिक प्रबल रूप से प्रभावित करती है।

भारत ने 2017-18 से 2022-23 तक विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में पर्याप्त वृद्धि देखी है। पिछले दस वर्षों में सरकार की कई योजनाएं हैं, विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को लक्षित करते हुए। इनमें मुद्रा ऋण, 'ड्रोन दीदी' योजना और दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत जुटाए गए एसएचजी ग्रामीण महिलाओं के लिए कुछ प्रमुख पहलों के नाम हैं। ऐसी कई अन्य पहलें हैं जिन्हें पूरे भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण के साथ जोड़ा गया है। हमारा शोध पत्र इन पहलों के अंतिम परिणाम को भारत भर में और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में संचयी और महत्वपूर्ण वृद्धि की पड़ताल करता है। हालांकि, इन कार्यक्रमों के प्रभावों का मूल्यांकन करने और भारत की महिला एलएफपीआर में लगातार अंतर-राज्यीय और ग्रामीण-शहरी असमानताओं का पता लगाने के लिए गहन शोध की आवश्यकता है।

देश की बात

## बीमा सखी योजना : ग्रामीण महिलाओं को बनायेगी सशक्त



प्रियंका सौरभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पूर्व हरियाणा के पानीपत से महिलाओं के लिए 'बीमा सखी' योजना शुरू की। बीमा सखी योजना का उद्देश्य बीमा के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। यह महिला उद्यमिता को बढ़ावा देता है और पूरे भारत में आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाता है। खास बात यह है कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत से ही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरूआत की थी। पानीपत शहर ऐतिहासिक रूप से महत्त्वपूर्ण है। यह अपनी लड़ाइयों के लिए जाना जाता है और अब भारत में महिला सशक्तिकरण पहलों का केंद्र बिंदु है। 'बीमा सखी योजना' शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना से लाखों महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करके महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत, महिलाएँ जीवन बीमा निगम की एजेंट बनेंगी, जिससे वे बीमा बेच सकेंगी और आय अर्जित कर सकेंगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। 'बीमा सखी योजना' महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा पर केंद्रित है, जो महिलाओं के लिए बीमा कवरेज को बढ़ावा देती है। यह योजना महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाना है। यह योजना वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। महिलाओं को बीमा उत्पादों तक पहुँच प्राप्त होगी, जो कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। इस सहायता का उद्देश्य महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। यह लैंगिक समानता के बारे में एक मजबूत संदेश भेजेगा। यह पहल महिला अधिकारों के लिए राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। इसका उद्देश्य महिलाओं को अपने भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करना है। 'बीमा सखी योजना' पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। योजना के तहत चुनी गई महिलाएँ एलआईसी एजेंट के रूप में काम करेंगी और अपने समुदायों में बीमा सेवाएँ प्रदान करेंगी। इससे न केवल महिलाओं के लिए रोजगार पैदा होगा बल्कि वित्तीय साक्षरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से गहरा नाता है, अक्सर वे इसे महत्त्वपूर्ण पहलों के लिए लॉन्चिंग ग्राउंड के रूप में चुनते हैं। 2015 में पानीपत से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' आंदोलन की शुरूआत सहित मोदी के अभियानों के साथ राज्य का इतिहास महिलाओं के कल्याण के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए एक मिसाल कायम करता है। महिला अधिकारों पर ध्यान देने के लिए जाना जाने वाला हरियाणा एक बार फिर सामाजिक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने की राज्य की विरासत को और मजबूत करेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

यूनीसेफ स्थापना दिवस

# यूनिसेफ : बाल कल्याण की अग्रणी संस्था



डॉ. रमेश ठाकुर

बाल कल्याण की बात हो या बाल अधिकारों की रक्षा, दोनों में प्रहरी की भूमिका निभाती है 'यूनिसेफ'। यूनिसेफ का नाम सुनते ही बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे संस्था के प्रयासों का ध्यान आता है। आज 'विश्व यूनिसेफ दिवस' है। एक ऐसी संस्था जो संसार के 190 देशों के दुर्गम स्थानों पर पहुंच कर बाल अधिकारों की हिमायत के लिए मजबूती से लड़ती है। बाल कल्याण की सुविधाएं विश्व के प्रत्येक जरूरतमंद, कमजोर और वंचित बच्चों तक पहुंचे, इसके लिए यूनिसेफ की टीमें चौबीसों घंटे ग्रांउड जीरो पर तैनात रहती हैं। यूनिसेफ का मतलब होता है 'संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष' जिसका आरंभ 11 दिसंबर, 1946 को 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' द्वारा किया गया था। शुरूआती समय में संस्थान में मात्र 43 देश शामिल हुए लेकिन कुछ वर्षों बाद ये संख्या 100 पार कर गई। आज इस संस्था के साथ 190 देश जुड़े हुए हैं। संस्था से जुड़ने वाले देशों की संख्या में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। यूनिसेफ के 5 लाख प्रतिनिधि इस समय पूरी दुनिया में कार्यरत हैं। वहीं, भारत में 18 हजार के करीब कर्मचारी दुर्गम स्थानों पर बाल कल्याण के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। बाल तस्करी की रोकथाम में इस संस्था की अलग टीमें कार्य करती हैं। भारत में रोजाना करीब 69,000 बच्चे पैदा होते हैं। उन सभी नौनिहालों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बाल संरक्षण में यूनिसेफ इंडिया बेहतर कदम उठाने को संकल्पित है। इस समय यूनिसेफ की टीमें युद्धग्रस्त यूक्रेन-रूस, ईरान-इराक, अफगानिस्तान जैसे देशों जुटी हुई हैं। इन देशों के अभावग्रस्त बच्चों के पालन-पोषण के अलावा इन बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्था काम कर रही है। समय के साथ यूनिसेफ ने अपनी कार्यशैली में बदलाव किए। पहले इस संस्था का काम सिर्फ बाल अधिकारों की रक्षा के क्षेत्र में था। बाद में बच्चों के जीवन में बेहतरी के क्षेत्र में भी संस्था ने अपने कार्यों का विस्तार किया। फिलहाल यूनिसेफ की टीमें माताओं और नवजात शिशुओं के लिए एचआईवी की रोकथाम और उपचार, पर्याप्त पानी, स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, बाल स्वास्थ्य व पोषण जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं। भारत के नजरिए से यूनिसेफ को देखें तो वर्ष 1949 में मात्र तीन सदस्यीय स्टाफ ने यहां काम शुरू किया। संस्था ने साल 1952 में दिल्ली में अपना कार्यालय स्थापित किया। वर्तमान में भारत के 16 राज्यों में इसके कार्यालय हैं, जहाँ से बाल कल्याण व बाल अधिकारों से जुड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाते हैं। भारत में इनका प्रतिनिधित्व सिंथिया मैककैफ्रे करती हैं जिनकी अक्टूबर 2022 में नियुक्ति हुई थी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

प्रत्येक को तर्क और भावना, दोनों के आन्तरिक सन्तुलन के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि वह एक सम्पूर्ण व्यक्तित्व, सम्पूर्ण मनुष्य बन जाए। ईश-सम्पर्क से आप अपने भीतर इन दोनों गुणों में सामंजस्य अथवा सन्तुलन लाते हैं।

# अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना



श्री श्री परमहंस योगानंद

ई और स्त्री को भी पुरुष को इसी भाव से देखना चाहिए। जब पुरुष और स्त्री एक दूसरे से सच्चाई एवं पवित्रता से प्रेम करते हैं, तो उनके बीच शरीर, मन और आत्मा का पूर्ण सामंजस्य होता है। जब उनका प्रेम अपने उच्चतम स्वरूप में अभिव्यक्त होता है, तो इसका परिणाम पूर्ण एकात्मता के रूप में होता है। दो व्यक्ति जो अपना जीवन ईश्वर अनुभूति की प्राप्ति में परस्पर सहायक होने के लिए सम्बद्ध करते हैं. वे अपने विवाह की नींव अचित आधार अर्थात अशर्त मैत्री, पर रख रहे होते हैं। पति एवं पत्नी के बीच, माता-पिता एवं सन्तान के बीच, मित्र एवं मित्र के बीच, स्वयं एवं सभी के बीच पवित्र और अशर्त प्रेम का विकास करना, एक ऐसी शिक्षा है जिसे सीखने के लिए हम पृथ्वी पर आए हैं। सच्चा विवाह एक प्रयोगशाला है जिसमें स्वार्थपरायणता, क्रोधी स्वभाव एवं बुरे व्यवहार के विषों को सहनशीलता की परखनली में डालकर प्रेम एवं शालीन व्यवहार करने के सतत प्रयास की उत्प्रेरणात्मक शक्ति के द्वारा उन्हें निष्प्रभावित एवं परिवर्तित किया जा सकता है। यदि आपके जीवनसाथी में कोई ऐसी आदत या गुण है जो आपकी चित्तवृत्ति में अप्रिय लक्षणों को जागृत करता है, तो आपको इस परिस्थिति के अभिप्राय को समझना चाहिए: अर्थात आपके भीतर छिपे हुए उन विषों को बाहर लाना ताकि आप उन्हें मिटा सकें और इस प्रकार अपने स्वभाव को निर्मल कर सकें।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**तुम समाज में किस तरह ला सकते हो शांति।**
**गड़ी हुई है कील-सी संविधान में जाति।।**
बुद्धिनाथ मिश्र, देहरादून

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

आपकी बात

# संस्मरण साहित्य की अवधारणा



राकेश कुमार
(अध्यापक एवं कवि)
कण्वाश्रम, ग्राम- पनेरीबांध, पोस्ट- झरीवा, जिला--पलामू, झारखंड।

जिंदगी एक सफर है सुहाना.. जीवन के संदर्भ में अक्सर हम इस पंक्ति को दुहरा या गुनगुना लेते हैं। वस्तुतः ऐसा है भी। हम भोजन, वस्त्र, आवास, चिकित्सा, शिक्षा आदि कारणों से न जाने कितनी-कितनी यात्राओं और उन यात्राओं में न जाने कितनी यंत्रणाओं, मंत्रणाओं, याचनाओं और वंचनाओं से गुजरते चले जाते हैं और बिना इस बात की परवाह किए कि इनमें से क्या स्मरणीय है और क्या विस्मरणीय। विस्मरण धारा की दिशा में गमन की भाँति मस्तिष्क की एक सहज क्रिया है जबकि स्मण ठीक इसके विपरीत। हमारी आँखों के सामने संसार में न जाने कितनी वांछित-अवांछित घटनाओं का प्रकटीकरण होता है जिनमें से कुछ हमसे प्रत्यक्षतः संबंधित भी होती हैं। परंतु, हमारी स्मृति उनमें से कितनों को सहेज पाती है? विद्यार्थी जीवन में जिसकी स्मरण-शक्ति तीक्ष्ण होती है उसे सहज रूप से मेधावी मान लिया जाता है। स्कूली पाठ्यक्रम के कतिपय शिक्षण विंदु स्मरण शक्ति के विशेष परीक्षक होते भी हैं, यथा संस्कृत के शब्द रूप, अंग्रेजी के प्रीपोजीशन, हिंदी की कविताएँ, गणित के सूत्र, इतिहास की तिथियाँ, अर्थशास्त्र की परिभाषाएँ, भूगोल के मानचित्र पर स्थलों का चिन्हिकरण, सामाजिक विज्ञान में संविधान के अनुच्छेद, भौतिकी की इकाइयाँ, रसायन शास्त्र के अपवाद, जीव विज्ञान के नोमेन्क्लेचर आदि ..आदि। इन बिंदुओं ने न जाने कितनों के छक्के छुड़ाए और कितनों को स्कूल...। स्कूल परिवार के बाद का एक ऐसा स्थल है जहाँ से अधिकांश विद्यार्थियों की खट्टी-मीठी स्मृतियाँ जुड़ी होती हैं, कुछ की शिक्षकों से, कुछ की सहपाठियों से, कुछ की दोनों से..। स्मृति का एक सिरा वर्तमान से तो दूसरा सिरा अतीत से बंधा होता है। वर्तमान में दृश्यमान अतीत को 'स्मरण' की संज्ञा दी जा सकती है और अभिव्यक्त स्मरण को 'संस्मरण' की। संस्मरण का संबंध उस अतीत से है जो अनुभव के रूप में वर्तमान में कायम रहता है। संस्मरण समय सरिता के दो तटों--अतीत और वर्तमान के बीच एक पार पथ है। इसके बीज समय की धुंध में ओझल होती जिंदगी को फिर से मूर्तिमान करने की आंतरिक अभिलाषा के कारण अंकुरित होते हैं। संस्मरण न तो सूचना के आधार पर लिखे जा सकते न ही तटस्थ साक्षी भाव के आधार पर। इसके लिए तो संस्मरणकार का स्वयंसिद्ध अनुभव ही काम आता है। इस अनुभव धार में रचनाकार को स्वयं डूबना-उतराना होता है। भले इस अनुभव की अवधि छोटी हो या खंडित। संस्मरण की प्रकृति अंतर्विरोधी है। जहाँ इसकी रचना के लिए हार्दिकता का संस्पर्श और अंतर्मुखता का संकोच अपेक्षित है वहीं इसकी अभिव्यक्ति के लिए बहिमुर्खी परिचय विस्तार। और इस विरोधाभासी गुणों का स्वामी ही एक उत्कृष्ट संस्मरणकार हो सकता है। संस्मरण और संस्मरणकार का सम्बंध 'सैलून' में आमने-सामने लगे दर्पण की तरह होता है जिसमें दीखने वाले के साथ दिखाने वाला भी कहीं-न-कहीं प्रतिबिंबित होता है। संस्मरण अपने विषय-वस्तु के साथ-साथ अपने रचयिता को भी कम आलोकित नहीं करता। संस्मरण अपनी रोचकता, वस्तुनिष्ठता, संदर्भधर्मिता, जीवंतता एवं सत्यता के कारण साहित्य जगत में अपनी स्वतंत्र सत्ता स्थापित करने में सफल रहा है। द्विवेदी युग में गद्य के अनुकूल उर्वर भावभूमि में संस्मरण साहित्य का पदार्पण हुआ। प्रायः प्रत्येक नयी विधा अपने आगमन की घोषणा पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से ही करती है।संस्मरण-साहित्य भला इसका अपवाद क्यों रहे! उस युग की सबसे महत्वपूर्ण पत्रिका 'सरस्वती' में इसके बीज अंकुरित, पल्लवित, पुष्पित और फलित हुए।सरस्वती के सम्पादक महावीर प्रसाद द्विवेदी जी ने स्वयं 'अनुमोदन का अंत', 'सभा की सभ्यता', 'विज्ञानाचार्य बसु का विज्ञान मंदिर' आदि की रचना कर संस्मरण-साहित्य को मार्गदर्शित किया। संस्मरण लेखन के क्षेत्र में महादेवी वर्मा का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जा सकता है। परन्तु, उनके गद्य- लेखन में संस्मरण एवं रेखाचित्र एक दूसरे में संक्रमित होते रहते हैं, इसलिए यह कहना आसान नहीं कि उनकी कौन-सी रचना विशुद्ध रेखाचित्र है और कौन-सी विशुद्ध संस्मरण। अपनी प्रकृति में संस्मरण मूलतः विधा नहीं है। इसमें रेखाचित्र, कहानी, निबंध, जीवनी और आत्मकथा की अनेक विशेषताएँ समाहित हैं। संस्मरणकार यदि किसी व्यक्ति, वस्तु, घटना या भाव का कम-से-कम शब्दों में मर्मस्पर्शी, भावपूर्ण और सजीव अंकन कर दे तो संस्मरण रेखाचित्र के निकट होगा। यदि विषय-वस्तु में वर्णन समाहित हो तो यह निबंध की शैली होगी। यदि लेखक अपने बारे में अधिक लिख दे तो वह आत्मकथा, अन्य व्यक्ति के विषय में अधिक लिख दे तो वह जीवनी और किसी घटना का रहस्योद्घाटन रचना के अंत में करे तो वह कहानी के निकट। संस्मरण की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें लेखक अपने समय के इतिहास को लिखना चाहता है। इसीलिए संस्मरण लेखक के लिए यह जरूरी होता है कि अन्य उपलब्ध स्रोतों से भी वह अपने विषय के बारे में जानकारी प्राप्त करे और उसके पिछले जीवन और उसके विभिन्न पक्षों की सापेक्षता में अपना पक्ष प्रस्तुत करे। औपचारिकता और अविश्वसनीयता जैसे तत्व संस्मरण के सबसे प्रबल शत्रु हैं। इसीलिए सामान्यतः संस्मरण परिचय की माँग करता है। जिस व्यक्ति के संस्मरण लिखे जा रहे हैं उसकी रचना- दृष्टि, सामाजिक दायित्व और विभिन्न मुद्दों पर प्रकट किए गए विचार पूरी विश्वसनीयता और प्रामाणिकता के साथ उनमें आने चाहिए। आदर्श संस्मरण वही है जिसमें लेखक अपने विषय के प्रति सारे समादर के साथ किसी प्रकार की एकांगिता से बचकर चलता है। अपने संस्मरण के लिए चुने गए व्यक्ति को संपूर्ण और विश्वसनीय रूप में प्रस्तुत करने की दृष्टि से भी यह जरूरी है कि संस्मरण में संतुलन और वस्तुपरकता के महत्व को समझा जाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आधुनिक तकनीक से दुनिया के सबसे बड़े हेडकाउंट की तैयारी

एजेंसी। महाकुंभनगर

जहां एक ओर महाकुंभ-2025 श्रद्धालुओं की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा, तो वहीं योगी सरकार मॉडर्न टेक्नोलॉजी की मदद से दुनिया का सबसे बड़ा हेडकाउंट कर नया इतिहास बनाएगी। ऐसा अनुमान है कि इस बार महाकुंभ में 40 से 45 करोड़ के बीच श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज आ सकते हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं का सही आंकलन किया जा सके, इसके लिए योगी सरकार तकनीक के माध्यम से एक-एक श्रद्धालु का हेडकाउंट करने जा रही है। यह महाकुंभ ही नहीं, बल्कि किसी भी बड़े आयोजन में दुनिया के अंदर सबसे बड़ा हेडकाउंट हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेला प्रशासन एआई तकनीक के साथ ही कई अन्य विधियों के जरिए इस उपलब्धि को हासिल करने का प्रयास करने में जुट गया है। प्रयागराज में जब भी कुंभ या महाकुंभ का आयोजन होता है तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने आते हैं। हालांकि, अब तक इनकी संख्या को काउंट करने की कोई सटीक तकनीक नहीं थी। इस बार योगी सरकार एआई कैमरों के साथ ही कई अन्य तकनीकों का सहारा ले रही है, ताकि महाकुंभ में आने वाले एक-एक श्रद्धालु की गिनती की जा सके और उन्हें ट्रैक भी किया जा सके।




### श्रद्धालुओं का हेडकाउंट बड़ी चुनौती

इस संबंध में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि इस बार महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने की संभावना है, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड होगा। इतनी बड़ी संख्या में लोगों की काउंटिंग और ट्रैकिंग के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं को ट्रैक करने के लिए मेला क्षेत्र के अंदर 200 स्थानों पर लगभग 744 अस्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जबकि शहर के अंदर 268 स्थानों पर 1,107 स्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यही नहीं, 100 से अधिक पार्किंग स्थलों पर 720 सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आईसीसीसी एवं पुलिस लाइन कंट्रोल रूम के अतिरिक्त अरैल एवं झूंसी क्षेत्र में भी व्यूइंग सेंटर्स बनाए गए हैं, जहां से श्रद्धालुओं की मॉनिटरिंग करने का प्रयास किया जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हेडकाउंट बड़ी चुनौती है, लेकिन इसमें एआई का उपयोग बहुत महत्वपूर्ण होगा। एआई का उपयोग करते हुए 'क्राउड डेंसिटी अल्गोरिदम' से लोगों की काउंटिंग का भी प्रयास किया जा रहा है। एआई आधारित क्राउड मैनेजमेंट 'रियल टाइम अलर्ट जनरेट' करेगा, जिसके माध्यम से संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की काउंटिंग एवं ट्रैकिंग करना आसान होगा।

# देश के नामचीन कवियों को भी श्रवण करेंगे कल्पवासी

एजेंसी। लखनऊ

महाकुंभ-2025 में संस्कृति का भी संगम होगा। योगी सरकार द्वारा यहां गायन, वादन, नृत्य समेत हर विधा के कलाकारों को मंच मुहैया कराया जाएगा। 10 जनवरी से 24 फरवरी तक यहां अनेक सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी, जिसमें कवि सम्मेलन भी शामिल है। श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी वीर रस, श्रृंगार रस, हास्य रस, करुण रस, भक्ति रस आदि में कविताओं का श्रवण करेंगे। कवि सम्मेलन में मेजबान उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेशों के कवि भी शामिल होंगे। विष्णु सक्सेना, बुद्धिनाथ मिश्र, अशोक चक्रधर, हरिओम पंवार, कुमार विश्वास, शैलेश लोढ़ा, मनोज मुंतशिर, विनीत चौहान, अनामिका अंबर, गजेंद्र सोलंकी, दिनेश रघुवंशी, सुनील जोगी सरीखे कवियों का काव्य पाठ भी प्रस्तावित है। यूपी संस्कृति निदेशालय ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर तैयारी कर ली है। 10 जनवरी से कवि सम्मेलन प्रारंभ होगा। इसमें स्थानीय कवियों को भी योगी सरकार अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराएगी। पहले दिन वाराणसी के अनिल चौबे, प्रयागराज के डॉ. श्लेष गौतम, रायबरेली के अभिजीत मिश्रा, आजमगढ़ के भालचंद्र त्रिपाठी, सोनभद्र की विभा सिंह श्रोताओं को कविताएं सुनाएंगी। 11 जनवरी को प्रयागराज के शैलेंद्र मधुर, रायबरेली के नीरज पांडेय, ललितपुर के पंकज पंडित, लखनऊ के शेखर त्रिपाठी, प्रयागराज की आभा माथुर कविता पाठ करेंगी। 16 जनवरी को देहरादून के नामचीन कवि बुद्धिनाथ मिश्र, देवास के शशिकांत यादव, इंदौर के अमन अक्षर, प्रयागराज के हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी, बालाघाटा के राजेंद्र शुक्ल का कविता पाठ होगा। 17 जनवरी को विनीत चौहान, दिल्ली के प्रवीण शुक्ल, मथुरा की पूनम वर्मा, इटावा के डॉ. कमलेश शर्मा, राजसमंद के सुनील व्यास महाकुंभ में कविता पाठ करेंगे। महाकुंभ में होने वाले सांस्कृतिक संगम में कई नामचीन कवि रहेंगे।

## राष्ट्रपति ने दिल्ली में मानवाधिकार दिवस समारोह को किया संबोधित, कहा

# साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए बने नए खतरे

**बालीं राष्ट्रपति**

**एआई अब हमारे दैनिक जीवन में कर चुका है प्रवेश**

**समस्याओं के समाधान के साथ पैदा कर रहा नई समस्याएं**




### कोई भी पीछे नहीं छूटे

राष्ट्रपति ने मानवाधिकार दिवस पर अपील की कि हमें न्याय, समानता और गरिमा के मूल्यों के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करना चाहिए, जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करते हैं। जैसा कि हम अपने समय की चुनौतियों का सामना करना जारी रखते हैं, हमें प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को बनाए रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे नहीं छूटे।

एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। उन्होंने कहा कि ये चुनौतियां एक सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करती हैं, जो प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अब हमारे दैनिक जीवन में प्रवेश कर चुका है, कई समस्याओं का समाधान कर रहा है और कई नई समस्याएं भी पैदा कर रहा है। हालांकि, एआई के साथ अपराधी एक गैर-मानव, लेकिन बुद्धिमान एजेंट हो सकता है।

राष्ट्रपति आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की पांच हजार वर्षों से अधिक की सभ्यतागत विरासत के साथ सहानुभूति, करुणा और सामंजस्यपूर्ण समुदाय के भीतर व्यक्तियों के परस्पर जुड़ाव के मूल्यों को लंबे समय तक कायम रखा है। जलवायु परिवर्तन हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों के बारे में सोच की समीक्षा करने के लिए मजबूर करता है। एक अलग जगह और एक अलग युग के प्रदूषक दूसरे स्थान और दूसरे काल के लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। इस संदर्भ में ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में भारत ने जलवायु कार्रवाई में सही ढंग से नेतृत्व संभाला है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, ग्रीन क्रेडिट पहल और पर्यावरण के लिए जीवन शैली, या लाइफ जैसी सरकारी पहल भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित ग्रह के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रदर्शन हैं। उन्होंने कहा कि इन मूल्यों के आधार पर एनएचआरसी और एसएचआरसी जैसी संस्थाएं नागरिक समाज, मानवाधिकार रक्षकों, विशेष प्रतिवेदकों और विशेष निगरानीकर्ताओं के साथ मिलकर सभी के लिए मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने मानवाधिकार उल्लंघनों को खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और हाशिए पर पड़े लोगों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए नीतिगत बदलावों की सिफारिश करने में एनएचआरसी द्वारा निभाई गई सक्रिय भूमिका की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सभी नागरिकों को नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी देने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। सरकार कई सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों की भी गारंटी देती है। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में मानसिक स्वास्थ्य खासकर हमारे बच्चों और युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। उन्होंने सभी हितधारकों से अपील की कि वे हमारे बच्चों और युवाओं को प्रभावित करने वाले तनाव को कम करने के लिए पर्याप्त उपाय शुरू करें। उन्होंने उद्योग जगत से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि बढ़ती 'गिग इकॉनमी' गिग श्रमिकों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न डाले।

# हंगामे के बीच संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)

भाजपा और विपक्ष द्वारा एक-दूसरे पर लगातार आरोप-प्रत्यारोप लगाने और शोर-शराबे के कारण मंगलवार को राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के साथ कांग्रेस के संबंधों को लेकर उन पर आरोप दोहराए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेता जॉर्ज सोरोस द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता वाली संस्था में सदस्य हैं। विपक्ष को ये साफ करना चाहिए कि जो लोग देश की सुरक्षा, संप्रभुता के लिए खतरा हैं, उन लोगों से उनका क्या रिश्ता है। देश जानना चाहता है। उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें हमारे देश को अस्थिर करना चाहती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गई है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने सारे आरोपों को खारिज करते हुए इसे झूठा करार दिया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष अदाणी के मुद्दे पर चर्चा करने से भाग रहा है। जगदीप धनखड़ ने अपने चैंबर में नड्डा और खड़गे के साथ बैठक की, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सदन सुचारू रूप से चले।

कार्यवाही शुरू होने के 6 मिनट के भीतर ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। इसी तरह सभापति जगदीप धनखड़ ने भी राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद ही राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों में फिर हो-हल्ला और नारेबाजी शुरू हो गई। नतीजतन शोर-शराबे के बीच दोनों सदनों की कार्यवाही आज दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही अब बुधवार (11 दिसंबर) को फिर शुरू होगी।



### संसद की कार्यवाही चलने नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण : संबित पत्रा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** संसद का शीतकालीन सत्र मंगलवार को भी हंगामे के बीच स्थगित हो गया। भाजपा नेता और लोकसभा सदस्य संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद को चलने नहीं देना चाहता। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष संसद की कार्यवाही चलने नहीं दे रहा है। वो जैकेट और मास्क पहनकर आते हैं, जो सम्मानजनक नहीं है। संसद परिसर में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में संबित पात्रा ने कहा कि विपक्ष को लोकतंत्र ठीक से समझ नहीं आता। राहुल गांधी को मास्क पहनकर लोगों की रिकॉर्डिंग करते देखना आश्चर्यजनक था। विपक्ष के नेता का व्यवहार ऐसा नहीं होता। राहुल गांधी को नहीं पता कि विपक्ष के नेता को कैसे व्यवहार करना चाहिए।

संबित पात्रा ने कहा कि यह संसद की कार्यवाही चल रही है, कोई फैशन शो नहीं है। आज हम देख सकते हैं कि समाजवादी पार्टी राहुल गांधी का सम्मान नहीं करती । वे उन्हें या मल्लिकार्जुन खरगे को भारत ब्लॉक का नेता नहीं मानते। उन्होंने कहा कि टीएमसी ने राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत ब्लॉक के स्ट्राइक रेट के बारे में बात की है। कुछ नेताओं ने ममता को भारत ब्लॉक के नेता के रूप में पेश करने की बात की है। क्या राहुल गांधी अब भी इंडी गठबंधन पर कायम हैं या वे इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने की क्षमता नहीं रखते हैं?

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# गुरुग्राम में पब बार के बाहर देसी बम से हमला

एजेंसी। गुरुग्राम (आईएएनएस)




एनआईए की टीम मौके पर पहुंची, दो संदिग्ध हिरासत में

गुरुग्राम में मंगलवार की सुबह लगभग 5:30 बजे सेक्टर-29 में एक पब बार के बाहर दो देसी बम फेंके गए। जिसमें एक बम फट गया, जबकि दूसरे को निष्क्रिय कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, धमाके में एक स्कूटी और क्लब का बोर्ड क्षतिग्रस्त हुआ है। हालांकि, रूटीन चेकिंग ड्यूटी पर तैनात गुरुग्राम पुलिस की क्राइम ब्रांच व स्वैट टीम ने आरोपी को बम फेंकते हुए देखा और उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान सचिन के रूप में हुई है। सचिन उत्तर प्रदेश के मेरठ का निवासी है। पुलिस ने इस मामले में एक और संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देसी बम भी बरामद किए हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की जांच कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सूचना मिलने पर एनआईए की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। गुरुग्राम पुलिस भी मौके पर मौजूद है।

# ग्रामीण भारत की साक्षरता दर में शानदार तेजी साक्षर महिलाओं की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने 100 प्रतिशत ग्रामीण साक्षरता हासिल करने में सरकारी प्रयासों और चुनौतियों को लेकर लोकसभा में जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले दशक में ग्रामीण भारत की साक्षरता दर में शानदार वृद्धि देखी गई है, जो सात वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच 2011 में 67.77 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 77.5 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने बताया कि यह वृद्धि मुख्य रूप से महिला साक्षरता में 14.5 प्रतिशत अंकों की वृद्धि से जुड़ी थी, जो इस अवधि के दौरान 57.93 प्रतिशत से बढ़कर 70.4 प्रतिशत हो गई। पुरुष साक्षरता में भी सुधार हुआ है, जो समान अवधि में 77.15 प्रतिशत से बढ़कर 84.7 प्रतिशत हो गई है। सदन में साक्षरता को लेकर सरकारी प्रयासों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, वयस्कों के बीच ग्रामीण साक्षरता सहित साक्षरता दर में सुधार करने के लिए भारत सरकार ने कई केंद्र प्रायोजित योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किए हैं, जैसे समग्र शिक्षा अभियान, साक्षर भारत, पढ़ना लिखना अभियान और चल रहे उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम। उन्होंने वयस्क साक्षरता को बढ़ावा देने में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (एनआईएलपी) की भूमिका पर जोर दिया, जिसे लोकप्रिय रूप से 'उल्लास योजना' के रूप में जाना जाता है। अप्रैल 2022 में शुरू किया गया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के साथ जुड़ा यह कार्यक्रम 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों को लक्षित करता है।

## आधी आबादी पर राजद प्रमुख के बयान पर जदयू ने दी तीखी प्रतिक्रिया

# लालू प्रसाद की सोच घटिया : संजय झा

एजेंसी। पटना (आईएएनएस)

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित 'महिला संवाद यात्रा' को लेकर राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद के 'आंख सेंकने' वाले बयान पर बयानबाजियों का दौर शुरू हो गया है। भाजपा और जदयू के नेता इसे घटिया सोच बता रहे हैं। बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लालू प्रसाद के बयान को निंदनीय बताते हुए कहा कि इस बयान के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इन्होंने जीवन भर बिहार को अपमानित करने का काम किया है। आज वह अपने जीवन के अंतिम मुकाम पर पहुंच गए हैं। उनका तन भी काम नहीं कर रहा है, मस्तिष्क भी काम नहीं कर रहा है। पहले भी अपने फूहड़पन के कारण बिहारी शब्द को गाली बना दिया। जाते-जाते फिर से वह उसी राह पर बढ़ रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि लालू प्रसाद को संवैधानिक पद का सम्मान करना चाहिए। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने लालू प्रसाद के बयान की निंदा करते हुए कहा कि उनका यह बयान आधी आबादी के बारे में घटिया सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा, आधी आबादी के बारे में इतनी घटिया सोच। इंडी गठबंधन के नेता के इस शर्मनाक बयान की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम होगी। हमें गर्व है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ऐतिहासिक फैसलों के कारण बिहार महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश कर रहा है। बिहार के मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि लालू प्रसाद जिस तरीके से अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, यह उनकी राजनीतिक शख्सियत को शोभा नहीं देता है। मुझे लगता है अपने बेटे को सत्ता दिलाने के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाने के लिए राजनीति का एक और स्तर नीचे उतार दिया है। लालू यादव से ऐसी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि बिहार की आधी आबादी के बारे में राजद की यही सोच है। इससे पहले, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित महिला संवाद यात्रा को लेकर पूछे गए प्रश्न पर लालू प्रसाद ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यात्रा पर जा रहे, अच्छी बात है। उन्होंने अपने अंदाज में कहा, नैन सेंकने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2025 में महागठबंधन की सरकार बिहार में बनेगी। नीतीश के 225 सीट जीतने के दावे पर उन्होंने कहा कि पहले आंख तो सेंक लें।



नीतीश की प्रस्तावित 'महिला संवाद यात्रा' पर 'आंख सेंकने' का बयान दिया था

### क्या राजद के लोग आंख ही सेंकते हैं : शाहनवाज



**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा पर 'आंख सेंकने' वाले बयान पर भाजपा नेता और पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि क्या राजद के नेता आंख ही सेंकते है। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि यह क्या हो गया है लालू यादव को, जिनको नीतीश कुमार अपना भाई, साथी, दोस्त कहते हैं, वे क्या ऐसी सोच रखते हैं? उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री इतने वरिष्ठ हैं, 'बिहार के रत्न' हैं, जिस पर देश को गर्व है। वे इतने लंबे काल तक मुख्यमंत्री रहे। जनता के चुने हुए मुख्यमंत्री हैं। लालू प्रसाद बुजुर्ग हो गए हैं। ऐसी उम्मीद नहीं थी कि वे इतनी घटिया सोच एक मुख्यमंत्री के लिए रखेंगे। उन्होंने कहा कि इस बयान के बाद अब तो राजद के लोग से आम लोग डरेंगे। इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व पर ममता बनर्जी के बयान पर लालू प्रसाद के समर्थन के संदर्भ में शाहनवाज हुसैन ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस से सभी बिछड़े बारी-बारी। कांग्रेस को अब इंडी एलाइंस से भी धक्का मार के उसको गठबंधन से बाहर कर रहे हैं। राहुल गांधी की लीडरशिप कोई भी मानने को तैयार नहीं है। जॉर्ज सोरस के अलावा कोई उनके साथ नहीं खड़ा है। उन्होंने साफतौर

### 'इंडिया' ब्लॉक में स्वार्थियों की जमात : विजय सिन्हा



**पटना।** विपक्षी महागठबंधन 'आईएनडीआईए' ब्लॉक का नेतृत्व तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी करने की 'इच्छा' को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मंगलवार को आईएएनएस से बात की। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता लालू यादव द्वारा ममता बनर्जी के 'आईएनडीआईए' ब्लॉक का नेतृत्व करने को लेकर विजय कुमार सिन्हा ने कहा- यह अवसरवादी, वंशवादी, परिवारवादी और स्वार्थी की जमात है। वहां पर लोग गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं। कभी कांग्रेस के साथ कभी कांग्रेस के विरुद्ध दबाव की राजनीति करने वाला व्यक्ति कभी जनता के हित में काम नहीं कर सकता। कांग्रेस को दरकिनार करने के सवाल पर उन्होंने कहा, उनका हिडेन एजेंडा, स्वार्थ और जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने वालों की जमात अपने बचाव के लिए गठबंधन बनाया था। लेकिन जनता ने उनको नकार दिया और उनको लगता है कि इस बैनर के तले उनका चेहरा नहीं छुप सकता, तो उन्होंने एक नया नाटक शुरू किया है।

### बेलगावी को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने की मांग

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता और सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने बेलगावी (बेलगाम) को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने की मांग की है। प्रियंका चतुर्वेदी ने पत्र में कहा कि महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा पर बेलगावी सहित कई शहरों और गांवों को लेकर सीमा विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। कर्नाटक विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरूआत के साथ ही तनाव बढ़ गया है, जिसके कारण बेलगावी में महाराष्ट्र एकीकरण समिति (एमईएस) के कार्यकर्ताओं और नेताओं को हिरासत में लिया गया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि दोनों राज्य सरकारों के बीच आम सहमति की कमी और आगे भी अशांति की संभावना को देखते हुए, मैं आपसे (अमित शाह) बेलगावी को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने पर विचार करने का आग्रह करता हूं। इससे शहर में सीमा विवाद को सुलझाने में मदद मिलेगी और नागरिकों को न्याय सुनिश्चित होगा, साथ ही केंद्रीय शासन के माध्यम से सभी भाषाई समुदायों को समायोजित किया जा सकेगा।

# हरभजन सिंह ने रोहित को नंबर छह पर रखने का किया समर्थन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए टीम इंडिया की रणनीति पर अपने विचार साझा किए और विश्वास जताया कि कप्तान रोहित शर्मा एडिलेड में अपने खराब प्रदर्शन के बावजूद नंबर 6 पर बल्लेबाजी करना जारी रखेंगे, जहां भारत को 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। रोहित पर्थ में शुरूआती टेस्ट से चूक गए थे, हालांकि एडिलेड टेस्ट में वह प्रभाव छोड़ने के लिए संघर्ष करते रहे, उन्होंने नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए दोनों पारियों में सिर्फ 9 रन बनाए। हरभजन को लगता है कि कप्तान के फॉर्म को ध्यान में रखते हुए उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने की कोई जरूरत नहीं है। हरभजन ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि बल्लेबाजी क्रम में कोई बदलाव होगा। हमने कल चर्चा की कि शायद रोहित शर्मा को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आना चाहिए। यहां तक कि (सुनील) गावस्कर साहब ने भी इसका सुझाव दिया था, लेकिन मुझे नहीं लगता कि टीम प्रबंधन इस तरह से सोचेगा। रोहित अभी शानदार फॉर्म में नहीं हैं, तो आप उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर क्यों भेजेंगे मुझे लगता है कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग जारी रखनी चाहिए, जबकि रोहित मध्य क्रम में बल्लेबाजी करें।' बल्लेबाजी क्रम में निरंतरता की वकालत करते हुए हरभजन ने भारत के गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव की भविष्यवाणी की। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन की जगह पर वाशिंगटन सुंदर को शामिल करने का सुझाव दिया जिन्होंने पर्थ में अपनी ऑलराउंड क्षमताओं से प्रभावित किया। उन्होंने कहा, 'वाशिंगटन सुंदर ब्रिसबेन टेस्ट के लिए वापस आ सकते हैं। अश्विन ने एडिलेड में ज्यादा गेंदबाजी नहीं की और उनका कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। दूसरी ओर, सुंदर बल्ले से बेहतर प्रदर्शन करते हैं और पर्थ में उन्होंने दो महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। मुझे लगता है कि उन्हें मौका मिलेगा।'

इसके अलावा उन्होंने पेस डिपार्टमेंट में बदलाव की बात कही। एडिलेड में संघर्ष करने वाले हर्षित राणा की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को मौका देने की बात की है। उन्होंने कहा, 'ब्रिसबेन की उछाल भरी पिच पर प्रसिद्ध कृष्णा काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं। उनकी लंबाई और उछाल हासिल करने की क्षमता उन्हें हर्षित राणा की जगह लेने के लिए एक मजबूत उम्मीदवार बनाती है।' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर को ब्रिसबेन क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाला है।

रोहित अभी शानदार फॉर्म में नहीं हैं, तो आप उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर क्यों भेजेंगे मुझे लगता है कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग जारी रखनी चाहिए, जबकि रोहित मध्य क्रम में बल्लेबाजी करें।'



हरभजन सिंह

**भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा**

- 6-10 दिसंबर: दूसरा टेस्ट, एडिलेड
- 14-18 दिसंबर: तीसरा टेस्ट, ब्रिस्बेन
- 26-30 दिसंबर: चौथा टेस्ट, मेलबर्न
- 03-07 जनवरी: पांचवां टेस्ट, सिडनी

## बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन रहेगा 'हाउसफुल'



**मेलबर्न(आईएएनएस)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन के टिकट बिक चुके हैं। 24 दिसंबर को कुछ सार्वजनिक टिकटों की अंतिम रिलीज की संभावना है, जो गैर-सदस्यों के लिए बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए अपनी सीट पाने का आखिरी मौका है, यह जानकारी दी गई है। इसके अलावा, सीए ने कहा कि एससीजी में नए साल के टेस्ट के लिए टिकट भी तेजी से बिक रहे हैं, जिसमें पहले से तीसरे दिन के लिए केवल श्रेणी ए और श्रेणी बी के सीमित टिकट उपलब्ध हैं। श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के लिए एडिलेड ओवल में रिकॉर्ड भीड़ उमड़ने के बाद यह मांग काफी बढ़ गई है, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। एडिलेड ओवल में तीन दिनों में कुल 135,012 दर्शकों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जो भारत के खिलाफ टेस्ट के लिए 113,009 के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया, जो 2014-15 में पांच दिनों में बनाया गया था। इसके अलावा, एडिलेड में भारत के खिलाफ टेस्ट के लिए एकल-दिवसीय उपस्थिति रिकॉर्ड भी पहले और दूसरे दिन क्रमशः 50,186

## एडिलेड में कमिंस अपने जश्न में अधिक आक्रामक थे: गिलक्रिस्ट



पैट कमिंस

**एडिलेड(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने एडिलेड ओवल में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कप्तान पैट कमिंस की आक्रामकता की सराहना की, जिसमें मेजबान टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। गुलाबी गेंद के टेस्ट में, कमिंस, मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड की ऑस्ट्रेलियाई तेज तिकड़ी ने भारत की पारी में सभी 20 विकेट चटकाए। कमिंस और स्टार्क ने सीम-फ्रेंडली सतह पर दबदबा दिखाया और दोनों ने मिलकर 15 विकेट साझा किए। पर्थ की 295 रन की हार में केवल तीन विकेट लेने वाले कमिंस ने एडिलेड में सात विकेट लिए और नियंत्रित आक्रामकता के साथ जश्न मनाया। फॉक्स क्रिकेट के द फॉलो-ऑन पॉडकास्ट पर गिलक्रिस्ट ने कहा, आप उनके जश्न से ही देख सकते हैं कि... उन्होंने जो भी विकेट लिया, उसका जश्न मनाने में वे अधिक आक्रामक थे। इस हद तक नहीं कि वे नियंत्रण खो बैठे, लेकिन आप यह स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि (पर्थ में) उनके प्रदर्शन के बाद उन्हें थोड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था और वे आंतरिक रूप से पर्थ में जिस तरह से खेले, उससे बहुत निराश हुए होंगे। गिलक्रिस्ट ने कहा, तो यह (एडिलेड में जश्न) आपको दिखाता है कि यह उनके लिए क्या मायने रखता है और उन्हें पता था कि वे उस स्तर पर वापस आ गए हैं जिस पर वे अपना क्रिकेट खेलना चाहते हैं। कमिंस शानदार थे, वे ऐसे दिख रहे थे जैसे पर्थ के बाद उन्हें थोड़ा सा तेल और ग्रीस बदलने और ट्यून अप की जरूरत हो, वे मैच के अंत तक ठीक हो रहे थे, इसलिए यह देखना शानदार था। उन्होंने आगे कहा, वे सिर्फ.एक इकाई थे, तीन गेंदबाज, नाथन लियोन ने (मैच में) सिर्फ.एक ओवर किया और मिच मार्श ने चार, लेकिन इसके अलावा, बड़े तीन - स्टार्क, बोल्ड, कमिंस - ने एक साथ शिकार किया और एक इकाई के रूप में गेंदबाजी की और यह देखना वाकई मजेदार था।" इस बीच, गिलक्रिस्ट ने डिफेंस में मार्नस लाबुशेन के सकारात्मक दृष्टिकोण की प्रशंसा की, उन्होंने कहा कि हालांकि उनका आउट होना काफी नरम था, लेकिन उनका मानना है कि लाबुशेन ने सीरीज के आगे बढ़ने के साथ और अधिक रन बनाने के लिए एक ठोस मंच तैयार किया है।

## विनोद सिंह ने 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में रचा इतिहास

### बालक अंडर-20 वर्ग के 5000 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक



**भोपाल(हि.स.)।** भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में 7 से 11 दिसंबर 2024 तक आयोजित 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के एथलीट विनोद सिंह ने बालक अंडर-20 वर्ग के 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रच दिया। विनोद ने 14:12.67 मिनट के प्रदर्शन के साथ न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि नई मीट रिकॉर्ड भी बनाई। यह जानकारी मंगलवार को जनसंपर्क अधिकारी दुर्गेश रायकवार ने दी। उन्होंने बताया कि इसी इवेंट में अकादमी के एक अन्य प्रतिभाशाली एथलीट विकास कुमार बिंद ने 14:13.52 मिनट के प्रदर्शन के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया, जो पिछले मीट रिकॉर्ड से बेहतर था। गौरतलब है कि यह पूर्व रिकॉर्ड भी अकादमी के एथलीट सुनील डावर के नाम था, जिन्होंने 14:13.95 मिनट का समय दर्ज किया था।

## लंका टी10 सुपर लीग 2024 आज से हिस्सा ले रही सभी 6 टीमें घोषित

**कैंडी(हि.स.)।** बहुप्रतीक्षित 2024 लंका टी10 सुपर लीग 11 दिसंबर से पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हो रही है, जो श्रीलंकाई क्रिकेट में एक नया अध्याय लिखेगी। छह फ्रैंचाइज़ियों की भागीदारी वाला यह टूनार्मेंट कैंडी के खूबसूरत मैदान पर क्रिकेट के रोमांचक ब्रांड का प्रदर्शन करेगा। टूनार्मेंट के आयोजकों ने आधिकारिक तौर पर सभी छह फ्रैंचाइज़ियों के लिए पूरी टीम की सूची जारी कर दी है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय सितारों और स्थानीय प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण है। लीग ने सभी फ्रेंचाइजी में प्रतिभाओं की एक असाधारण सूची तैयार की है। प्रमुख कोच के रूप में महान श्रीलंकाई गेंदबाज चमिंडा वास के मार्गदर्शन में कोलंबो जगुआर में श्रीलंका के पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज सहित उभरते सितारे मथिशा पथिराना, बहुमुखी कामिंदु मेंडिस, पाकिस्तान के आसिफ अली और विस्फोटक सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय जैसे शीर्ष सितारे शामिल होंगे।

अनुभवी ग्राहम फोर्ड द्वारा प्रशिक्षित गॉल मार्वल्स में स्पिन जादूगर महेश थीक्षाना, विस्फोटक भानुका राजपक्षे, तेज गेंदबाज बिनुरा फर्नांडो और अंग्रेजी स्टार एलेक्स हेल्स और ल्यूक वुड शामिल हैं।

## मेलबर्न रेनेगेड्स में शामिल हुए मार्कस हैरिस, जेवियर क्रोन



**मेलबर्न(हि.स.)।** मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) 14 से पहले विक्टोरियन स्टार मार्कस हैरिस और जेवियर क्रोन के साथ करार किया है। हैरिस, अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज हैं, जो बीबीएल 8 चैंपियनशिप जीतने वाली टीम का हिस्सा रह चुके हैं। हैरिस ने इस घरेलू सत्र की शानदार शुरूआत की है। विक्टोरिया के लिए अभियान की शुरूआत करते हुए, उन्होंने वन-डे कप के पहले मैच में अर्धशतक बनाया और इसके बाद शेफील्ड शील्ड में एक शतक और एक और अर्धशतक लगाया। हैरिस ने मंगलवार को क्लब की ओर से जारी एक बयान में कहा, रेनेगेड्स के साथ वापस आना बहुत अच्छा है। व्हाइटी (कैमरन व्हाइट) के आने और क्लब द्वारा बनाई गई टीम के साथ यह रोमांचक है। मैं उस स्थिति में वापस जाने के लिए उत्सुक हूं, जहां मैंने अपना अधिकांश बीबीएल खेला है।

## भारत एशियाई कप 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बांग्लादेश के साथ है। सोमवार को कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में आयोजित ड्रॉ में 24 टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया। केवल छह ग्रुप विजेता ही क्वालीफाई करेंगे और उन 18 टीमों में शामिल होंगे जिन्होंने क्वालीफाइंग के दूसरे दौर के बाद पहले ही एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के लिए अपना टिकट बुक कर लिया है। क्वालीफायर फाइनल राउंड 25 मार्च, 2025 और 31 मार्च, 2026 के बीच होम-एंड-अवे प्रारूप में छह मैच दिनों में खेला जाएगा। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत, अपने इतिहास में पहली बार लगातार तीन एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखते हुए।

## राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियों ने बजाया डंका

### हरियाणा को हराकर झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम बनी चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

68वी राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2024-25 में झारखंड की बेटियों ने जीत का डंका बजा दिया है। जम्मू कश्मीर में 6 दिसंबर से शुरू हुए अंडर 17 बालिका वर्ग राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने हरियाणा को 1-0 से पराजित कर चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया है। झारखंड की ओर से अनुष्का कुमारी ने एक गोल किया। इस टीम इमरान खान कोच और बिंदु कुजूर टीम मैनेजर की भूमिका में है। झारखंड की शानदार जीत पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल प्रभाग के अन्य पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। 68वी राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2024-25 के अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में चैंपियन बनकर झारखंड की बालिका टीम आज बुधवार को रांची लौटेगी। रांची में टीम का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में बालिका टीम के सम्मान में स्वागत समारोह भी किया जाएगा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा

## अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने का करेंगे प्रयास

### रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर का आज संभालेंगे पदभार



संजय मल्होत्रा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को कहा कि 11 दिसंबर को आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने के बाद वे सभी नजरियों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने की कोशिश करेंगे। सरकार ने संजय मल्होत्रा को एक दिन पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का अगला गवर्नर नियुक्त किया है। आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को वित्त मंत्रालय के बाहर पत्रकारों के पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि किसी को भी क्षेत्र, सभी दृष्टिकोणों को समझना होगा और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करना होगा। संजय मल्होत्रा ने कहा कि 11 दिसंबर को आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने के बाद वह सभी दृष्टिकोणों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम कार्य करने का प्रयास करेंगे। संजय मल्होत्रा ऐसे समय में आरबीआई के 26वें गवर्नर का पदभार संभालने जा रहे है, जब विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करने का दबाव है।

### शक्तिकांत दास ने कार्यकाल के अंतिम दिन सहयोगियों का जताया आभार

**कहा, राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय पिछले 6 वर्षों में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा**



**मुंबई/नई दिल्ली (हि.स.)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कार्यकाल के अंतिम दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अपने सहयोगियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने केंद्रीय बैंक का नेतृत्व करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि पिछले छह साल में राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा। शक्तिकांत दास 12 दिसंबर, 2018 को आरबीआई के गवर्नर बनाए गए थे। बाद में तीन साल के लिए उनके कार्यकाल में विस्तार किया गया था। दास ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन प्रेस कांफ्रेंस करके अपने अनुभवों को साझा करने के साथ सभी का धन्यवाद किया।


## दिनभर उतार-चढ़ाव के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी।

बाजार खुलने के बाद तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिशें शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.006 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज की कारोबार का अंत किया। आज के कारोबार के दौरान आईटी, मेटल, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसके साथ ही कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर पावर, मीडिया और टेलीकॉम सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा।

## गूगल मैप्स ने की भारतीय डेवलपर्स को अधिक सुविधाएं देने की घोषणा

### मासिक सीमा तक मैप्स, रूट्स, स्थान और एनवायरमेंट प्रोडक्ट्स तक मुफ्त पहुंच होगी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

गूगल ने भारतीय डेवलपर्स को अपने मैप्स प्लेटफॉर्म से अधिक सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की है। इसमें रूट्स, स्थान और एनवायरनमेंट एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट किट (एसडीके) तक निःशुल्क पहुंच शामिल है। 1 मार्च, 2025 से डेवलपर्स को मासिक सीमा तक मैप्स, रूट्स, स्थान और एनवायरमेंट प्रोडक्ट्स तक मुफ्त पहुंच प्राप्त होगी, जिससे उन्हें बिना किसी अग्रिम लागत के निकटवर्ती स्थान और डायनामिक स्ट्रीट व्यू जैसे विभिन्न उत्पादों को आसानी से एकीकृत कर पाएंगे।

गूगल मैप्स प्लेटफॉर्म के प्रोडक्ट मैनेजमेंट के वरिष्ठ निदेशक टीना वेयंड ने कहा, भारत में इसका मतलब यह है कि आज हम जो 200 डॉलर का मासिक क्रेडिट प्रदान करते हैं, उसके स्थान पर डेवलपर्स जल्द ही हर महीने 6,800 डॉलर तक की वैल्यू की मुफ्त सेवाओं का उपयोग कर पाएंगे। इससे डेवलपर्स को बेहतर समाधान बनाने और बिना किसी लागत के गूगल एपीआई और एसडीके के साथ प्रयोग करने की सुविधा मिलेगी। डेवलपर्स को केवल तभी भुगतान करना होगा, जब वे फ्री उपयोग की सीमा पार कर लेंगे।

## म्यूचुअल फंड एयूएम नवंबर में पहली बार 68 लाख करोड़ रुपये के पार

### एसआईपी निवेश 25,320 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत में म्यूचुअल फंड (एमएफ) की एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) नवंबर में बढ़कर 68.08 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जो कि अक्टूबर में 67.25 लाख करोड़ रुपये थी। यह जानकारी एसोसिएशन फॉर म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के डाटा से मंगलवार को मिली। म्यूचुअल फंड्स इंडस्ट्री का एयूएम बढ़ने के बाद भी एमएफ स्कीमों में इनफ्लो नवंबर 2024 में मासिक आधार पर गिरकर 35,927.3 करोड़ रुपये रहा गया है, जो कि अक्टूबर में 41,865.4 करोड़ रुपये था। बीते महीने लार्जकैप फंड में इनफ्लो 26.3 प्रतिशत गिरकर 2,547.9 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पहले 3,452.3 करोड़ रुपये था। हालांकि, इस दौरान स्मॉलकैप में निवेश 9 प्रतिशत बढ़कर 4,112 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पहले 3,772 करोड़ रुपये था। वहीं, मिडकैप में निवेश 4.3 प्रतिशत बढ़कर 4,883.4 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पहले 4,683 करोड़ रुपये था। नवंबर में सेक्टोरल और थीमैटिक फंड में इनफ्लो घटकर 7,658 करोड़ रुपये रह गया है, जो कि अक्टूबर में 12,278 करोड़ रुपये था। इस दौरान ईटीएफ में निवेश कम होकर 1,531.2 करोड़ रुपये रह गया है, जो कि अक्टूबर में 13,441.8 करोड़ रुपये था। इक्विटी-लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) में निवेश में वृद्धि देखी गई, जो अक्टूबर के 362 करोड़ रुपये से बढ़कर नवंबर में 618.5 करोड़ रुपये हो गई। देश में नवंबर में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में निवेश 25,320 करोड़ रुपये रहा, जो अक्टूबर में 25,323 करोड़ रुपये था। अक्टूबर के बाद यह लगातार दूसरा मौका है, जब एसआईपी निवेश 25,000 रुपये के आंकड़े को पार कर गया। नवंबर 2024 में एसआईपी खातों की संख्या 10,22,66,590 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो अक्टूबर में 10,12,34,212 और सितंबर में 9,87,44,171 थी।

## तीन बच्चों की मां ने कुआं में कूदकर की आत्महत्या

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के केतार गांव के चतुभुर्जी मंदिर के समीप पिंटू प्रसाद की पत्नी पुजा देवी (26) ने मंगलवार की शाम घर के समीप कुआं में कुदकर आत्महत्या कर ली। मृतिका के पुजा देवी के पति पिंटू प्रसाद ने बताया की दिनभर मजदुरी कर शाम को घर लौटा था, जहां पत्नी से मामुली विवाद हुआ। इसके बाद पत्नी पुजा देवी ने गुस्से में आकर घर के समीप कुआं में कुद गयी। उक्त घटना के बाद परिजनों के द्वारा शोरगुल मचाने के बाद काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गये।

# जर्जर भवन व टूटे फर्श में नौनिहालों का प्रारंभिक जीवन



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** सिलीदाग पंचायत के पासी टोला स्थित आँगनवाड़ी केंद्र का हाल बेहाल है। आँगनवाड़ी केंद्र का मुख्य उदेश्य गरीब-मजदूर और माध्यम वर्ग के ग्रामीणो को स्वास्थ्य, पोषाहार और पोषण और बेहतर स्वास्थ्य जानकारी देना हैं जिससे बच्चे, किशोरी, धात्री, गर्भवती और महिलाओ को बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा और पोषण से भरपूर आहार ले सके और कोई भी कुपोषित न हो।

लेकिन इस केंद्र का भवन ही कुपोषित है जिसका फर्श और छत दोनों की हालत जर्जर हैं। भवन और बरमदा का फर्श कबड गया हैं जिससे जहरीले जीव जंतुओ और कीड़े मकोड़े का पनाहगार बन गया हैं इसी में छोटे -छोटे नवनिहालो को प्रारंभिक शिक्षा दिया जाता हैं।

भवन की छत और फर्श की ऐसी स्थिति हैं की कभी भी कोई हादसा हो सकता हैं।

इस संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उषा बतायी की भवन की स्थिति ऐसी हैं की बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता हैं और अगल बगल के लोग छत पर गोबर का चिपरी पाथते हैं, भवन के बगल में कूड़ा कचरा भी फेकते हैं साथ ही मुख्य द्वार पर ही गाय बैल बांध देते हैं। माना करने पर झगड़ा करने लगते है। जर्जर भवन के विषय में मुखिया को बतायी थी तो बोली की इस भवन के बने अभी पांच वर्ष पूरा नहीं हुआ है इसीलिए इस पर सरकारी योजना नहीं हो सकता। आँगनवाड़ी के लिए आवश्यक है साफ-सुथरा भवन, शौचालय, साफ पानी, खेल का मैदान,बच्चों के खेलने की सामग्री इत्यादि लेकिन इस केंद्र में उक्त कोई भी व्यवस्था नहीं।

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ सुयोग्य लाभुकों को समय देने का दिया निर्देश

# 13 लाभुकों को सीएम स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि का अनुमोदन

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।



इस बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि हेतु प्राप्त आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। आवेदनों की समीक्षा के उपरांत कुल 13 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। बैठक में अनुसूचित जाति के 01, अनुसूचित जनजाति के 04 तथा पिछड़ी जाति के 08 आवेदकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ देने के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया। अनुमोदित 13 आवेदनों में से 2 कैंसर पीड़ित मरीजों के आवेदन हैं।

उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को अनुमोदन के उपरांत अविलम्ब सभी लाभुकों को अनुदान राशि को जल्द से जल्द हस्तान्तरित करने का निर्देश दिया। इस योजना के तहत लाभ के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत झारखंड राज्य में निवासरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ परिवार राशन कार्डधारी, अंत्योदय राशन कार्डधारी, हरा कार्डधारी योग्य होंगे।

**इन्हें मिलेगा लाभ :** लाभुक किसी भी तरह की बीमारी अथवा किसी शल्य चिकित्सा के कारण (गर्भावस्था व प्रसव को छोड़कर) पीड़ित, कोविड-19 से संक्रमित व कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित को योजना का लाभ मिलेगा।

**आवेदन करने की प्रक्रिया :** अनसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के आवेदक आनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, सिविल सर्जन / प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत बीमारी से संबंधित प्रमाण पत्र, प्रतिवेदन या अभिप्रमाणित दस्तावेज, आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर देना होगा ।

**वयस्क लाभुको को इस योजना की राशि प्रदान की जाएगी :** किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी, अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम तो 3000 व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को 5000 की राशि देय होगी। साथ ही कोविड-19 से संक्रमित होने की स्थिति में यदि पीड़ित का इलाज घर में हुआ हो तो उसे 5000 रुपये और यदि पीड़ित का इलाज अस्पताल में हुआ हो तो 10000 की राशि देय होगी। इसके अलावा कैंसर से पीड़ित होने पर लाभुक को 25000 रुपये मिलेंगे। अवयस्क लाभुकों को किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी/अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम पर 1500 रुपये व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को 2500 की राशि मिलेगी। कोविड-19 से संक्रमित होने की स्थिति में यदि पीड़ित का इलाज घर में हुआ हो तो उसे 2500 और इलाज अस्पताल में हुआ हैं तो 5000 व कैंसर से पीड़ित को 15000 हजार रुपये देय होंगे। इस बैठक में सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, लातेहार विधायक प्रतिनिधि पवन कुमार , मनिका विधायक प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद यादव समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जपला रेलवे स्टेशन पर चले सघन टिकट चेकिंग अभियान में दस व्यक्ति गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा बिना टिकट रेल यात्रा करने पर लगाम सहित यात्री जागरूकता हेतु लगातार सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के निर्देश पर मंगलवार को जपला स्टेशन पर टिकट चेकिंग का मेगा ड्राइव चलाया गया। इस मेगा ड्राइव के दौरान बिना टिकट या उचित प्राधिकार के यात्रा वाले 2 व्यक्तियों को पकड़ा गया जिन्हें जुर्माने के बाद छोड़ा गया। जबकि इस दौरान आरपीएफ ने महिला व विकलांग बोगी में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे आठ लोगो को पकड़ा। इस संबंध में आरपीएफ के पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार मीना ने बताया की पकड़े गए आठ लोगों को अग्रेतर कारवाई के लिए मेदिनीनगर रेल न्यायालय भेज दिया गया है। इस मेगा टिकट चेकिंग ड्राइव में वाणिज्य अधिकारी के साथ टिकट चेकिंग कर्मी व आरपीएफ कर्मी तैनात रहे। मेगा ड्राइव विशेष कर पैसेंजर ट्रेनों, इंटरसिटी ट्रेनों तथा अनारक्षित श्रेणी के कोच में विशेष चेकिंग कि गयी। बुकिंग पर्यवेक्षक राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि अभियान के दौरान टिकट काउंटरों पर बढ़ी हुई भीड़ देखी गई और यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता का प्रसार हुआ। उन्होंने बताया कि इस तरह के मेगा टिकट चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि बिना टिकट कभी भी रेल यात्रा न करें। यह दंडनीय है। रेलवे का सहयोग करें और सभी की सुविधा हेतु सदैव रेल टिकट लेकर चयनित श्रेणी में ही रेल यात्रा करें। मौके पर टीटीई आशीष कुमार, मुख्य माल पर्यवेक्षक प्रशांत कुमार, आरपीएफ के एसआई कार्तिक बिंझा, एएसआई जेपी प्रसाद, जेपी यादव आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री से मिलकर झामुमो नेता मनोज चौधरी ने दी बधाई



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** पूर्व प्रखंड बीस सुत्री उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता मनोज चौधरी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने व राज्य में गठबंधन की सरकार बनने की बधाई दी है। मनोज चौधरी ने कहा कि राज्य में प्रचंड बहुमत से इंडिया गंठबंधन की सरकार बनी है जिससे यहां की जनता और झामुमो कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। जिस प्रकार से राज्य की जनता ने अबुआ सरकार को अपना समर्थन दिया है उससे विपक्ष को सबक लेने की आवश्यकता है। विपक्ष के फुट डालो राज करो कि नीति को झारखंड की जनता ने सिरे से नकार दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही प्रदेश का विकास संभव है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अबुआ सरकार सफलता के साथ अपना कार्यकाल पूरा करेगी। पिछली सरकार में विकट परिस्थितियों में सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल उतारने का कार्य किया था। आगे भी गांव गांव जाकर सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने का कार्य किया जायेगा।

## राजद युवा नेताओं ने कैबिनेट मंत्री से मिलकर दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** राष्ट्रीय जनता दल के लातेहार युवा राजद कार्यकर्ता युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव के नेतृत्व में राजद प्रदेश अध्यक्ष एवं नव चयनित कैबिनेट मंत्री झारखंड सरकार संजय प्रसाद यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव से रांची में मिलकर बधाई दिए। राजद युवा कार्यकर्ताओं ने रांची स्थित राजद प्रदेश कार्यालय में राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव सह विधायक हुसैनाबाद एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव को बुके देकर बधाई दी। वहीं राजद कोटे से नव चयनित श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव को युवा कार्यकर्ताओं ने बुके देकर बधाई दिया। मौके पर युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव ने कहा कि झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल का अच्छा प्रदर्शन रहा है। झारखंड में पुनः गठबंधन की सरकार बनाए जाने पर हम कार्यकर्ता बेहद खुश हैं। राज्य की जनता को साधु वाद किया। वहीं बधाई देने वालों में से युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव के अलावे युवा जिला महासचिव दिलीप यादव, युवा समाजसेवी प्रयाग यादव, राजन यादव सहित कई लोगों का नाम शामिल है। मौके पर प्रदेश के कई राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।



## 600 धान का बोझा जलकर खाक, डेढ़ लाख रुपये संपत्ति का नुकसान

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के देवरी कला पंचायत स्थित कुसुआ गांव में रविवार को खलिहान में आग लग जाने से 600 बोझा धान जलकर राख हो गया। अगलगी का कारण का पता नहीं चल पाया है। बताया जाता है कि खलिहान में गांव के केदार सिंह का 600 बोझ धान रखा था। रविवार को करीब देर शाम में खलिहान में अचानक आग लग गई।

# बुढ़ापे का सहारा वृद्धावस्था पेंशन 3 महीने से है बंद

- पेंशन राशि नहीं मिलने से आहत भटक रहे वृद्ध

नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार (पलामू)।** नावाबाजार प्रखंड के रबदा पंचायत स्थित पतरिया गांव निवासी पांच वृद्धों का समुह मंगलवार को बाना मोड़ बैठे थे। सभी के चेहरों पर गजब का मुस्कान व आपसी प्रेम था। लेकिन वे सभी सरकारी व्यवस्था को कोसते हुए देखे गए। इन वृद्धों को वृद्धावस्था पेंशन पिछले तीन माह से नहीं मिला। यह पेंशन उनके जरुरतों को पूरा करने का एक मात्र साधन है। वृद्ध जगदीश यादव, राधा यादव, शुकूल यादव, संतोषी यादवव देवकी यादव ने बताया कि इन सभी का वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रहा है। जो की इनके आजीविका का एक मात्र साधन है। इसकी जानकारी प्राप्त करने व एक बार फिर से पुनः भुगतान जल्द ही सके इस पर प्रखंड के बाबू लोगों से बात करेंगे। प्रशासनिक व्यवस्था की विवशता के कारण सभी इस कंपकंपाती ठंड में नावाबाजार जाने को विवश हैं। उन्होंने बताया कि वे पेंशन मिलने की आस में बैंकों का भी चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन हर बार उन्हें निराश होकर घर लौटना पड़ता है। जहां बताया जाता है कि नावाबाजार प्रखंड कार्यालय से जानकारी प्राप्त करें। इसमें से कई लोग ऐसे हैं, जिनके लिए पेंशन ही गुजारे का माध्यम है। लेकिन उनकी दुखड़ा सुनने वाला कोई नहीं है बुजुर्गों ने बताया कि को 3 महीना से वृद्धा पेंशन रुका हुआ है। पेंशन की आस में अब लगता है की प्राण पखेरु ना उड़ जाए।



### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मेगा अपार दिवस मनाया गया

# सभी छात्र-छात्रों का बनाया जाएगा अपार आईडी कार्ड

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** शहर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में दो दिवस अपार दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पहले दिन छात्रों के अभिभावकों को अपार कार्ड की जानकारी दी गयी। वही पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हर छात्र छात्रओं को डिजीटल पहचान दिलाने के लिए सरकार के द्वारा अपार आईडी कार्ड बनाया जा रहा है। उन्होने बताया कि अपार आईडी में छात्र की पूरी पढ़ाई-लिखाई का डिटेल होगा। इस आईडी कार्ड छात्रों के लिंग, जन्मतिथि,अभिभावकों का पता और फोटो के अलावा उनकी शैक्षणिक योग्यता आदि का डिटेल रहेगा।



उन्होने बताया कि इसके अलावा इसमें मार्कशीट, सर्टिफिकेट, डिग्री-डिप्लोमा प्रमाण पत्र, कैरेक्टर सर्टिफिकेट, स्कूल ट्रांसफर सर्टिफिकेट सहित अन्य दस्तावेज जैसे डेटा भी शामिल होगें। उन्होने आगे कहा कि योजना के अनुसार भारत सरकार की ओर से प्रत्येक छात्रों को 12 अंकों का एक यूनिक नंबर जारी किया जाएगा। इस अपार आईडी में छात्रों में छात्रों की पढ़ाई से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी उपलब्ध रहेगी।

इसमें मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम व पीटीएम उपस्थिति सहित अन्य जानकारी भी रहेगी। अपार दिवस के पहले दिन कक्षा चार बी के वर्ग शिक्षक अगस्त राज ने अभिभावकों को अपार कार्ड की पूरी जानकारी दी। उन्होने आधार कार्ड समेंत अन्य सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

## दो माह बाद की प्रखंड समन्वयक की प्रतिनियुक्ति

**हैदरनगर।** डीसी पलामू के जारी आदेश के आलोक में हैदरनगर के बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने पूर्व प्रखंड समन्वयक की प्रतिनियुक्ति की है। उन्होंने सोनल कुमार शर्मा प्रखंड उधमी समन्वयक (सीएम लघु एवं कुटीर उधम विकास बोर्ड) को आवास से संबधित सभी कार्यो क निष्पादन ससमय करने के लिए अतिरिक्त प्रभार लेने का लिखित आदेश जारी किया है। ज्ञात हो कि हैदरनगर के पूर्व प्रखंड समन्वयक को विभिन्न शिकायतों की जांच के बाद 7 अक्टूबर को ही कार्य मुक्त कर दिया गया है। इसके बाद अबुआ योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्य बाधित होने पर इस योजना के क्रियान्वयन में गति लाने को लेकर जिला प्रशासन यह कदम उठाया है। उन्होंने सोनल कुमार शर्मा को आदेश पत्र जारी कर हैदरनगर प्रखंड अन्तर्गत प्रखंड समन्वयक का तत्काल प्रभाव से प्रभार लेना सूनिश्चित करने को कहा है।

## मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मंगलवार को सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित अनुसूचित जाति बालिका उच्च विद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन चतरा व जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के संयुक्त तत्वाधान में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता चिंतामणि पाठक ने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) में व्यापक जनसंहार से विश्व के मानस पटल पर मानवीय मूल्यों के संरक्षण का सतत चिंता होने लगी इस चिंतन पर प्रस्ताव दिए गए जिसे संयुक्त राष्ट्र के सदन में 10 दिसंबर 1948 को मान्यता प्रदान किया गया। इसके बाद उक्त दिवस को मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सभी लोग को मानवाधिकार के प्रति और अपने हर हक के लिए सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों पर सजग होकर उपयोग करते हुए संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप शांतिमय जीवन यापन की विधिक जानकारी भी दी। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन संचालन समिति के क्रियाशील सदस्य धर्मवीर बैठा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलभी सुबोध कुमार शर्मा, रंजन कुमार मिश्रा, उमेश प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रवेश केवट, वरिष्ठ शिक्षक राम पदारथ सिंह आदि शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### बारियातू पुलिस ने लगभग चार एकड़ में लगी पोस्ता कि खेती को किया नष्ट



**बारियातू।** पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी कि मिली गुप्त सुचना के आधार पर बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व मे टीम गठन कर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिबला, कलीटांड़ व झिरमतकोमा इत्यादि गावों में सिमरिया थाना क्षेत्र से सटे सीमावर्ती जंगल क्षेत्रों में लगभग 4 एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर के माध्यम से जुताई कर एवं डंडा से पीटकर विनष्ट किया गया। इसके अलावे झिरमतकोमा गांव में करीब 1 एकड़ गांजा के फसल को भी बर्बाद किया गया है। वही थाना प्रभारी ने कहा कि और आगे भी मादक पदार्थों के विरुद्ध ऐसी करवाई की जाती रहेगी. आगे उन्होंने कहा कि अवैध पोस्ता, गांजा की खेती करने वाले सुधर जाएं अन्यथा जेल जाने के लिए तैयार रहें। साथ हीं उन्हें सपोर्ट करने वाले तथा व्यापार करने वाले दलालो के लिए भी चेतावनी है। मौके पर छापामारी दल में शामिल पु.अ.नि. जितेंद्र कुमार, एएसआई सुरेश सिंह एएसआई नीरज दुबे, एएसआई छोटू पांडा एएसआई रवि किशोर तिवारी सहित थाना सशस्त्र बल एवं चौकीदार शामिल थे।

### झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बने राजन, सचिन सौरव



**हरिहरगंज।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पीपरा प्रखंड कमेटी गठन को लेकर मंगलवार को मेदिनीनगर जिला कार्यालय में बैठक की गयी। जिसका अध्यक्ष जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा तथा संचालन जिला सचिव सन्नू सिद्दकी ने किया। इसमें संगठन मजबूती को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से पीपरा प्रखंड अध्यक्ष राजन सिंह उर्फ भोलू बाबू , सचिन सौरव कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विश्वनाथ राम, कोषाध्यक्ष बिंदेश्वरी पाठक, संगठन सचिव जनेश्वर रजवार तथा संयुक्त सचिव नीरज उरांव को बनाया गया है। मौके पर जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए पीपरा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया है। बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारी का माला पहनाकर स्वागत किया गया। वही जिला अध्यक्ष ने सभी को झामुमो पार्टी संविधान के अनुसार पार्टी हित में कार्य करने का निर्देश दिया। उधर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों को शत प्रतिशत पूरा करने की बात कही। इस अवसर मनोज कुमार सहित कई लोग उपस्थित थें।

### सीसीएल के सौजन्य से प्रवाहसंस्था ने मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**सिमरिया (चतरा)।** सीसीएलके सौजन्य से प्रवाह संस्था के द्वारा महिला उन्नयन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सिमरिया प्रखंड के सेरनदाग पंचायत भवन में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित महिला पर्यवेक्षिका, वार्ड सदस्य, सहिया साथी के द्वारा द्वीप प्रजवलन कर स्वास्थ शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में चयनित किशोरी, गर्भवती महिला एवं धात्री माताओं का हीमोग्लोबिन, ग्लूकोज शुगर जांच किया गया। साथ ही साथ लाभुकों को प्रोटीन पाउडर, आयरन, कैल्शियम टैबलेट, फोलिक एसिड, मल्टीविटामिन, एंटीऑक्सीडेंट, बुखार तथा गैस आदि की दवाइयां मुफ्त में दी गई। साथ ही साथ गर्भवती महिला, धात्री महिलाएं और किशोरियों के लिए पैड बैंक का उद्घाटन किया गया। यह बैंक आंगनवाड़ी मे संचालित रहेगी एवम अपने नजदीकी केंद्र से लाभुक पैड ले सकेंगी। प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा कि यह कार्य महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देगा तथा महिलाएं इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर स्वास्थ्य को प्राथमिकता देगी। कार्य क्रम में महिला पर्यवेक्षिका, वार्ड सदस्य, सहिया साथी, मुखिया, महिला उन्नयन योजना की प्रोजेक्ट मैनेजर राखी कुमारी, कम्युनिटी मोबाइलाइजर दिवाकर साव, निर्मला कुमारी, मीना कुमारी एवं चयनित किशोरी, गर्भवती महिला और धात्री महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### कोलकाता एयरपोर्ट पर...

57 वर्षीया डॉक्टर ने बताया कि एयरलाइन ने उन्हें डॉरमेट्री में रुकने का प्रस्ताव दिया, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। उन्होंने कहा, मैं अकेले यात्रा कर रही हूं, ऐसे में दूसरों के साथ डॉरमेट्री में कैसे रुक सकती हूं? उन्होंने बताया, बाद में शाम में उन्हें और एक अन्य महिला को एयरपोर्ट पर होटल में एक-एक कमरा दिया गया। अन्य यात्रियों को एयरपोर्ट पर डॉरमेट्री में जगह दी गई। डॉ कश्यप ने बताया कि उनके भाई, जो मुंबई से उसी एयरलाइन की फ्लाइट से बागडोगरा जा रहे थे, वहां आसानी से पहुंच गए। उन्होंने कहा कि हमें खराब मौसम के कारण फ्लाइट रद्द होने की जानकारी दी गई, लेकिन मेरे भाई की फ्लाइट बागडोगरा में उतर गई। वहीं, एक समाचार एजेंसी के अनुसार, एयरलाइन के कर्मचारियों ने बताया कि सुबह 7:40 बजे कोलकाता से बागडोगरा के लिए रवाना हुई फ्लाइट को खराब मौसम के कारण डायवर्ट करना पड़ा। दोपहर 12:45 बजे की फ्लाइट रद्द कर दी गई। एक कर्मचारी ने कहा कि हम फंसे हुए यात्रियों की हर संभव मदद कर रहे हैं। डॉ कश्यप ने राष्ट्रीय नवीन मेल से कहा, मैं एयरपोर्ट पर छह घंटे तक फंसी रही। होटल में चाय और रात का खाना देने से भी इनकार कर दिया गया, जब तक एयरलाइन से आदेश नहीं मिला। उन्होंने कहा, एक न्यूज एजेंसी वाले ने जब हस्तक्षेप किया, तो इंडिगो एयरलाइन के कर्मचारियों ने फोन उठाया और तब चाय और रात के खाने की व्यवस्था हुई।

### डॉ भारती की उपलब्धियां...

झारखंड से सबसे ज्यादा डायबिटिक मरीजों का रिसर्च डाटा ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी को उपलब्ध कराना।

देश की पहली आईएमए की शाखा की नेतृत्वकर्ता, जिसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ आधिकारिक पार्टनर बनाने की पेशकश स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# श्रीराम बारात वापसी पर अयोध्या में दिखा त्रेतायुग जैसा भव्य नजारा

**एजेंसी । अयोध्या**

अवध नरेश के चारों बेटे विवाह रचाकर अपनी दुल्हनों संग सोमवार की रात अयोध्या वापस आए। विद्या कुंड पर रात्रि विश्राम के बाद चारों विवाहित जोड़ों का नगर भ्रमण प्रारंभ हुआ। देखने वालों को ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानों त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम भाइयों समेत लौटे हैं। अयोध्यावासियों ने पलक पांवड़े बिछाकर नवविवाहितों का अतिशय उल्लास सहित मंगल कलशों के साथ अगवानी और सत्कार किया। पीतवसना महिलाओं ने बधाई एवं मंगल गीत गाए गए। खूब आतिशबाजी की गई। गाजे-बाजे के साथ साकेत महाविद्यालय से शुरू हुआ नगर भ्रमण का पूरा रास्ता लोगों के नाचते-गाते जयकारे लगाते ही कटा। फूलों की पंखुड़ियों की परत से सारा रास्ता सुवासित और शोभायमान हो उठा। श्रीराम लला मंदिर के मुख्य द्वार पर तीर्थ क्षेत्र की ओर से ट्रस्टी अनिल मिश्र, शैलेंद्र शुक्ल व अन्य पदाधिकारियों ने सारी व्यवस्था संभाली। जगह-जगह बहुत ही सुंदर रंगोलियां सजाई गई थीं। इसके आगे हनुमान गढ़ी और छोटी देवकाली के सामने से लेकर वीणा चौक तक नाचते-गाते लोगों का हुजूम फूलों की बौछार से काली सड़क को रंगीन किए दे रहा था। उमंग और उत्साह में सारे अयोध्यावासियों की भीड़ घर के बाहर हर्षोल्लास में नाच गा रही थी। मानो उनका अपना भाई-बेटा सेहरा बांध कर दुल्हन घर लाया हो। विदित हो कि विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज के संयोजन में तिलकोत्सव और विवाहोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। दशरथ की भूमिका में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने निभाई। नगर भ्रमण के अंत में कारसेवक पुरम की भरतकुटी में चारों भाइयों और उनकी पत्नियों के स्वरूपों की विधि-विधान से आरती उतारी गई।


नवविवाहितों का उल्लास सहित मंगल कलशों के साथ हुआ स्वागत

## प्रधानमंत्री आज करेंगे कवि सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन



**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को महान तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री बुधवार दोपहर 1 बजे, 7 लोक कल्याण मार्ग में तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन करेंगे।

## इल्तिजा मुफ्ती पर की जाए सख्त कार्रवाई : हिंदू जनजागृति समिति

**कोलकाता (हि.स.)।** हिंदू जनजागृति समिति ने जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। समिति ने इल्तिजा द्वारा प्रभु श्रीराम और हिंदू धर्म पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया है। हाल ही में, इल्तिजा मुफ्ती ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, हिंदुत्व एक बीमारी है, जिसने करोड़ों भारतीयों को अपनी चपेट में ले लिया है और भगवान के नाम को कलंकित किया है। प्रभु श्रीराम को शर्म आनी चाहिए। इस बयान को लेकर हिंदू जनजागृति समिति ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

## रूसी रक्षा मंत्री से राजनाथ ने रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** मॉस्को की यात्रा पर गए राजनाथ सिंह ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव से बातचीत की। उनके साथ नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और अन्य रक्षा अधिकारी थे। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक चुनौतियों और सार्वजनिक तथा निजी दोनों स्तरों पर भारत पर भारी दबाव के बावजूद भारत ने सचेत निर्णय लिया है कि देश न केवल रूस के साथ घनिष्ठ संपर्क जारी रखेगा, बल्कि हमारे संपर्क को और मजबूत तथा विस्तारित भी करेगा।

## 'जॉय बांग्ला' अब बांग्लादेश का राष्ट्रीय नारा नहीं, एससी ने लगाई रोक

**ढाका।** बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 'जॉय बांग्ला' को राष्ट्रीय नारा घोषित करने के हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद गठित अंतरिम सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। द डेली स्टार समाचार पत्र के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सैयद रेफअत अहमद की अध्यक्षता वाली अपीलीय प्रभाग की पीठ ने अंतरिम सरकार की याचिका पर सुनवाई की।

### गगनयान मिशन के लिए अभी और रिकवरी ट्रायल होंगे

# इसरो ने नौसेना के साथ किए 'वेल डेक' रिकवरी ऑपरेशन

- मानव अंतरिक्ष मिशन के सुरक्षा प्रोटोकॉल का है महत्वपूर्ण हिस्सा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

गगनयान मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय नौसेना के साथ 'वेल डेक' रिकवरी ऑपरेशन ट्रायल किए हैं। क्रू मॉड्यूल के 'वेल डेक' रिकवरी ट्रायल पूर्वी नौसेना कमान में विशाखापत्तनम के तट पर 'वेल डेक' शिप का उपयोग करके किए गए। गगनयान के लिए चल रही तैयारियों के तहत अभी और रिकवरी ट्रायल होंगे। इस ट्रायल में रिकवरी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो मिशन के सुरक्षा प्रोटोकॉल का महत्वपूर्ण हिस्सा है।भारत का लक्ष्य 2025 तक 400 किलोमीटर ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का है। इसरो के 'मिशन गगनयान' की क्रू रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा (डब्ल्यूएसटीएफ) में नौसेना के गोताखोरों और समुद्री कमांडो की एक टीम ने विभिन्न समुद्री परिस्थितियों में प्रशिक्षित किया है। इसरो के अनुसार गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के एक दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में लांच करके और भारतीय समुद्री जल में उतरा जाएगा। इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है। यह प्रशिक्षित टीम इसरो के 'मिशन गगनयान' की लांचिंग टीम में शामिल होगी। इसरो ने मंगलवार को बताया कि भारतीय नौसेना के साथ मिलकर गगनयान के लिए महत्वपूर्ण 'वेल डेक' रिकवरी ट्रायल 06 दिसंबर को किए गए, जो भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में एक मील का पत्थर है। इसरो के अनुसार एक अच्छी डेक वाला जहाज अपने डेक पर पानी भरने की सुविधा देता है, जिससे नावों, लैंडिंग क्राफ्ट और अंतरिक्ष यान की सुरक्षित डॉकिंग और रिकवरी संभव हो जाती है। इस व्यापक प्रक्रिया में रिकवरी बॉय को जोड़ने, क्रू मॉड्यूल को खींचने, वेल डेक जहाज में प्रवेश करने, क्रू मॉड्यूल की सटीक स्थिति निर्धारित करने तथा वेल डेक से पानी निकालने के परीक्षण शामिल थे। ऑपरेशन में 'वेल डेक' शिप का उपयोग करके क्रू मॉड्यूल के लिए रिकवरी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो मिशन के सुरक्षा प्रोटोकॉल का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गगनयान मिशन के लिए यह तकनीक अंतरिक्ष यात्रियों की अंतरिक्ष मिशन के बाद उनकी त्वरित और आरामदायक रिकवरी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण है। परीक्षणों के दौरान भारतीय नौसेना और इसरो द्वारा क्रू मॉड्यूल की 'वेल डेक' रिकवरी के लिए संचालन का क्रम चलाया गया। इस क्रम में रिकवरी बॉय को जोड़ना, टो करना, वेल डेक शिप में प्रवेश करना, फिक्सचर पर सीएम की स्थिति और वेल डेक से पानी निकालना शामिल है।

भारतीय नौसेना के नेतृत्व में इस ऑपरेशन में नौसेना के गोताखोर, समुद्री कमांडोमार्कोस, चिकित्सा विशेषज्ञ, तकनीशियन और नौसेना एविएटर शामिल हैं। दरअसल, मिशन के अंत में जब क्रू मॉड्यूल समुद्र में उतरता है, तो चालक दल को कम से कम संभव समय में आसानी के साथ रिकवर करना होता है। पसंदीदा विकल्पों में से एक क्रू मॉड्यूल को चालक दल के साथ जहाज के 'वेल डेक' के अंदर ले जाना होता है।



### ट्रायल का प्राथमिक उद्देश्य है रिकवरी समय को कम करना

इसरो ने कहा कि इस ट्रायल का प्राथमिक उद्देश्य रिकवरी समय को कम करना और क्रू मॉड्यूल के समुद्र में उतरने के बाद चालक दल के लिए कम से कम परेशानी न होने देना है। इन जटिल युद्धाभ्यासों का अभ्यास करके इसरो और भारतीय नौसेना का लक्ष्य सामान्य और अप्रत्याशित दोनों स्थितियों के लिए अपने मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को ठीक करना है। इसरो ने कहा कि गगनयान के लिए चल रही तैयारियों के तहत रिकवरी ट्रायल जारी रहेंगे। इसरो और नौसेना ने मई, 2023 में कोच्चि के वाटर सर्वाइवल ट्रेनिंग फैसिलिटी आईएनएस गरुड़ में गगनयान रिकवरी ट्रेनिंग प्लान जारी किया था।

### अब बाजार में नकली आलू भी

## नकली आलू खाइए बीमार होइए

- इस पर खतरनाक रसायनों का किया जाता है प्रयोग

**ब्यूरो । नई दिल्ली**

असली-नकली का चक्कर इलेक्ट्रॉनिक सामानों में ज्यादा देखने-सुनने को मिलता रहा है। लेकिन, अब यह सब्जियों में भी दिखने लगा है। चीनी लहसुन के बाद अब नकली आलू भी बाजार में बिकने की बात सामने आने लगी है।

मिलावटी सामान में अब किन खाद्य पदार्थों में क्या मिला है, बहुतों को नहीं पता है। इसमें अमीरों से ज्यादा मध्यम वर्गीय व गरीब परिवारों के लोग फंस रहे हैं, पीस रहे हैं, इसके चपेटे में आकर मर रहे हैं। मार्केट में तो हर तरह के मिलावटी सामान धड़ल्ले से बिक रहे हैं। खाने-पीने का सामान हो या फिर अन्य वस्तु, कुछ भी इससे अछूता नहीं रह गया है। कुछ रुपयों के लिए मुनाफाखोरों ने अब आलू को भी नहीं छोड़ा है।

नकली आलू भी धड़ल्ले से बिक रहा है, जो सेहत पर बहुत ही खराब असर डालता है। क्योंकि, नकली आलू पर खतरनाक रसायनों को प्रयोग किया जाता है, जिससे तबीयत खराब हो सकती है। ऐसे में यदि आप भी बाजार से आलू खरीदते हैं, तो सावधान हो जाएं।



### असली-नकली आलू की पहचान

- **केमिकल की गंध :** आलू खरीदने से पहले सूंघ कर देखें। असली आलू को सूंघने पर इसमें से प्राकृतिक सुगंध आती है। जब आप नकली आलू को सूंघते हैं, तो इसमें से केमिकल की गंध आती है। केमिकल वाला आलू हाथ में उठाने से केमिकल हाथ पर लग जाता है।
- **पानी में डुबा कर देखें :** नकली व असली आलू की पहचान आप पानी में डुबोकर भी कर सकते हैं। असली आलू को पानी में डालने से यह डूब जाता है, जबकि नकली आलू केमिकल के कारण कई बार पानी में तैरने लगता है।
- **काट कर देखें :** असली आलू को काटने पर वह अंदर व बाहर से एक जैसा दिखाई देता है। जबकि, केमिकल वाले आलू को काटने पर वह अंदर और बाहर से अलग-अलग दिखता है, तथा दोनों के रंग में बहुत अंतर होता है।

## कुवैत की 'ऐतिहासिक' यात्रा पर जल्द जा सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहयोग और साझेदारी को बढ़ाते हुए जल्द ही कुवैत की यात्रा कर सकते हैं। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस प्रमुख पश्चिम एशियाई देश की पहली यात्रा होगी। इस समय खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) की अध्यक्षता भी कुवैत के पास ही है। पिछले हफ्ते कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या ने अपनी भारत यात्रा के दौरान पीएम मोदी से मुलाकात की थी। उन्होंने कुवैत नेतृत्व की ओर से प्रधानमंत्री को 'शीघ्रतम अवसर मिलने पर' देश की यात्रा करने का निमंत्रण दिया था।

## सीरिया में अराजक और अस्थिर हालात : यूएन

### कहा, 16 मिलियन से अधिक लोगों को मदद की जरूरत

**एजेंसी । संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यकर्ताओं ने सीरिया में स्थिति को अराजक और अस्थिर बताया और कहा कि देश में 16 मिलियन से अधिक लोगों को मदद की जरूरत है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने सोमवार को कहा कि 28 नवंबर से 8 दिसंबर तक अकेले पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में 10 लाख लोग अपने घरों से विस्थापित हुए हैं। कार्यालय ने कहा कि हाल ही में विस्थापित हुए लोगों में मुख्य रूप से अलेप्पो, हामा, होम्स और इदलिब प्रांतों से महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्थिति बहुत अस्थिर है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार रास्ते ब्लॉक हो गए हैं, जिससे लोगों, सामान और मानवीय सहायता की आवाजाही सीमित हो गई है। ओसीएचए के अनुसार, नागरिक संपत्तियों और कारखानों के साथ-साथ मानवीय आपूर्ति रखने वाले गोदामों की लूटपाट की कुछ खबरें मिली हैं। कार्यालय ने कहा, चुनौतियों और अस्थिर स्थिति के बावजूद, हम और हमारे साझेदारों ने आपातकालीन मदद प्रदान करना जारी रखा है। हालांकि, कार्यालय ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति गंभीर हैं।

### सीरिया के विद्रोही गुटों ने की सैनिकों के लिए आम माफी की घोषणा

**दमिश्क।** सीरिया के विद्रोही गुटों ने अनिवार्य सेवा में भर्ती किए गए सभी सैन्य कर्मियों के लिए आम माफी की घोषणा की है। एक बयान में, विद्रोही गुटों के सैन्य अभियान विभाग ने ऐलान किया, "हम अनिवार्य सेवा के तहत सभी सैन्य कर्मियों को माफी देते हैं। उन्हें सुरक्षा की गारंटी दी जाती है।

## मुंबई के कुर्ला बेस्ट बस हादसे में पांच लोगों की मौत, 49 घायल



**एजेंसी । मुंबई**

मुंबई के कुर्ला में बेस्ट बस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में घायल 49 लोगों का इलाज सायन और भाभा अस्पताल में चल रहा है। इनमें 26 की हालत गंभीर हैं। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। बस ड्राइवर संजय मोरे (54) को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुर्ला पुलिस के अनुसार, सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे बेस्ट उपक्रम की बस (क्रमांक 332) कुर्ला से 60 यात्रियों को लेकर अंधेरी की ओर जा रही थी। एलबीएस मार्ग पर ड्राइवर संजय मोरे ने ब्रेक की बजाय एक्सीलेटर दबा दिया। इससे बस बेकाबू हो गई और राहगीरों सहित कई वाहनों को रौंदते हुए बाजार में घुसकर एक गेट से टकरा कर रुकी। इस हादसे में विजय विष्णु गायकवाड़ (70), आफरीन अब्दुल सलीम शाह (19), अनम शेख (20), कनीस फातिमा गुलाम कादरी (55), शिवम कश्यप (18) की मौत हो गई। गश्त कर रहे चार पुलिसकर्मियों सहित 49 लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल भाभा अस्पता, सायन अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। इनमें 26 घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### हाथरस में कंटनेर और मैजिक वाहन में टक्कर, सात की मौत

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में मंगलवार दोपहर मथुरा-बरेली राजमार्ग पर एक कंटनेर और मैजिक वाहन में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ढाई साल के बच्चा समेत सात लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिवार को दो-दो लाख रुपये और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये का आर्थिक सहयोग देने का अधिकारियों को निर्देश दिया है।

### ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी जानकारी

# पोप फ्रांसिस को भेंट की गई पीएम मोदी पर लिखी पुस्तकें

**ये पुस्तकें हैं 'मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी' और 'मन की बात : इग्नाइटिंग कलेक्टिव गुडनेस'**



**एजेंसी । नई दिल्ली**

पोप फ्रांसिस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लिखी गई पुस्तक 'मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी' और 'मन की बात : इग्नाइटिंग कलेक्टिव गुडनेस' भेंट की गई। इसकी जानकारी ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी। ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने इसकी फोटो भी शेयर की, जिसमें देखा जा सकता है कि भाजपा नेता अनिल एंटनी, पोप फ्रांसिस को पीएम मोदी की पुस्तक भेंट कर रहे हैं। ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, यह ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन के लिए बहुत गर्व की बात है, क्योंकि 'मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी' और 'मन की बात : इग्नाइटिंग कलेक्टिव गुडनेस' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन और नेतृत्व को दशार्ने वाली दो किताबें पोप फ्रांसिस को भेंट की गईं। वहीं, अनिल एंटनी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'भारतीय प्रतिनिधिमंडल के एक भाग के रूप में वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस से मिलकर बहुत धन्य हो गया। इस बातचीत के दौरान उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी की दो पुस्तकें 'मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी' और 'मन की बात : इग्नाइटिंग कलेक्टिव गुडनेस' भेंट की ह्राल ही में वेटिकन सिटी में आयोजित एक समारोह में भारतीय पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को पोप फ्रांसिस द्वारा पवित्र रोमन कैथोलिक चर्च के कार्डिनल के रूप में पदोन्नत किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस समारोह में भारतीय प्रतिनिधिमंडल को भेजा था, जिसमें अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन, सांसद सतनाम सिंह संधू, पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, कोडिक्कुन्निल सुरेश, अनिल एंटनी, अनूप एंटनी और टॉम वडक्कन शामिल थे। 'मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक का विमोचन 11 मई 2022 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में तत्कालीन उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने किया था। इस पुस्तक को रूपा प्रकाशन ने पब्लिश किया है। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 20 साल की राजनीतिक यात्रा के बारे में है, जिसमें गुजरात के तीन बार मुख्यमंत्री और बाद में उनके भारत के दो बार प्रधानमंत्री के रूप में शासन के बारे में बताया गया है। ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात @100 : इग्नाइटिंग कलेक्टिव गुडनेस' पर किताब लांच की थी। पीएम मोदी हर महीने अपने मासिक रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देशवासियों से संवाद करते हैं और कई विषयों से जनता को अवगत कराते हैं। इस दौरान देशवासियों से जुड़ी उपलब्धियों का जिक्र भी करते हैं।